स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित


लखनऊ, बुधवार
30 अप्रैल, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 3
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -248 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

# स्वतंत्र भारत

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

कनाडा चुनाव में मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी जीती (पेज 12)



# ‘तरीका, टारगेट और समय तय करे सेना’

## पहलगाम हमला : मोदी बोले - आतंकवाद को कुचलना हमारा राष्ट्रीय संकल्प




नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आतंकवाद से निपटने के लिए तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी। सूत्रों के मुताबिक, पीएम ने कहा, ‘आतंकवाद को करारा झटका देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। हमें भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा विश्वास है। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का तरीका, लक्ष्य और समय सेना तय करे।’ पीएम ने यह बात मंगलवार को तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान के साथ हाई लेवल मीटिंग में कही। यह बैठक डेढ़ घंटे से ज्यादा चली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, सीडीएस अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। बताया जा रहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए सभी शीर्ष अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक के बाद एक अधिकारी ने बताया कि उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद को करारा जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा बैठक में कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया का तरीका, लक्ष्य और समय निर्धारित करने की पूरी परिचालन स्वतंत्रता है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूर्ण विश्वास और भरोसा जताया। यह ऐसे समय में हुआ है जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा चिंताएं बढ़ गई हैं, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। इस बीच, पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर गहन आतंकवाद विरोधी अभियान चल रहे हैं, मामले से परिचित सूत्रों ने एएनआई को बताया। सूत्रों के अनुसार, चल रहे अभियानों की संवेदनशील प्रकृति के कारण इस स्तर पर कोई विशेष अपडेट साझा नहीं किया जा रहा है। सोमवार को, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त करने और आतंकी गतिविधियों से जुड़े व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी की। दूसरी ओर केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने मंगलवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें तीन अर्धसैनिक बलों के प्रमुखों और दो अन्य सुरक्षा संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह बैठक जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण माहौल के बीच आयोजित की गई है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर सैलानी थे।

## तनाव के बीच पाक ने छेड़ा हाइब्रिड वारफेयर

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद से पैदा हुए तनाव के बीच पाकिस्तान ने भारतीय सेना से जुड़ी वेबसाइट्स को हैक करने की कोशिशें की हैं,

### भारत ने नाकाम किए लगातार 4 अटैक

जिन्हें भारत ने नाकाम कर दिया है। भारत की साइबर सिक्योरिटी कई लेयर्स में है और काफी मजबूत मानी जाती है। यही कारण है कि बीते कुछ दिनों के अंदर ही 4 बार हैकर्स की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि बीते कुछ दिनों में पाकिस्तान से संचालित हैकर्स के एक समूह ने ये नाकाम कोशिशें की हैं। कई बार यह ग्रुप वेबसाइट्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स को टारगेट करने की कोशिश करता रहा है। खुद को आईओके हैकर कहने वाले इस ग्रुप का नाम इंटरनेट ऑफ खलीफा बताया जाता है। यह आमतौर पर वेबसाइट्स को हैक करके सेवाएं बाधित करता है, उनमें आपत्तिजनक पोस्ट लगा देता है और डेटा भी चुरा लेता है। भारत के साइबर सिक्योरिटी डिफेंस सिस्टम ने इस ग्रुप की गतिविधियों को पकड़ा है।

## पाक रक्षा मंत्री का एक्स अकाउंट भारत में बंद

नई दिल्ली। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ का एक्स अकाउंट भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ख्वाजा लगातार जहर उगल रहे थे। वे भारत के खिलाफ भी अनरगल बयानबाजी कर रहे थे। ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को भी कबूल किया था। आसिफ ने सोमवार को कहा था कि भारत की तरफ से हमला तय है और यह करीब है। भारत के हमले के खतरे को देखते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहा था, हमने अपने सुरक्षाबलों को मजबूत करना शुरू कर दिया है, क्योंकि भारत की तरफ से हमला निश्चित है। इन हालात में कुछ कूटनीतिक फैसले लेने होंगे और यह फैसले लिए जा रहे हैं।

## देश भर में सुरक्षा अलर्ट, कश्मीर में छापे जारी




नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में आक्रोश का महौल है। साथ ही सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी सिलसिले में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने की। इसमें बीएसएफ, एनएसजी और असम राइफल्स के प्रमुखों के साथ-

### पहलगाम हमले के बाद से सरकार लगातार उठा रही कदम

साथ एसएसबी और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के प्रमुख ब्रिघु श्रीनिवासन, असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा और एसएसबी की अतिरिक्त महानिदेशक अनुपमा नीलेकर चंद्रा मौजूद थीं। वहीं जम्मू और कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में 13 स्थानों पर छापे मारे, ताकि आतंकवादी ठिकानों का पर्दाफाश किया जा सके और आतंक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## कश्मीर में 48 पर्यटन स्थल बंद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान तेज किए जाने के मद्देनजर कश्मीर में 87 में से 48 पर्यटन स्थलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान तेज किए जाने के मद्देनजर कश्मीर में 87 में से 48 पर्यटन स्थलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों के लिए खुले 87 स्थलों में से जो अब बंद हैं, वे या तो सीधे तौर पर चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों में शामिल हैं या फिर संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित हैं।

## यूपी के 10 जिलों में बनेंगे आश्रय गृह



स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार राज्य के 10 जिलों में 10 नवीन बाल आश्रय गृह स्थापित करेगी। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गयी। इन आश्रय गृहों

### हर गृह में होगी 100 बच्चों की क्षमता

की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अन्तर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा राजकीय देख-रेख व संरक्षण की आवश्यकता वाले निराश्रित बच्चों के सुरक्षित, सर्वागीण विकास के लिए इन गृहों को संचालित किया जाएगा। योजना के तहत प्रथम चरण में वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, अमेठी, मथुरा, फिरोजाबाद, बस्ती, झांसी एवं कानपुर देहात में विभिन्न श्रेणियों में 100-100 बच्चों की क्षमता के कुल 10 नवीन गृहों का निर्माण किया जाएगा। बयान में बताया गया कि इन गृहों में एक राजकीय बाल गृह (बालिका), एक राजकीय बाल गृह (बालक), सात राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) और किशोर न्याय बोर्ड सहित एवं एक ‘प्लेस ऑफ सेफ्टी’ गृह सम्मिलित हैं।

## पहलगाम की घटना को देश कभी क्षमा नहीं करेगा : योगी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, देवरिया। प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना को देश कभी क्षमा नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार

### छोटी सोच वाले ही अपनाते हैं तुष्टिकरण का रास्ता

इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। पूरा देश इस घटना की निंदा कर रहा है। लेकिन सपा के राष्ट्रीय सचिव ने शर्मनाक बयान दिया। पहचाना करना मुश्किल हो गया है कि वह सपा का प्रवक्ता है या पाकिस्तान का। भाजपा सरकार में भारत तेजी से बदल रहा है। मुख्यमंत्री देवरिया जिले के पटियापार में राजकीय महाविद्यालय



में मुख्य द्वार पर लगी शिलान्यास और लोकार्पण के शिलापटों से इलेक्ट्रिक बटन दबाकर 676 करोड़ रूपये की कुल 501 परियोजनाओं का लोकार्पण करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भी नए भारत के नए प्रदेश के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। आठ वर्षों में बदलते परिवेश और परिवर्तन की लहर को आप सभी लोगों ने देखा है। यहां किसानों को उचित सम्मान मिला रहा है।

### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $36^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $25^0$ |
| सूर्योदय | - 05:28 |
| सूर्यास्त | - 06:38 |

बादल छाये रहेंगे।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुधवार को

नई दिल्ली। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुधवार को होगी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे बैठक बुलाई गई है।

## सिंधु के बाद पाक को लगेगा फिर बड़ा झटका

नई दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई खत्म नहीं हुई है। खबर है कि भारत सरकार अब पाकिस्तान के विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद करने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसे लेकर

### पाक के विमान और जहाज भी होंगे बैन

आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खास बात है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान ने भारत के विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर रोक लगा दी थी। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत सरकार पाकिस्तानी जहाजों की बंदरगाहों पर आने पर भी रोक लगा सकती है। साथ ही पाकिस्तानी विमानोंकी भी हवाई क्षेत्रों में एंट्री बैन कर सकता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवादी हमले के आरोपियों को कड़ी सजा देने की बात कही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अगर भारत सरकार की तरफ से एयर स्पेस पर बैन लगाने का फैसला किया जाता है, तो पाकिस्तान के विमानों को दक्षिण पूर्व में कुआला लंपुर जैसे स्थानों पर जाने के लिए चीन या श्रीलंका जैसे देशों के हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

## बिल्डरों-बैंकों के बीच ‘गठजोड़’ की जांच जरूरी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि बिल्डरों और बैंकों के बीच गठजोड़ की जांच जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई

### सीबीआई को सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

को सुपरटेक लिमिटेड के एनसीआर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम समेत अन्य जगहों पर) में चल रहे प्रोजेक्ट्स की जांच करने का आदेश दिया है।सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हजारों फ्लैट खरीदने वालों की याचिकाएं आईं थीं। जिसमें आरोप लगाया कि, उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम जैसे



इलाकों मेंसुपरटेक और अन्य बिल्डरों के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट बुक कराए थे। बुकिंग सबवेंशन स्कीम के तहत की गई थी, जिसमें बैंक बिल्डर को 60-70 प्रतिशत लोन की रकम सीधे दे देते थे। लेकिन फ्लैट समय पर नहीं बने और अब बैंक उनसे ईएमआई वसूल रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक फ्लैट का कब्जा नहीं मिला है। मामले में शीर्ष न्यायालय ने इसे अशुद्ध गठजोड़ करार दिया और कहा कि यह आम लोगों को धोखा देने का मामला है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सीबीआई को निर्देश दिया कि- सुपरटेक प्रोजेक्ट्स में हो रही गड़बड़ियों की प्राथमिक जांच की जाए। वहीं इस मामले में यूपी और हरियाणा के डीजीपी को कहा गया कि वे सीबीआई को डीएसपी, इंस्पेक्टर और कॉन्स्टेबल की सूची दें ताकि विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जा सके।

## मौसम ने मारी पलटी, गिरा तापमान

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। प्रदेश के विभिन्न इलाकों में हुई बूंदाबांदी और तेज हवाओं के जोर से पूर्वी और तराई हिस्सों में मौसम

### आज बूंदाबांदी का अलर्ट

एकदम से बदल गया है। गर्म हवा और लू के थपेड़ों से निजात मिलने के साथ ही मौसम सुहाना हो गया है। तराई के इलाकों में सुबह-शाम बूंदाबांदी के बाद ठंडी हवाओं की वजह से गर्मी से काफी राहत मिली। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में दिन के तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक कि गिरावट देखने को मिली है। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए उत्तर प्रदेश के पूर्वी हिस्से के 30 जिलों में गरज-चमक के साथ बूंदाबादी का अलर्ट जारी किया है। साथ ही इन इलाकों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की भी चेतावनी जारी की गई है।मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि मई की शुरुआत में ही एक नया शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। यह प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभागों को अपनी गिरफ्त में लेगा। दो से चार मई के बीच दोनों संभागों में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। इसके असर से अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी।

## श्रीराम मंदिर के मुख्य शिखर पर स्थापित हुआ 42 फीट ऊंचा ध्वज दंड

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के लिए मंगलवार का दिन काफी अहम रहा। आज राम मंदिर के इतिहास में एक और नया अध्याय जुड़ गया। वैशाख शुक्ल की द्वितीया के दिन प्रातः 8.00 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर विधि विधान पूर्वक ध्वज दंड स्थापित कर दिया गया।भगवान परशुराम की जयंती के दिन राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड स्थापित कर दिया गया। यह प्रक्रिया सुबह 6.30 बजे शुरू हुई और 8.00 बजे समाप्त हुई। ध्वज दंड को लगभग डेढ़ घंटे में मुख्य शिखर पर स्थापित कर दिया गया। इसकी ऊंचाई 42 फीट है। विदित हो कि शिखर कलश समेत मंदिर की ऊंचाई 161 फीट है। अब इसमें 42 फीट का ध्वज दंड भी जुड़ गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि हिंदी महीने के अनुरूप वैशाख शुक्ल द्वितीया परशुराम जयंती दिन मंगलवार 29 अप्रैल 2025 को राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड स्थापित कर दिया गया। इस मौके पर लार्सन एंड



टुब्रो व टाटा कंसल्टेंसी के इंजीनियर के साथ ध्वज दंड निर्माता गुजरात निवासी भरत भाई, पत्थरों की नक्काशी करने वाले ठेकेदार नरेश मालवीय, पत्थरों के कार्य का सुपरविजन करने वाले चंद्रशेखर सोमपुरा के साथ एक बड़ी टीम मौजूद रही।

### इस तरह स्थापित किया गया ध्वज दंड

160 फीट की ऊंचाई पर शिखर के पास इंजीनियर ऊपर चढ़कर मौजूद रहे। दो क्रेन की सहायता से ध्वज दंड को ट्राला के ऊपर से उठाया गया। धीरे-धीरे वर्टिकल खड़ा हुआ। इसके बाद टावर क्रेन के माध्यम से ध्वज दंड को शिखर पर स्थापित कर दिया गया।

## अक्षय तृतीया पर सोलह हजार करोड़ के व्यापार की उम्मीद

नई दिल्ली। बुधवार यानी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। अक्षय तृतीया पर 12 टन सोना और 400 टन चांदी की खरीद होने की संभावना है। इस मौके पर 16 हजार करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक, अक्षय तृतीया एक शुभ दिवस होता है, जो सफलता और सौभाग्य लेकर आता है। ऐसे में लोग इस दिन धन और समृद्धि का स्वागत करने के लिए सोना खरीदने को शुभ मानते हैं। यह भी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन खरीदा गया सोना कभी घटता नहीं, बल्कि सदैव बढ़ता है।

## यमुना जल के 22 सैंपल फेल

नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने यमुना नदी को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए है। यमुना नदी में प्रदूषण के स्तर की जानकारी हासिल करने के लिए 33 जगहों पर मॉनिटरिंग की जा रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मानक पर यमुना नदी का पानी खरा नहीं उतरा है। नदी के सैंपल कुल 33 जगहों से लिए गए थे, जिनमें से 22 जगहों का सैंपल फेल हो गया है। इस रिपोर्ट की पेशकश मंत्रालय ने संसद की स्थायी समिति के सामने की है, जिसमें कहा गया कि दिल्ली व उत्तर प्रदेश में मॉनिटरिंग वाली सभी सात और 12 जगहों पर पानी के सैंपल क्वालिटी टेस्ट में पास नहीं हो सके है।

## दिल्ली में अब नहीं चलेगी स्कूलों की मनमानी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बहुत जल्दी अभिभावकों को स्कूलों के मनमानी तरीके से फीस बढ़ाने के रवैये से निजात मिलेगी। दिल्ली सरकार जल्द ही इसे लेकर कानून भी बना देगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने 31 जुलाई को फीस तय करके 15 सितम्बर को इसे स्कूल लेबल कमेटी में लाना होगा। 30-45 दिन में कमेटी फीस का फैसला करेगी, इसके बाद ये जिला स्तरीय कमेटी और फिर राज्य कमेटी के पास जाएगा। अक्तूबर-नवम्बर तक फीस कितनी होगी, पैरेंट्स को पता चल जाएगा। जो स्कूल कमेटी के निर्णय के हिसाब से फीस नहीं लेगा, उस पर 1-10 लाख तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

## यूएनओ में भारत ने पाक को जमकर लताड़ा

न्यूयॉर्क। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने एकजुटता दिखाई है, वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टोलेरेंस का सबूत है।

### कहा आतंकवाद के खिलाफ दुनियाभर में जीरो टॉलरेंस

संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप-स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला, 26/11 के मुंबई हमले के बाद आम नागरिकों पर हुआ सबसे बड़ा आतंकी हमला है। भारत दशकों से



सीमापार आतंकवाद का पीड़ित रहा है और हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि आतंकी घटनाओं का पीड़ितों, परिवारों और समाज पर क्या असर होता है। संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद रोधी कार्यालय में आयोजित हुए विक्टिम ऑफ टेरेरिज्म एसोसिएशन नेटवर्क कार्यक्रम में योजना पटेल ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद जिस तरह से वैश्विक समुदाय ने भारत का समर्थन किया, हम उसकी तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने हाल ही में एक टेलीविजन साक्षात्कार में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और धन मुहैया कराने के पाकिस्तान के इतिहास को स्वीकार करते हुए सुना है।

## वोटर लिस्ट से हटेंगे डुप्लिकेट नाम

नई दिल्ली। चुनाव आयोग देशभर में मतदाता सूची से डुप्लिकेट नाम हटाने के अभियान में जुटा है। इस बीच, मंगलवार को सरकारी सूत्रों ने

### ‘आधार’ देना पूरी तरह स्वैच्छिक

साफ किया कि मतदाताओं के लिए आधार नंबर देना पूरी तरह स्वैच्छिक रहेगा, और इसमें कानून के तहत कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। साथ ही ये भी बताया गया कि चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 के तहत, मतदाताओं द्वारा चुनाव अधिकारियों को आधार जानकारी देना जरूरी नहीं है, बल्कि यह उनकी मर्जी पर निर्भर करता है। यह बयान तब आया जब कुछ लोगों ने पूछा कि क्या आधार साझा करना अनिवार्य किया जा सकता है और अगर कोई मतदाता जानकारी नहीं देता तो क्या उसे कारण बताना होगा। इस सवाल के जवाब में सूत्रों का कहना है कि अभी तक ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, और न ही किसी नए नियम को जोड़ने की योजना है। बता दें कि इस मुद्दे पर जारी बहस के बीच चुनाव आयोग पहले ही कह चुका है कि वह जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ समन्वय कर मतदाता सूची को नियमित रूप से अपडेट करेगा।

# विद्यालयों के मरम्मत के लिए जल्द भेजें प्रस्ताव : डीएम

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत शासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत विद्यालयों की अवस्थिति पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने बैठक की। इस बैठक में विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों से संवाद कर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों के भवन जर्जर अवस्था में हैं, उनके लिए एक सप्ताह के भीतर मरम्मत का प्रस्ताव तैयार कर जिला विद्यालय निरीक्षक को भेजा जाए।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को यह भी निर्देशित किया कि निर्धारित समय के बाद भवनों की स्थिति की जांच जिलास्तरीय तकनीकी समिति से कराई जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं और कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, ऐसे में सभी विद्यालय समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिला विद्यालय निरीक्षक पी.के. शर्मा ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत भवनों के उच्चीकरण के लिए शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को 75 प्रतिशत और संस्कृत विद्यालयों को 95 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। शेष राशि संबंधित विद्यालय प्रबंधन को स्वयं वहन करनी होगी। बैठक में विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक और प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

**2 मई को लगेगा रोजगार मेला,होगा भर्ती : महराजगंज।** जिला सेवायोजन कार्यालय, महाराजगंज के प्रांगण में 2 मई 2025 (शुक्रवार) को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ईशान प्रकाश ने दी। उन्होंने बताया कि इस मेले में फ्लूएंटग्रिड कंपनी द्वारा जनपद महराजगंज के लिए बिजली मीटर रीडर और सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षिक योग्यता आईटीआई अथवा इंटरमीडिएट पास निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति तथा एक छायाप्रति के साथ 2 मई को प्रातः 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय, रैन बसेरा न.2, बिस्मिल नगर, महाराजगंज परिसर में उपस्थित हों। श्री प्रकाश ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## जिला जेल का मासिक निरीक्षण सुनी गई बंदियों की समस्याएं



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** डीएम अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने जिला कारागार महराजगंज का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सामान्य बैरक, महिला बैरक, पाकशाला और जेल परिसर की साफ-सफाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

निरीक्षण के दौरान बंदियों से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए जेल अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय कर समस्याओं के समाधान की बात कही। साथ ही बंदियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और जरूरत पड़ने पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने पर भी ज़ोर दिया। एक अल्पवयस्क बंदी ने जमानतदार न होने के कारण रिहाई में आ रही दिक्कत की जानकारी दी। इस पर जिलाधिकारी ने न्यायालय से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। जेल निरीक्षक ने जानकारी दी कि वर्तमान में जेल में 619 पुरुष, 52 महिला, 62 अल्पवयस्क और 9 विदेशी बंदी निरुद्ध हैं। सभी बंदियों को जेल मैन्युअल के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक आशीष रंजन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने शिकायतों का किया निस्तारण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** डीएम महेंद्र सिंह तंवर द्वारा अपने कार्यालय में जनता दर्शन में आए जनसामान्य की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उसका त्वरित निस्तारण किया गया तथा प्रार्थना पत्रों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

जनता दर्शन के दौरान उपस्थित जन सामान्य की शिकायतों को एक-एक व्यक्तियों से सुन कर संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर, शासन के मंशा अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने तथा जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं जाने के निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुरूप जन समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक पीके राय, प्रशासनिक अधिकारी राजेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## वित्त राज्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज स्थित अपने आवास के कैम्प कार्यालय पर लोकसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनता की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है और उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचे थे, जिनमें सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख थीं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, संतोष सिंह, बबलू यादव, अमरनाथ पटेल, सुनील कुमार मद्धेशिया, गोलू सिंह, भोलू यादव, पवन श्रीवास्तव, प्रमोद तिवारी, शैलेश पाण्डेय, कृष्ण गोपाल जायसवाल, बैजनाथ पटेल, सेतभान सिंह, जितेंद्र पटेल मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री ने अभिषेक को किया सम्मानित



**महराजगंज।** रामहर्ष इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र अभिषेक मद्धेशिया ने उत्तर प्रदेश बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 478 अंक (95.6 प्रतिशत) प्राप्त किए। इस शानदार उपलब्धि के साथ अभिषेक ने जिले और मंडल में प्रथम स्थान तथा प्रदेश स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अभिषेक की इस अद्वितीय सफलता पर सोमवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। मंत्री ने अभिषेक मद्धेशिया, उनके पिता ब्रह्मानंद मद्धेशिया और प्रधानाचार्य विश्वंभर पाण्डेय को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, अजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष सिंह, पप्पू चौधरी, दुर्गा अग्रहरि, उमेश चौधरी, त्रिभुवन पटेल, राहुल पटेल मौजूद रहे।

## सीडीओ ने की जिला वृक्षारोपण की समीक्षा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** सीडीओ जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई।

बैठक में सीडीओ ने वृक्षारोपण जन अभियान-2025 के अन्तर्गत संतकबीरनगर जनपद को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष समस्त विभागाध्यक्ष को कार्ययोजना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को वृक्षारोपण स्थलों का गणना पंजिका बनाये जाने हेतु निर्देशित किया। जिला वृक्षारोपण समिति से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी द्वारा अन्य विभाग को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष उनके द्वारा कराये गये वृक्षारोपण के स्थलीय सत्यापन हेतु अर्न्तविभागीय टीम का गठन किया गया है। जिला पर्यावरण समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान शासनादेश द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन यथा-प्लास्टिक अपशिष्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट आदि के प्रबन्धन एवं प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए जिला पर्यावरण संबंधित सूचना ह्वाट्सएप्प पोर्टल पर अपलोड करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों द्वारा उपलब्ध कराये गये सूचना पर समीक्षा की गयी। जिला गंगा समिति के कार्यों की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने शहरी क्षेत्रों से आने वाले ड्रेन्स के चिन्हीकरण की स्थिति तथा सीवेज ट्रीटमेन्ट सन्यन्त्रों की स्थापना किये जाने की स्थिति पर समीक्षा की गयी।

## निर्माणाधीन ओवरब्रिज का एक हिस्सा गिरा, आधे दर्जन मजदूर घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**आनन्दनगर।** देर रात अचानक गिरा पुल आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल। जिले के पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के मोहनापुर में निर्माणाधीन ब्रिज का पुल सोमवार की रात लगभग 11.40 बजे भरभरा कर अचानक गिर गया जिससे पुल निर्माण में कार्य कर रहे आधे दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। इस हादसे के बाद चारों तरफ चीख पुकार व अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुरन्दरपुर पुलिस ने मजदूरों को मलबे से बाहर निकलवाया और घायल मजदूरों को अस्पताल भेजवाया। हादसे में घायल अनिल 23 वर्ष व योगेश 26 वर्ष, उपरोक्त निवासी चौक जंक्शन जिला हाथरस, रिंकू 30 वर्ष व लोनी 30 वर्ष तथा जयराम पाल 40 वर्ष उपरोक्त निवासी कचला जिला बदायूं एवं बालकृष्ण 30 वर्ष निवासी मूरवल जिला बांदा को आनन-फानन में सीएचसी फरेंदा अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि ब्रिज के पुल का निर्माण कार्यदायी संस्था पीएनसी कर रही है। जिस पुल का निर्माण कराया जा रहा है उसके नीचे से गोरखपुर-नौतनवा की ट्रेनों का संचालन भी होता है। लोगों ने कहा कि पुल कियें गुणवत्तापूर्ण नहीं कराया जा रहा था।

## पुरस्कार छात्र की नियति का उत्कृष्ट फल है



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सिसवा।** नगर पालिका परिषद स्थित सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिवार ने शिक्षा, अनुशासन और समर्पण के मूल्यों को प्रोत्साहित करने का प्रशंसनीय प्रयास किया। इस अवसर पर कक्षा 1 से 11 तक के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को दिया गया, जिससे छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास की नई लहर देखने को मिली।इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा से उन छात्रों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया जिन्होंने पूरे वर्ष सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराई। विद्यालय प्रशासन का यह कदम छात्रों को अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। समारोह के दौरान उन अध्यापकों को भी विशेष रूप से अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया जिन्होंने विद्यालय में 25 वर्षों की सेवा पूरी की। चेयरमैन ओए जोसेफ ने सभी पुरस्कृत छात्रों को बधाई देते कहा कि पुरस्कार हर विद्यार्थी की नियति का उत्कृष्ट फल है। अंग्रेज़ी प्रवक्ता फणींद्र कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में सफल जीवन के मूल मंत्रों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, धैर्य और ईमानदारी से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। प्रबंधक बिंसी जोसेफ ने नितेश श्रीवास्तव, अवनीश मिश्र, पीयूष त्रिपाठी,संतोष वर्मा,फणींद्र मिश्र, पुंडरीक गुप्ता, अनिल पाण्डेय, सिनसी पीटर, अशोक प्रजापति, श्रुति जोसेफ सहित कई अन्य शिक्षकों व कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिवेंद्र सिंह,धनंजय मिश्र,मुन्ना पांडे उपस्थित थे।

## ब्राह्मण महासभा ने मनाया परशुराम का जन्मोत्सव

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** जिले के एक निजी मैरिज हॉल में अखिल भारतीय ब्राह्मण सभार के बैनर तले भगवान परशुराम के जन्मोत्सव का कार्यक्रम जिला संरक्षक संजय मणि तिवारी, पार्टी के संयोजक राकेश पांडेय और जिला अध्यक्ष बालकृष्ण तिवारी के नेतृत्व में किया गया जिसमें सबसे पहले कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री परशुराम के तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना से की गई उसमें जिले के समस्त ब्राह्मण जनों की उपस्थिति में समाज के एकता अखंडता और ऐसे समय जिसमें देश के एक हिस्से में कुछ दिनों पहले पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा भारतीयों को मार दिया गया था इन मुद्दों पर भी गंभीर चर्चा हुई। जिला संरक्षक संध्या मणि त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी सूरत में सबसे पहले राष्ट्र सहित सर्वोपरि है और चाणक्य के अनुसार जिस देश में राष्ट्रीयता और राष्ट्रवाद की कमी होती है वह देश कमजोर हो जाता है ऐसे में भारत पर आने वाली किसी भी सम विषम परिस्थिति में हम सभी ब्राह्मण परिवार देश के साथ में हैं। जिला संयोजक अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का राकेश पांडेय ने आए हुए सभी अतिथियों और विप्र जनों का आभार व्यापित करते हुए सबका स्वागत किया और जिला अध्यक्ष बालकृष्ण तिवारी के दिशा निर्देश में कार्यक्रम को संपन्न कराया। इस अवसर पर राकेश पांडेय, शत्रुघ्न त्रिपाठी अमित पांडे रितेश रंजन पिंटू तिवारी विजेंद्र तिवारी ,दुर्गेश तिवारी ,दुर्गेश तिवारी के अलावा सैकड़ों ब्राह्मण जन उपस्थित थे।

## भाजपा राज में संविधान खतरे में : अजय राय



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** केन्द्र सरकार बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान को समाप्त कर देने का आये दिन षडयंत्र कर रही है किंतु कांग्रेस के सिपाही इसे सफल नहीं होने देंगे। गांव गांव जाकर लोगों को बाबा साहेब के उस संविधान की रक्षा करने के लिए जागरूक किया जायेगा, जिससे हमें संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। यह विचार कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय ने व्यक्त किया। वे सोमवार को पं अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह के परिसर आयोजित प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश और उत्तर प्रदेश में कानून का राज खतरे में है। आये दिन हिंसक घटनाएं घट रही है। प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली को सम्बोधित करते हुए आराधना मिश्रा, सांसद तनुज पुनिया राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल सत्यनारायण पटेल, केशव यादव, जय करन वर्मा, अंबिका सिंह, वीरेंद्र प्रताप पांडेय, प्रमोद पांडेय, राम जियावन, देवेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, कौशल त्रिपाठी, आलोक रंजन वर्मा के साथ ही अनेक वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी, देश को विकसित किया, किन्तु केन्द्र की मोदी सरकार अपनी उपलब्धियां बताने की जगह कांग्रेस को समाप्त करने की बात करती है, कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है, जिसको खत्म नहीं किया जा सकता है। कार्यक्रम में कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी, ज्ञानेन्द्र पांडेय ज्ञानू, देवी प्रसाद पाण्डेय, बाबूराम सिंह, अनिरुद्ध त्रिपाठी, गिरजेश पाल, आदित्य त्रिपाठी, बृजेश आर्य, राजबहादुर निषाद, अवधेश सिंह, अनिल भारती, शेर मोहम्मद, लालजी पहलवान, मारूफअली, शीला शर्मा, मंजू पांडेय, प्रशांत पांडेय, गंगा मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, साधू शरन आर्य आदि ने हिस्सा लिया।

## मेधावी छात्र हुए सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**परसरामपुर, बस्ती।** क्षेत्र के राम छत्तर यादव इंटर कालेज महाखरपुर रघवापुर के प्रबंधक ने हाईस्कूल की छात्रा मुस्कान वर्मा को साईकिल, इंटर की छात्रा आकृति आनंद को घड़ी, इंटर के मो आवेश रजा, सावित्री प्रजापति, रुचि मौर्या, संध्या कनौजिया एवं हाईस्कूल के नंदिनी शर्मा, रितेश गुप्ता, कोमल और कुसुम जायसवाल को स्कूल बैग उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक राम छत्तर यादव ने कहा कि मुस्कान वर्मा हाईस्कूल की परीक्षा में 561अंक 93.5 प्रतिशत प्राप्त कर जिले में टापटेन में स्थान बनाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इसके अलावा मेधावी नंदिनी शर्मा 92.66 प्रतिशत, रितेश गुप्ता 90.33 प्रतिशत, कोमल 90 प्रतिशत, कुसुम 89.83 प्रतिशत व इंटर के मेधावी मो आवेश रजा 88.2 प्रतिशत, सावित्री 855.6 प्रतिशत, रुचि मौर्या 84.8 प्रतिशत, संध्या 84.6 प्रतिशत अंक हासिल किया है।

## वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**नगर, बस्ती।** स्थानीय नगर बाजार पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पीआरवी 4310 को सूचना मिली कि पेट्रोल पंप के पास एक व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हो गया है, मौके पर पहुंची पीआरवी ने जांच में पाया कि उक्त की मौत हो चुकी है, सूचना पर थानाध्यक्ष नगर देवेंद्र सिंह मय हमराही मौके पर पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर से पुरहिया से कलवारी की तरफ जा रहा था, तथा अज्ञात वाहन जो कलवारी से पुरहिया की तरफ जा रहा था, दोनों में टक्कर हो गई, जिसमे संतराम पुत्र रामदयाल निवासी दुबखरा उम्र करीब 55 वर्ष की मृत्यु हो गयी है, शव को बॉडी बैग में सील कर मर्चरी बस्ती भेजा गया, शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के पर ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत पांडेय जी के नेतृत्व में शोभायात्रा यात्रा का आयोजन किसान डिग्री कॉलेज से गांधी नगर, रोडवेज होते हुए ब्राह्मण महासभा मालवीय मार्ग तक किया गया। यात्रा ब्राह्मण महासभा परिसर में पहुंचने पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला, शंभू नाथ मिश्र, डा वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, विजय बिहारी तिवारी, शंभू नाथ शुक्ल, राधेश्याम पांडेय, आलोक मिश्रा संत प्रकाश त्रिपाठी ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रा अध्यक्ष अशोक शुक्ला जी ने कहा कि भगवान परशुराम का जन्म विश्व कल्याण के लिए हुआ था, आतताईयों का दमन और धर्म की स्थापना करना है जीवन का उद्देश्य था। प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत पांडेय ने कहा कि हमारे सभी ब्राह्मण नवयुवकों को भगवान परशुराम जी के पदचिन्हों का अनुसरण करने की आवश्यकता है। संस्थापक राष्ट्रीय महामंत्री शम्भू नाथ मिश्र ने कहा कि हम ब्राह्मण भगवान परशुराम के अंश हैं यदि हम शास्त्रों के अनुसार अपने धर्म पर हैं तो हम श्रेष्ठ हैं हमारे पूर्वजों ने हमेशा समाज का मार्गदर्शन किया है। यात्रा में प्रमुख रूप से आशीष शुक्ला, लल्लू पांडेय, संजय शुक्ला, सरोज मिश्रा, देवी दयाल, टीएन दूबे, हेमन्त मिश्रा, दुर्गेश मिश्र, दिनेश पांडेय, अभिनव उपाध्याय, अवनीश शुक्ल, राकेश पांडेय, गर्गवंशी, दीपक पांडेय, अतुल भट्ट, वशिष्ठ मुनि दूबे, आकाश पांडेय, रवि शुक्ल, दिनेश त्रिपाठी, उत्कर्ष मिश्रा, शिल्पू पांडेय, अभयदेव शुक्ला, अंकित पांडेय सहित हजारों युवा शामिल रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

**नगर, बस्ती।** क्षेत्र के नेवरी गाड़ा कुसरौत गांव के रोहित पुत्र राम ललित यादव निवासी नेवरी गाड़ा कुसरौत थाना नगर द्वारा सूचना दी गई कि की अमन यादव पुत्र राम ललित यादव उम्र करीब 14 वर्ष निवासी नेवरी गाड़ा कुसरौत थाना नगर द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना प्राप्त हुई, रोहित द्वारा बताया गया कि अमन मानसिक रूप से विक्षिप्त था, थानाध्यक्ष नगर देवेंद्र सिंह मय हमराही मौके पर पहुंचे, शव गांव के दक्षिण बाहर खेत में पड़ा हुआ था, जिसको अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु बस्ती भेजा गया।

### कुत्तो के डर से बैंक में घुसा हिरन

**परसरामपुर, बस्ती।** विकास खण्ड के सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा लालपुर पॉडेत में रविवार शाम को कुत्तों के हमले से बचने के लिए हिरन ने बैंक में घुस कर अपनी जान बचाई। हिरन के बैंक में घुसते ही बैंक में अफरातफरी मच गयी, बैंक ग्राहकों की मदद से हिरन को पकड़ा गया। बैंक कर्मचारियों की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची, हिरन को वन विभाग की टीम के हवाले कर दिया गया।

### बाइक सवार युवकों ने पति पत्नी को पिटा

**बरगदवां।** बाजार से घर लौट रहे एक टैंपो चालक व उसकी पत्नी को दो बाइक सवार चार युवकों ने टैंपो से साइड न देने पर टैंपू चालक पति व उसकी पत्नी की पिटाई कर दिया। बरगदवां थाना क्षेत्र के ग्राम जिगिनिहवां लोहार टोला निवासी बब्लू विश्वकर्मा ने बताया की 26 अप्रैल की रात अपनी पत्नी मंशा के साथ ठूठीबारी से अपने टैम्पू में समान खरीद कर घर वापस आ रहा था कि आरोह है की मछाह टोली के पास दो बाइक से कुन्दर चौहान, अजय चौहान, सूरज चौहान, अरविन्द विश्वकर्मा ग्राम खैरहवांजंगल टोला खैराटी निवासी ओवर टेक कर साइड न देने की बात कह मुझे व मेरी पत्नी को अपशब्द कहते हुए डंडे से बुरी तरह मार पीट घायल कर दिया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि चार आरोपियों पर केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### दिवंगत शिक्षक साथी को दी श्रद्धांजलि

**तमकुही कुशीनगर।** विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय सिंगहा में तैनात प्रधानाध्यापक विधार्थी गुप्ता का निधन पिछले सप्ताह हो गया। बीआरसी में शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। बीईओ ने विद्यार्थी गुप्ता को आदर्श एवं अनुशासित शिक्षक बताया। शंभू यादव ने उन्हें एक जांबाज साथी के रूप में उनकी यादों को साझा किया। देवेंद्र ओझा ने उनके सरल एवं अनुशासित व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। जूनियर शिक्षक संघ के मंत्री अंजनी सिंह ने उन्हें अपना आदर्श बताया। अजय शर्मा ने कहा कि एनपीएसएस के तौर पर वे पूरे ब्लाक में अपनी विशेष कार्य पटुता के लिए जाने जाते थे। श्रद्धांजलि सभा में नारायण प्रसाद, राम प्रकाश शर्मा, अजय सिंह, राजू सिंह, राकेश प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, मिनहाज अहमद सिद्दीकी, रजिमुल्लाह अंसारी, कबीर आलम, ज्ञानचंद तिवारी, सुनील गोड़, काशीनाथ चतुर्वेदी, हरिकेश पांडेय, वसी अहमद, विनय कुशवाहा, घनश्याम प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**हाटा, कुशीनगर।** पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में नगर निवासी व निवर्तमान किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय के नेतृत्व में कैंडिल मार्च निकालकर हमले में मारे लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। सोमवार की देर रात कैंडिल मार्च निकाला गया।

जुलूस करमहा रोड से मेन कस्बा होते हुए नगर के गोरखपुर तिराहे पर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्थल पर पहुंचा। जहां पहलगाम में मरे पर्यटकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं निवर्तमान किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार से हमारी मांग है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के विरुद्ध अभियान चलाएं। जुलूस में मुख्य रूप से नसीम अहमद, अनिल मणि, हाफिज मुबारक, अजीम खान, सभासद जय प्रकाश उर्फ बबलू जायसवाल, अरशद खान, ताज़ भाई, राज, हाफिज फैजान, साजिद खान, सैफ खान, आरिफ अंसारी, इमरान खान मौजूद रहे।

## किशोरों को लगाए गए टिटनेस के टीके



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**श्यामदेउरवा।** प्रदेश में 24 अप्रैल से 10 मई तक विशेष टीकाकरण सप्ताह के दौरान 10 और 16 वर्ष के किशोरों को टिटनेस व डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाने के लिए विशेष स्कूल आधारित अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान 24 अप्रैल से शुरू होकर 10 मई तक चलेगा। मंगलवार को श्यामदेउरवां क्षेत्र के रामपुर चकिया में स्थित जीएस पब्लिक स्कूल में छात्रों को टिटनेस से संरक्षण हेतु टीडी का टीका लगाया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक ने छात्रों एवं अभिभावकों का आह्वान किया कि वे टिटनेस एवं डिप्थीरिया जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति सजग रहें। टिटनेस एक गंभीर जीवाणु संक्रमण रोग है जो घावों के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है। इस दौरान एएनएम किरन, कंचन एवं प्रधानाचार्य अखिलेश प्रजापति, राममिलन सुरेंद्रनाथ, अनिल, संदीप, रीता मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## विनीत ने हैवीवेट वर्ग में जीता गोल्ड



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** सातवां इंडो नेपाल ताइक्वांडो ओपन चैंपियनशिप 26 और 27 अप्रैल को ईको पार्क माटी, मुख्यालय अकबरपुर, कानपुर देहात में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में नेपाल के साथ असम, पंजाब, छत्तीसगढ़, गुजरात एवं उत्तर प्रदेश की टीम ने हिस्सा लिया, प्रतियोगिता में कानपुर देहात प्रथम, नेपाल द्वितीय एवं गुजरात ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं बस्ती के मुख्य जिला प्रशिक्षक विनीत कुमार ब्लैक बेल्ट 4 डान ने भी इस मैच में हिस्सा लिया, जिसमें प्रशिक्षक विनीत कुमार ने हैवीवेट वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया, साथी खिलाड़ी मदन मिश्रा ने भी फेदर वेट वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राम जी मिश्रा ने सभी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया। सेठ जयपुरिया स्कूल के प्रधानाचार्य सुभाष जोशी, फिनिक्स पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डा विनायक जायसवाल, सेंट जेवियर्स के डायरेक्टर राजीव जायसवाल, कपिल गंगा स्कूल के प्रिंसिपल अरुण श्रीवास्तव, राजकीय कन्या विद्यालय खडुआ की प्रधानाचार्य सविता सिंह, स्वरा अकादमी की डायरेक्टर अलका गुप्ता, डा सोनी सिंह आदि ने बधाई दी।

# पूर्व की सरकारों के एजेंडे में था सिर्फ वोट बैंक : सीएम

## 9.89 करोड़ रुपये की लागत से बने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का सीएम योगी ने किया लोकार्पण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में 2014 के पहले की सरकार के एजेंडे में देश नहीं थी। इसी तरह 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की सरकार के एजेंडे में आम जनता नहीं थी। इन सरकारों के एजेंडे में सिर्फ वोट बैंक था। वोट बैंक के एजेंडे को लेकर पूर्व की इन सरकारों ने देश और प्रदेश की जो दुर्गति की वह सबके सामने है।

सीएम योगी मंगलवार को चरगांवा में नगर निगम के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन (जीटीएस) का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। नेशनल एयर क्लीन प्रोग्राम के अंतर्गत नगर निगम के इस गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण पर कुल 9.89 करोड़ रुपये की लागत आई है। जीटीएस के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हर व्यक्ति को क्वालिटी ऑफ लाइफ देने के लिए देश में 2014 से और प्रदेश में 2017 से जो कार्य हो रहे हैं, वे पहले भी हो सकते थे। पर, तब सत्ता में ऐसे लोग थे जो कुछ नहीं कर पाए। सभी नागरिकों को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी कार्य को करने के लिए विजन चाहिए। विजन को धरातल पर उतारने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और ईमानदारी से कार्य करने की प्रवृत्ति चाहिए। परिकल्पना को परिणाम में बदलने के लिए टीमवर्क चाहिए। पर, जहां परिवार को ही सबकुछ मान लिया जाता हो, वहां सत्ता में बैठे लोगों से कोई उम्मीद करनी बेमानी है। उन्होंने कहा



कि 2017 से पूर्व प्रदेश में सपा और 2014 से पूर्व केंद्र में कांग्रेस और उसके सहयोगी दल यही बेमानी करते रहे।

**गंदगी, मच्छर, बीमारी और माफिया से जुड़ी पहचान से मिली मुक्ति, गोरखपुर अब स्मार्ट सिटी** : सीएम योगी ने कहा कि पहले सड़क पर और नालियों में कूड़ा फेंक देने के कारण जलनिकासी नहीं हो पाती थी। सड़क पर गंदगी पसरी रहती थी। गंदगी से मच्छर पनपते थे, इंसेफेलाइटिस, डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां होती थीं। जब मच्छर और बीमारी बढ़ेगी तो माफिया भी पनपेंगे। 2017 के पूर्व गंदगी, मच्छर, बीमारी और माफिया गोरखपुर की पहचान से जुड़ गए थे। जबकि आज का गोरखपुर स्मार्ट सिटी के रूप में स्वच्छता के लिए सॉलिड और लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के नए मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि 1977-78 से लेकर चार दशकों में 50 हजार मासूमों की मौत इंसेफेलाइटिस का चलते हुई थी। 2017 में प्रदेश में बनी डबल इंजन सरकार के प्रयासों आज इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रण में है। इंसेफेलाइटिस को नियंत्रित करने में पीएम मोदी द्वारा अक्टूबर 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लोगों को बीमारियों से बचाने और स्वच्छ-सुंदर वातावरण देने के लिए घर-घर शौचालय बनवाए गए, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन किया जा रहा तथा हर घर नल से जल की सुविधा दी जा रही है।

**बदल चुका है गोरखपुर, लोग होते हैं अभिभूत** : मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के विकास में चौड़ी सड़कों, ड्रेनेज सिस्टम, एम्स, बीआरडी मेडिकल कॉलेज, खाद कारखाना और रामगढ़ताल से जुड़े कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज गोरखपुर बदल चुका है। यहां जो लोग भी आते हैं, इसके विकास को देखकर अभिभूत हो जाते हैं। आज का गोरखपुर नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का नया गोरखपुर है।

**2070 तक हासिल करना है नेट जीरो का लक्ष्य** : सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2070 तक देश के लिए नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की अपील की है। इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में प्रदेश सरकार ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में हैलोजन की जगह एलईडी का इस्तेमाल किया है। इससे बिजली की बचत के साथ कार्बन उत्सर्जन रोकने में भी मदद मिली है। उन्होंने चुटकी लेते हुए पूर्व में प्रयुक्त होते रहे हैलोजन की तुलना समाजवादी पार्टी में होने वाली बिजली आपूर्ति से की। कटाक्ष करते हुए कहा कि सपा सरकार में जैसे बिजली आकर चली जाती थी, वैसे ही पुराने हैलोजन जलते जलते अचानक बुझ जाते थे।

**सीएम ने देखी जीटीएस की सारी व्यवस्था** : मंचीय कार्यक्रम से पूर्व मुख्यमंत्री ने गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन (जीटीएस) का फीता काटकर और शिलापट्ट का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इसके बाद भ्रमण कर इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली और लाइव डेमो देखा। इस अवसर पर 15 सफाईकर्मियों को सम्मानित करने के साथ ही ड्रूडा के स्टाल का अवलोकन, गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, बच्चों का अन्नप्राशन कराया। मंच पर आने से पूर्व उन्होंने स्वच्छता वाहनों को भी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंच पर आने के बाद मुख्यमंत्री ने सफाई मित्र कल्याण कोष से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक मृतक सफाई मित्र की आश्रित को सौंपा और कर वसूली में उत्कृष्ट कार्य हेतु नगर निगम के कार्मिकों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच पर विधायक फतेह बहादुर सिंह, राजेश त्रिपाठी, विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, सरवन निषाद, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, नगर निगम के उप सभापति धर्मदेव चौहान, पूर्व महापौर अंजू चौधरी, सत्या पांडेय, चरगांवा की ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह, भाजपा के महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी, स्थानीय पार्षद सरोज पासवान आदि की उपस्थिति रही।

### वेस्ट मैनेजमेंट से जलजमाव से भी मिलेगी मुक्ति



मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में वेस्ट मैनेजमेंट के बेहतरीन काम हो रहे हैं। यहां कंस्ट्रक्शन वेस्ट से टाइल्स बन रहा है। सुथनी में 500 टन प्रतिदिन की क्षमता का वेस्ट टू चारकोल प्लांट लग रहा है। इसी क्रम में चरगांवा में 200 टन प्रतिदिन की क्षमता का गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बना है। यहां चालीस वार्डों का कूड़ा निस्तारित होगा। इसी तरह का गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन लालडिग्गी में भी बनाया गया है। गोरखपुर में प्राकृतिक विधि से जलशोधन का भी नया मॉडल खड़ा किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि पहले एक बरसात में ही शहर जलमग्न हो जाता था। गंदगी, मच्छर का अंबार लगने लगता था। 15 जून के बाद लोग इंसेफेलाइटिस की दहशत में रहते थे। गंदगी और मच्छर दूर करने के साथ ही अब शहर को जलजमाव से मुक्ति दिलाने की कार्ययोजना पूर्ण हो रही है। इसके लिए गोड़धोइया नाला परियोजना जल्द ही पूरी हो जाएगी। इससे शहर को जलजमाव से मुक्ति मिलेगी, लोगों को आवागमन की सुगमता होगी और उन्हें स्वच्छ-सुंदर वातावरण मिलेगा।

### सीएम के मार्गदर्शन में रोल मॉडल बनेगा गोरखपुर : महापौर

लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और मार्गदर्शन में गोरखपुर नगर निगम रोल मॉडल के रूप में आगे बढ़ रहा है। बताया कि सीएम के मार्गदर्शन में प्रदेश के पहले अर्बन फ्लड सेल का निर्माण गोरखपुर में हो रहा है। साथ ही गोरखपुर नगर निगम ने पहली बार तीन डिजिट में (110 करोड़ रुपये) कर संग्रह किया है। महापौर ने वायु प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए शहर में हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

# डीडीयू में बनेगा अत्याधुनिक महन्त दिग्विजयनाथ प्रेक्षागृह

**43.10 करोड़ की लागत, 30 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी करेंगे शिलान्यास**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में अत्याधुनिक महन्त दिग्विजयनाथ प्रेक्षागृह के निर्माण के प्रस्ताव को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह बहुप्रतीक्षित परियोजना विश्वविद्यालय की हीरक जयंती पर एक ऐतिहासिक सौगात के रूप में सामने आई है। 30 अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस प्रेक्षागृह का शिलान्यास करेंगे। नवगठित प्रेक्षागृह में 1500 लोगों की क्षमता वाला मुख्य ऑडिटोरियम हाल, दो कॉन्फ्रेंस हाल (प्रत्येक की 200 सीटों की क्षमता) और एक एक्जीबिशन हाल (500 सीटों की क्षमता) निर्मित किए जाएंगे। यह संरचना न केवल शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध संगोष्ठियों, सेमिनारों और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी होगी, बल्कि विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर की पहचान भी दिलाएगी। 4310.29 लाख रुपए की अनुमानित लागत से बनने वाले इस प्रेक्षागृह के लिए 2025-26 में प्रथम किश्त के रूप में 1508.60 लाख की धनराशि निर्गत किए जाने की मंजूरी दी गई है। इस परियोजना का मूल्यांकन प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा किया गया, जिसकी संस्तुति के बाद यह स्वीकृति मिली। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा महंत दिग्विजयनाथ प्रेक्षागृह विश्वविद्यालय समुदाय के लिए एक दीर्घकालिक उपलब्धि सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह ऐतिहासिक घोषणा विश्वविद्यालय के हीरक जयंती को स्मरणीय बना रही है।

# डीडीयू ने जारी किया रेट 2024 का परिणाम

**गोरखपुर (स्वतंत्र भारत)।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की शोध पात्रता परीक्षा (रेट 2024) के परिणाम आज घोषित कर दिए गए। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो हर्ष कुमार सिन्हा ने बताया कि रेट 2024 परीक्षा के परिणाम विश्वविद्यालय के प्रवेश पोर्टल www.dduguadmission.in पर उपलब्ध हैं। सीट आवंटन एवं आगे प्रवेश कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ (Research and Development Cell) द्वारा शीघ्र ही जारी कर दिए जाएंगे। ये निर्देश भी प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध होंगे। उल्लेखनीय है कि कुल 41 विषयों में पूर्णकालिक शोध कार्यक्रम हेतु परिसर की 465 और महाविद्यालयों की 661 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई थी। जिसमें 4043 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। पहले आयोजित लिखित परीक्षा में अर्हता हासिल करने वाले 1823 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार एवं प्रेजेंटेशन की प्रक्रिया विगत 11 से 23 सितंबर तक संबंधित विभागों में संपन्न हुई थी। दोनों परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम परिणाम घोषित किये गये। परिणामों में अभ्यर्थी अपना जनरल रैंक एवं कैटेगरी रैंक देख सकते हैं। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि रेट 2024 परीक्षा के परिणाम रिकॉर्ड समय में घोषित कर दिए गए हैं। 41 विषयों में प्रवेश के लिए 29 और 30 मार्च को हुई लिखित परीक्षा और दस दिन चले साक्षात्कार के बाद महीने भर के भीतर परिणाम घोषित करने के लिए मै एडमिशन सेल और सभी विभागों को बधाई देती हूं।

# व्यापारियों से ठगी करने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

**असली नोटों के बदले दस गुना नकली नोट देने का देते थे झांसा, गोरखपुर में दो दिन में की 6 लाख की ठगी**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गुलरिहा पुलिस ने नकली नोट के नाम पर व्यापारियों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में महराजगंज जिले के शीतलपुर गांव के पूर्व प्रधान गुलाम मुस्तफा और आजमगढ़ जिले के कप्तानगंज इलाके के रमेश राजभर शामिल हैं। दोनों को सोमवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरोह का एक और सदस्य बिहार निवासी सलाउद्दीन फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

दरअसल, गिरोह ने 2 दिन के भीतर बिहार और आजमगढ़ के व्यापारियों को निशाना बनाकर 6 लाख रुपये की टप्पेबाजी की। 24 अप्रैल को बिहार के डेरनी थाना क्षेत्र के संजीत कुमार राम से पांच लाख और 25 अप्रैल को आजमगढ़ के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के जयहिंद श्रीवास्तव से एक लाख रुपये ठगे गए। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि बिहार के व्यापारी संजीत कुमार राम को उसके गांव के ही सलाउद्दीन ने गुलाम मुस्तफा से मिलवाया था। पहली मुलाकात गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर कराई गई, जहां मुस्तफा ने 15000 रुपये के बदले 30000 रुपये देने का लालच दिया। असली नोट पाकर व्यापारी का भरोसा जीत लिया गया। इसके बाद गिरोह ने 24 अप्रैल को संजीत को 50 लाख रुपये के नकली नोट दिलाने के बहाने बुलाया। संजीत को महराजगंज के परतावल बुलाया गया, लेकिन भटहट क्षेत्र में ही उसे कार से उतारकर पैदल भेज दिया गया। पिपराइच के अतरौलिया पेट्रोल पंप के पास संजीत को कार में बैठाया गया और कहा गया कि बैग में रुपये रखे हैं, बाहर जाकर गिन लो। जैसे ही व्यापारी गाड़ी से बाहर निकला, आरोपी कार समेत पांच लाख रुपये लेकर फरार हो गए। 25 अप्रैल को गिरोह ने आजमगढ़ के जयहिंद श्रीवास्तव को भी निशाना बनाया। आरोपी रमेश राजभर ने जयहिंद को नकली नोट दोगुना दिलाने का झांसा देकर भटहट बाजार बुलाया। यहां आरोपी गुलाम मुस्तफा ने जयहिंद से एक लाख रुपये लेकर बदले में कागज की गड्डी पकड़ा दी और भाग गया। एसपी सिटी ने बताया कि गिरोह का सरगना गुलाम मुस्तफा वारदात के दौरान मास्क पहनकर आता था ताकि उसकी पहचान न हो सके। उसके पास से तीन फर्जी आधार कार्ड, तीन नंबर प्लेट और एक वैगनआर कार बरामद हुई है।

# भारतीय रेलवे कबड्डी टीम के पर्यवेक्षक नियुक्त हुए अरविंद



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) द्वारा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराये जा रहे अत्याधुनिक संसाधनों एवं प्रशिक्षणों के परिणामस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निरन्तर अपनी छटा बिखेर रहे हैं।

इसी क्रम में, 2 से 4 मई तक अमरावती, महाराष्ट्र में आयोजित 30वीं सीनियर फेडरेशन कप (पुरुष) कबड्डी चैम्पियनशिप के लिये पूर्वोत्तर रेलवे कबड्डी टीम के कोच अरविन्द कुमार पाण्डेय को भारतीय रेलवे कबड्डी टीम का पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त इस चैम्पियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे कबड्डी टीम के तीन खिलाड़ी सुनील कुमार, प्रवेश एवं अनिल कुमार भारतीय रेलवे कबड्डी टीम से प्रतिभाग करेंगे तथा पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ी नितिन पवार उत्तर प्रदेश की टीम से भाग लेंगे। अरविन्द कुमार पांडेय तथा खिलाड़ियों के चयन पर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण एवं अध्यक्ष/नरसा अभय कुमार गुप्ता, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, कबड्डी/सचिव ओंकार सिंह तथा सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं।

# चोरों का हौसला बुलंद, गोला में नहीं रूक रही चोरियां

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र में एक बार फिर चोरों ने घर में घुसकर लाखों के गहनों व नगदी पर हाथ साफ कर दिया है। एक सप्ताह मे यह दूसरी चोरी है।

जबकि बीते वर्ष की बात करें तो कई चोरियों हो चुकी हैं, लेकिन आज तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं हो सका। पुलिस केवल जांच कर जल्द खुलासा करने का दावा करती आ रही है। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी में बीते सोमवार की रात चोरों ने लाखों के गहने व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सेमरी निवासी अनवर अली पुत्र स्व उमर अपने मकान पर परिवार के सदस्यों के साथ रहते हैं। गोला हाटा मार्ग पर मकान में ही एक छोटी दुकान भी चलाते हैं। सोमवार की रात वह दुकान बंद कर के मुख्य दरवाजे पर अंदर से ताला बंद कर के सोने चले गयें। गृह स्वामी अपने कमरे में चले गयें वहीं उनकी पुत्रवधु, पत्नी, पोता अपने कमरों मे दरवाजा बंद कर के सो गयें। रात तकरीबन दो बजे घर के अंदर हुई आवाज सुनकर गृहस्वामी की नींद खुल गयी। जब उनके द्वारा दरवाजा खोलने की कोशिश की गयी तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। वह अंदर से परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाने लगें तो सभी उठ कर बाहर आने की कोशिश करने लगें तो सभी के दरवाजे बाहर से बंद मिले। नाती शहजाद के द्वारा अपने पड़ोसी अफरोज को फोन से बुलाया गया। अफरोज ने जब आकर देखा तो मुख्य दरवाजा खुला था तथा अंदर सभी लोग कमरों में बंद थे। अफरोज के द्वारा दरवाजा खोलने पर पता चला कि चोरों के द्वारा घर के अंदर एक कमरे में बंद ताले को तोड़कर रखा हुए तकरीबन 2 लाख के गहने व चालीस हजार नगदी पर हाथ साफ कर दिया था। चोर जिस समय दूकान का ताला तोड़ रहे थे उसी समय गृहस्वामी के शोर मचाने पर अंदर से लगे मुख्य दरवाजे के ताले को तोड़कर फरार हो गयें। गृहस्वामी के द्वारा सुबह पुलिस को सूचित कर दिया गया था। वहीं सूचना पर पंहुची पुलिस मकान को देखने के बाद गृहस्वामी को थाने पर बुलाकर चली गयी। थाना प्रभारी अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि हमें अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद जांच को जाएगी।

**एक सप्ताह पहले हुई चोरी का नहीं हो सका खुलासा**

थाने से महज 500 मीटर दूरी पर उपनगर वार्ड नंबर 3 बेवरी निवासी शीला पत्नी विजय प्रताप यादव के मकान में बीते गुरुवार को चोरों ने छत से घर के अंदर घुसकर गहनों व नगदी पर हाथ साफ किया था। पूर्व में हुई चोरियों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है ।

# क्विक वाटरिंग सिस्टम से पानी बचाएगा रेलवे

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों को संरक्षित, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही कोचों में पानी की त्वरित आपूर्ति हेतु विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित कर रहा है। जल संरक्षण हेतु प्रतिबद्ध पूर्वोत्तर रेलवे एक तरफ जहां स्टेशनों पर प्लेटफार्मों की साफ-सफाई मैकेनाइज्ड तरीके से किया जा रहा है वहीं कोचों के धुलाई, आधुनिक ऑटोमेटिक कोच वाशिंग प्लांट द्वारा किया जा रहा है, जिससे पानी की बचत हो रही है। अल्प समय में कोचों में पानी की आपूर्ति के लिए क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित किये जा रहे हैं। इस व्यवस्था के लग जाने से पानी भरने में आधे से कम समय लगता है। पूर्वोत्तर रेलवे के बनारस, छपरा, मऊ, गोरखपुर, ऐशबाग, फर्रुखाबाद, लालकुआँ एवं कासगंज सहित कुल 08 स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित किये जा चुके हैं, जबकि सीतापुर तथा बलिया स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम स्थापित किये जाने का कार्य प्रगति पर है। इन स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम लग जाने से 24 कोचों की ट्रेनों में पाँच से छः मिनट में पानी भरा जा सकता है। क्विक वाटरिंग सिस्टम से ट्रेनों में पानी की उपलब्धता, प्रेशर, मात्रा, खपत, फ्लो एवं पानी भरी जाने वाली ट्रेन का नम्बर इत्यादि एक ही स्क्रीन पर देखा जा सकता है, जिस पर वाटरिंग कार्य के आंकड़े रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिये उपलब्ध रहते हैं। इस सिस्टम से ट्रेनों में कम समय में पानी भरे जाने के कारण ट्रेनों का विलम्बन नहीं होता है तथा कोचों में पानी की उपलब्धता से यात्री संतुष्टि बनी रहती है। क्विक वाटरिंग सिस्टम से कोचों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, जिससे यात्री संतुष्टि का स्तर बढ़ा है।

# भगवान परशुराम की जयंती की पूर्व संध्या पर हुई गोष्ठी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जिला अधिवक्ता सभागार के बगल में आज भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सपा पूर्व महानगर उपाध्यक्ष व्यंकटेश्वर नाथ तिवारी एडवोकेट ने किया तथा संचालन शशिभूषण पाण्डेय एडवोकेट ने किया। उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम न्याय, सत्य और धर्म के प्रतीक थे और उनका जीवन हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने और धर्म का पालन करने की प्रेरणा देता है। कीर्ति निधि पाण्डेय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी व शिवा शुक्ला वरिष्ठ नेता सपा ने भगवान परशुराम के विचारों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने सभी से भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलने और समाज में प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया। वर्तमान समय में देश और प्रदेश की



सरकार राजनीतिक ओर सामाजिक रुप से ब्राम्हणों का नुकसान कर रही है जरूरत है सभी एकजुट हो कर अपने मान सम्मान की रक्षा करने का कार्य करे और देश और प्रदेश की सरकार को कड़ा संदेश देने का कार्य करे। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से मौजूद अजय स्वरूप पाठक एडवोकेट, संतोष कुमार यादव, योगेश कुमार मिश्रा, विपिन उपाध्याय, उपेंद्र धर दुबे, अरविंद कुमार पाठक एडवोकेट, अरविंद कुमार यादव, संतोष कुमार गोंड, संतोष त्रिपाठी, योगेन्द्र मिश्रा, अजय तिवारी,सूर्यकांत राय, रत्नेश पाठक, विंध्यवासिनी जायसवाल कुलदीप पाठक, राम आशीष यादव, राम रुप त्रिपाठी, गंगेश्वर त्रिपाठी, चंद्र भूषण पाण्डेय, धर्मेंद्र पांडे, अशोक कुमार यादव, विकास पांडेय, अजय कुमार पांडेय, राज कुमार पांडेय, कमलजीत यादव, विकास यादव कक्कू, रमेश चंद्र पांडेय, राजू दुबे, रमाकांत पाण्डेय, मुरारी यादव, अनिमेष पाण्डेय, शिवा उपस्थित थे।

### गोरखपुर तक चलेगी दुर्ग-नौतनवां एक्सप्रेस

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन निर्माण के कारण कई गाड़ियों को शार्ट ओरिजिनेट/शार्ट टर्मिनेट किया गया है। दुर्ग से 30 अप्रैल को चलने वाली 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस नौतनवा के स्थान पर गोरखपुर में यात्रा समाप्त करेगी तथा नौतनवा से 2 मई को चलने वाली 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस नौतनवा के स्थान पर देवरिया से चलाई जायेगी।

### उधना स्टेशन पर रूकेगी छपरा-सूरत विशेष गाड़ी

**गोरखपुर।** सूरत स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के द्वितीय चरण में एयर कॉनकोर्स के निर्माण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 3 को ब्लॉक किये जाने के कारण छपरा से 30 अप्रैल को चलने वाली छपरा-सूरत विशेष गाड़ी उधना स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी।

# प्रभु परशुराम की जयंती मनाई गई



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** सामाजिक कार्यकर्ता नीतेश पांडेय ने कहा अमरत्व प्राप्त, भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम सबके जीवन के लिए एक आदर्श है। उन्होंने जीवन भर केवल अन्याय, अधर्म, अत्याचार के विरूद्ध ही शस्त्र उठाया था। उनके पदचिन्हों पर चलना होगा। तभी समाज को न्याय मिलेगा। उक्त बातें उन्होंने क्षेत्र के बेला चौराहे पर आयोजित भगवान परशुराम जयंती समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही।

ब्राह्मण रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत उपाध्याय ने कहा हम अपने आदर्श, दायित्व आदि से विमुख होते जा रहे हैं। गगन भेदी जयघोष व हर्षोल्लास के साथ जुलूस बेला, गौरा, महुंअवा पिपराइच नगर सहित क्षेत्र में भ्रमण करते हुए समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर शिवेंद्र उर्फ राजन तिवारी, सभासद मनोज तिवारी, अविनाश शुक्ला, विश्वास तिवारी, संदीप दूबे, दिव्यांशु पांडेय, ज्ञान प्रकाश, हिमांशु उपाध्याय आदि शोभायात्रा में शामिल हुए।

# मेडिकल कॉलेज में 22 घंटे से बिजली गुल

**गोरखपुर।** बीआरडी मेडिकल कॉलेज में रविवार शाम से सोमवार शाम तक करीब 22 घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इस दौरान मरीजों और तीमारदारों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली जाने के कारण अस्पताल परिसर में पानी की सप्लाई भी पूरी तरह बाधित हो गई। अस्पताल के कई वार्डों में पानी की टंकियां सूख गईं, शौचालयों में गंदगी फैल गई और मरीजों के परिजन पानी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। रविवार शाम करीब सात बजे तेज आंधी के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। इसके बाद सोमवार शाम करीब पांच बजे बिजली वापस आई। अस्पताल प्रशासन ने शुरू में बैकअप व्यवस्था के तहत जनरेटर से कई जगह बिजली आपूर्ति तो की, लेकिन पानी का मोटर जनरेटर से नहीं जुड़ा होने के कारण टंकियों में भरा पानी खत्म हो गया। सोमवार तड़के लगभग तीन बजे से ही टंकियों का पानी पूरी तरह खत्म हो गया था। इसके बाद से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को करीब 12 घंटे तक पानी के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रामकुमार जायसवाल ने बताया कि पानी की मोटर को जेनरेटर से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि इस कमी के कारण मरीजों और तीमारदारों को असुविधा हुई। डॉ. जायसवाल ने कहा कि भविष्य में बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में पानी की व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए विशेष योजना बनाई जा रही है।

# सम्मान पाकर छात्राओं के खिले चेहरे



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** एसपी साउथ जिंतेंद्र कुमार व मत्स्य जीवी सहकारी समिति के चेयरमैन वीरू साहनी ने गोरखपुर के चारपानी बुजुर्ग निषाद धाम मंदिर पर हाईस्कूल व इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। चारपानी बुजुर्ग गांव में मा भवानी सेवा समिति द्वारा गरीबो को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। जिसका पूरा खर्च दिनेश निषाद के द्वारा किया जाता है। इंटर में जिले के सेकंड टॉपर आलोक निषाद जिनका नंबर 95 पॉइंट है इनको मत्स्य जीवी सहकारी संघ के अध्यक्ष वीरू साहनी ने मेडल पहनकर सम्मानित किया। एसपी साउथ जिंतेंद्र कुमार ने कहा कि दिनेश निषाद के द्वारा निशुल्क शिक्षा ग्रहण करवाने का काम बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर चंदन निषाद, शुभम निषाद, राकेश निषाद, रत्नेश निषाद, सोनी निषाद मौजूद रहे।

# एम्स व स्वास्थ्य विभाग मिलकर चलाएंगे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

## डुमरी खास के 11 गांवों में होगा हेल्थ डेमोग्राफिक सर्वे, येल यूनिवर्सिटी भी करेगा इस कार्यक्रम में सहयोग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** गोरखपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक नई पहल की जा रही है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गोरखपुर और जिला स्वास्थ्य विभाग मिलकर सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर कार्य करेंगे। इस सहयोग के तहत हेल्थ डेमोग्राफिक सर्विलांस सिस्टम की स्थापना की जाएगी, जिसके जरिए डुमरी खास एपीएचसी क्षेत्र के 11 गांवों में स्वास्थ्य से संबंधित गहन अध्ययन किया जाएगा। मंगलवार को एम्स गोरखपुर के डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिटी मेडिसिन के अध्यक्ष डॉ मधुसूदन और येल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मिस्टर ब्रान ने सीएमओ डॉ राजेश झा से



मुलाकात कर इस प्रस्ताव पर चर्चा की। दोनों पक्षों के बीच अध्ययन से जुड़े विषयों जैसे संचारी रोगों की रोकथाम, जलवायु परिवर्तन का स्वास्थ्य पर प्रभाव, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और जन्म-मृत्यु आंकड़ों के विश्लेषण पर सहमति बनी। इससे पहले सोमवार को सीएमओ डॉ झा ने एम्स गोरखपुर का दौरा किया था और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रहे कार्यक्रमों में सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर बातचीत की थी। उन्होंने वहां मॉडल टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण भी किया। डॉ झा ने बताया एम्स गोरखपुर के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग काम करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इससे समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। हम पहले से ही झरना टोला शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर एम्स विशेषज्ञों की ओपीडी चला रहे हैं और गांवों में भी सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को गति दे रहे हैं। एम्स गोरखपुर द्वारा गांव गोद लेने की योजना, ओपीडी सेवाएं, और संभावित शोध कार्यों का विस्तार ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। येल यूनिवर्सिटी का इसमें शामिल होना इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता दिला सकता है।

# सीमा क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर कार्यवाही जारी



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** भारत नेपाल सीमा के बफर जोन में संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच कर कार्यवाही का सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा। जनपद बहराइच में अब तक एक दर्जन से अधिक मदरसों की जांच की गई जिनमें से पांच मदरसे पूरी तरह सील कर दिया गया है, जबकि आधा दर्जन से अधिक मदरसों को बगैर मान्यता मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी दी गयी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने आज मोतीपुर थाना क्षेत्र के मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा की सघन जांच की तथा मदरसे के वैध दस्तावेज मांगे जिस पर मदरसा संचालक अब्दुल अजीज मदरसे की भूमि तथा आय-व्यय, प्रवेश एवं छात्र उपस्थित रजिस्टर समेत कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। मदरसा अनियमित तरीके से संचालित पाये जाने पर सील कर दिया गया है। मदरसा संचालक को वैध कागजात प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत गौसुलवरा दरोगापुरवा तथा मदरसा अरबिया इस्लामिया अनवारुल कुरान गोपिया को मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी जारी की गयी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र में बताया कि जांच में पाया गया अधिकांश मदरसे निजी मकान में बिना किसी कागजात के , भवन, मानक के अनधिकृत रूप से संचालित है। ज्ञातव्य है, कि भारत नेपाल सीमा ओपन बोर्डर है, जहां से एक दूसरे देश में लोगों का बिना वीजा पासपोर्ट के आवागमन होता रहता है। ऐसे संवेदनशील बॉर्डर एरिया में बिना मान्यता और बिना नियम कानून, मानक के मदरसे संचालित हो रहे हैं ऐसे मदरसे सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत संवेदनशील हो जाते हैं। सीमा की संवेदनशीलता और सुरक्षा के महत्व को देखते हुए बफर जोन में संचालित उन अनधिकृत मदरसों को सीज करने की कार्यवाही की जा रही है जिसमें अब तक रूपईडीहा थाना क्षेत्र के चार तथा मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक मदरसे को सीज किया गया है जिसमें मदरसा अल जामिअतुल गौसिया मिस्बाहुल उलूम बाबागंज, मदरसा अरबिया इस्लामिया बदरुल उलूम बाबागंज, मदरसा दारुल उलूम गुलशने सैयद महबूब अशरफ रंजीतबोझा, मदरसा इस्लामिया कासिमुल उलूम नई बस्ती तथा मोतीपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा शामिल हैं।

## जनप्रतिनिधियों से प्राप्त होने वाले पत्रों के लिए अलग पंजिका रखें अधिकारी : डीएम

**स्वतंत्र भारत बहराइच ।** प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं से असंतृप्त व्यक्तियों को आच्छादित किये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मा. जनप्रतिनिधियों की ओर से प्राप्त होने वाले पत्रों पर समयबद्धता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा प्राप्त होने वाले पत्रों के सम्बन्ध की गई कार्यवाही की विस्तृत रिपोर्ट भी मा. जनप्रतिनिधियों को समय से प्राप्त करायी जाये। डीएम मोनिका रानी ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जनप्रतिनिधियों की ओर से प्राप्त होने वाले पत्रों हेतु एक अलग से पंजिका रखी जाय जिसमें प्राप्त हुए पत्रों का सम्पूर्ण विवरण तथा निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का विवरण के दर्ज किया जाय।

# डीएम ने किया कटे होंठ व तालू के मरीजों के लिए निःशुल्क कैंप का शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत, श्रावस्ती,**। सू0वि0। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सिप्स अस्पताल लखनऊ, स्माइल ट्रेन द्वारा संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सिप्स अस्पताल की ओर से आये चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित उपचार हेतु सलाह भी दिया। इस दौरान कटे-फटे होंठ एवं कटे तालू के बच्चे 19 वर्ष तक के ग्रसित कुल 75 बच्चों का पंजीकरण हुआ, जिसमें कटे-फटे होंठ एवं कटे तालू के 45 बच्चों को इलाज के लिए सिप्स हॉस्पिटल लखनऊ रेफर किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया है कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आरबीएसके कार्यक्रम के प्रति लोगो में जागरूकता फैलाना तथा गरीब बच्चों व परिजनों को उनके चेहरों पर नयी मुस्कान देना है। उन्होंने कहा कि शिविर में इलाज हेतु चयनित बच्चों का ऑपरेशन और सम्पूर्ण इलाज निःशुल्क है। उन्होने यह भी बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम तमाम गरीब असहाय परिवार और बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस कैम्प में पहुंचकर इसका लाभ उठाने हेतु अपील की है।सिप्स अस्पताल प्लास्टिक सर्जन व स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के डायरेक्टर डा0 रितेश पुरवार और उनकी टीम द्वारा बताया गया कि कटे हुए होंठ वाले बच्चों का ऑपरेशन होने के समय उनकी उम्र कम से कम 4 से 6 महीने व वजन 5 किलोग्राम होनी चाहिए। वहीं तालू की समस्या वाले बच्चों की उम्र 9 से 12 महीने व वजन 7 किलोग्राम होनी चाहिए।डीईआईसी मैनेजर प्रतीक शाक्य ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 6 सप्ताह से 6 वर्ष के बच्चों का आंगनवा?ी केन्द्रों पर एवं 6 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों का स्कूलों में मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, इसके अलावा प्रसव केन्द्रों पर प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा एवं अन्य जन्में बच्चों का गृह भ्रमण के दौरान आशा द्वारा परीक्षण किया जा रहा है, जिससे जन्म से कटे होंठ एवं कटे तालू वाले बच्चों का चिन्हांकन किया जा सके।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अशोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 ए.डी.गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विनय श्रीवास्तव, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा0 के.के. वर्मा, डी0ई0आई0सी0 मैनेजर प्रतीक शाक्य सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व चिकित्सकगण तथा भारी संख्या में

## खबर एक नजर

### तहसील भिनगा के 2 और अवैध मदरसों को कराया गया बन्द

**स्वतंत्र भारत, श्रावस्ती,** । सू0वि0। जिले में अवैध एवं बिना मान्यता के संचालित मदरसों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज कार्यवाही के चौथे दिन तहसील भिनगा अन्तर्गत मदरसा मकतब सिराजुल उलूम बरगदवा दा0 शाहपुर बरगदवा एवं मदरसा जियाउल कुरान बगही दा0 बीरपुर को मान्यता के सम्बन्ध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत न करने के कारण बन्द कराया गया।जनपद में समस्त तहसीलो के अंतर्गत अब तक कुल 34 मदरसों को बन्द कराया गया।

### डीएम ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं, निस्तारण का दिया निर्देश

**स्वतंत्र भारत, श्रावस्ती,** । सू0वि0। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आमजन की समस्याओं व शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन पर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 07 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि सम्बन्धित प्रकरणों में तत्काल समुचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही कृत कार्रवाई के बाद उन्हें भी अवगत कराना सुनिश्चित करें। निस्तारण के अवधि में लेटलतीफी कदापि न बरती जाए। इसके लिए फरियादियों से समन्वय स्थापित कर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### डीएम व एसपी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण कर लिया जायजा

**स्वतंत्र भारत, श्रावस्ती,** । सू0वि0। भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने जनपद मुख्यालय पर लेक्ट्रेट में स्थित ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में रखे बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट तथा वी0वी0पैट की सतत निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने तथा सीसीटीवी कवरेज के डी0वी0आर0 के सतत संचालन/रिकार्डिंग के भी निर्देश दिये है इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट अमरेन्द्र कुमार वर्मा, उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी, जिलाध्यक्ष सपा सर्वजीत यादव, भाजपा से मंजर हसन, बसपा से दिनेश कुमार पासवान, जिला महासचिव कांग्रेस चन्द्रपाल सहित निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक सुनील श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### दो पर गैंगस्टर एक्ट में अभियोग दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़**।जिले मे गैंगस्टर आरोपियों की बाढ़ आ गई है जिन्हें बिखरे हुए चिल्लर की तरह सिपाही समेट रहे है।योगी सरकार मे गैंगस्टर शब्द का हौवा नेस्तानाबूत होता दिख रहा है।लालगंज कोतवाल नीरज यादव के नेतृत्व मे सक्रिय गिरोह सरगना प्रमुख कुलदीप सरोज पुत्र दूधनाथ सरोज निवासी लाला का पुरवा, सूबेदार तिवारी पुत्र राज नारायण तिवारी निवासी धारूपुर के ऊपर गैंगस्टर एक्ट मे अभियोग पंजीकृत किया गया है। ये गिरोह दीवानगंज बजार से फरवरी 23 मे मोटर साईकिल चोरी किया जिसके सम्बंध मे थाना सांगीपुर में अभियोग पंजीकृत है।अक्टूबर 23 मे मोटर साईकिल चोरी के मामले मे जेठवारा थाना में अभियोग पंजीकृत है।सितंबर 24 मे लालगंज पुलिस चेकिंग कर रही थी उस समय ये लोग चोरी की मोटर साईकिल से थे जो भागने लगे,पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा था तब इनकी निशानदेही पर चोरी की 12 मोटर साईकिल बरामद हुई। कुलदीप पर सात और सूबेदार तिवारी पर 5 अपराधिक मामलों में अभियोग दर्ज है।

### चोरी के समान के साथ चोर गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़**।नवाबगंज थाना के वाजिदपुर प्राथमिक विद्यालय मे हुई चोरी के मामले मुकदमा दर्ज कर पुलिस सुरागसी पतारसी मुखबिर खास की सूचना पर थानाध्यक्ष सन्तोष सिंह के नेतृत्व मे एसआई मुकेश सिंह परिहार,गुलाब सिंह,शिशिर पटेल,राज नारायण सिंह आदि ने थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी मयूर तिवारी पुत्र राजेंद्र कुमार तिवारी निवासी बैराना वाजिदपुर,जावेद खान पुत्र मो.अनीश निवासी वाजिदपुर,जसवंत सेन पुत्र राम हर्ष निवासी छत्ता का पुरवा मजरे कोराली, सानू अहमद पुत्र नजीर अहमद निवासी सबीशपुर थाना ऊंचाहार रायबरेली को चोरी की मोटर साईकिल व निशानदेही पर चोरी के अनाज और अन्य समान बरामद किया गया।उक्त बरामदगी के सम्बंध मे मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

### जेल जाने के बाद सफाई कर्मी को किया निलम्बित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़**।जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे ने बताया है कि रामसजीवन सफाई कर्मचारी ग्राम पंचायत जयरामपुर विकास खण्ड शिवग? किसी कारण से पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है।रामसजीवन सफाई कर्मचारी 3 अप्रैल से कारागार में निरूद्ध है।रामसजीवन सफाई कर्मचारी ग्राम पंचायत जयरामपुर के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ करते हुये इन्हें 3 अप्रैल से तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है।निलम्बन अवधि में रामसजीवन सफाई कर्मचारी को वित्तीय हस्तपुस्तिका के खण्ड-2 से भाग 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता अर्द्ध औसत,अर्द्धवेतन पर देय अवकाश के बराबर होगा।प्रकरण में सहायक विकास अधिकारी पंचायत पट्टी को जांच अधिकारी नामित करते हुये उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे 15 कार्य दिवस के अन्दर आरोप पत्र जिला पंचायत राज अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

### गौ तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद आसपुर देवसरा** प्रतापगढ़।आसपुर देवसरा थाना के उपनिरीक्षक राजन कुमार बिंद ने थाना हाजा पर गौ कसी मे दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी निन्हे उर्फ बच्चा उर्फ मो हुसैन पुत्र स्व मो साबिर अली निवासी लाहमनी थाना महाराजगंज जनपद जौनपुर को कोपा मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सीएम डैशबोर्ड व आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व आई.जी.आर.एस. सन्दर्भों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि असंतुष्टि के प्रकरणों में कमी लाने के लिए सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से शिकायतकर्ता से वार्ता करें जिससे संतुष्टि में इ?ाफा हो सके। डीएम ने कहा कि यदि किसी विभाग की लापरवाही से जिले की रैंक प्रभावित होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध क?ी कार्यवाही की जायेगी। डीएम तहसीलों व ब्लाकों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार लाया जाय।विभागवार समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि जिन विभागों की प्रगति 'ए' श्रेणी से निम्न है उनके द्वारा प्रगति में सुधार के लिए प्रयास किया जाय। डीएम ने यह भी कहा कि जिन विभागों की श्रेणी 'ए' है, ऐसे विभाग 'ए' प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और 'ए' प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें। डीएम ने निर्देश दिया कि विद्युत बिल सुधार, खराब ट्रांसफार्मर किसान सम्मान निधि से सम्बन्धित कोई आवेदन-पत्र लम्बित न रहे। डीएम ने पीएम सूर्यघर योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावशाली से ढंग से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि पेंशन से सम्बन्धित मामलों में पात्र लाभार्थियों को समयबद्धता के साथ लाभान्वित किया जाय। बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया कि मानक के अनुसार विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों व एसडीएम को निर्देश दिया कि तटबन्धों का निरीक्षण कर बा? से पूर्व ही संवेदनशील स्थानों का चिन्हांकन कर फुलप्रूफ कार्ययोजना तैयार कर ली जाय। डीएम ने इस सम्बन्ध में मा. जनप्रतिनिधियों से भी सुझाव प्राप्त कर लिये जायें। एसडीएम को निर्देश दिया गया कि जिस विभाग को भूमि का आवंटन किया गया और वह विभाग सम्बन्धित परियोजना के लिए यदि भूमि का उपयोग नहीं कर रहे हैं तो लेखपाल से जांच कराकर उपयोग में न लायी जाने वाली भूमि दूसरे विभागों को आवंटित कर दी जाय।इस अवसर पर सीडीओ मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीडीओ राजेश कुमार, डीआईओएस मनोज कुमार अहिरवार, बीएसए आशीष कुमार, एडीएसटीओ अर्चना सिंह, ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह, डीएचआईओ बृजेश सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, डीएफओ बहराइच, सम्बन्धित एसडीएम, बीडीओ जनपद स्तरीय अधिकारी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ महारैली में बहराइच की रही भागीदारी



**स्वतंत्र भारत बहराइच।,** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं आयोजक मण्डल के सदस्य शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने तमाम पदाधिकारियों के साथ अटल प्रेक्षागृह मैदान झण्डे वाला चौराहा बस्ती में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित संविधान बचाओ महारैली में भागीदारी किया। साथ ही अपने जनपद बहराइच में हुए अब संगठन सृजन एवं जनान्दोलन की विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव श्री अविनाश पाण्डेय तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अजय राय जी को प्रस्तुत किया। उक्त जानकारी देते हुए प्रशिक्षक एवं कार्यक्रम इंचार्ज विनय सिंह ने बताया कि विगत 9 अप्रैल 2025 को अहमदाबाद गुजरात में कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अधिवेशन में सामाजिक न्याय के लिए न्याय पथ पर चलने हेतु शीर्ष नेतृत्व के मौजूदगी में पारित प्रस्ताव का उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से समर्थन किया। इसके अलावा जून माह तक ब्लॉक स्तर पर संगठन सृजन करने तथा प्रत्येक जिले की तरह बहराइच जनपद में भी संविधान बचाओ रैली करने, कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर लगाने तथा ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस कमेटी का कार्यालय स्थापित करने के साथ साथ आतंकवाद के विरुद्ध लामबंद होने जैसे निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि 7मई तक सभी ब्लॉक प्रभारियों से संगठनात्मक रिपोर्ट जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है। इस दौरान कांग्रेस नेता रवि श्रीवास्तव धर्मेन्द्र चौधरी, मुस्तकीम सलमानी सुन्दर लाल, नसीम इदरीसी, जगदीश सिंह सादात अहमद विजय पोरवाल एहसान वारिस मन्नू गिरि सहित कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन सृजन पर जोर दिया।

# मौलाना के जेल जाने के बाद दलित परिवार की घर वापसी



**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़**।गांव के दलित परिवार को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने वाले मौलाना के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर जेल होने के बाद सामाजिक दबाव एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश सिंह की पहल के बाद दलित युवक शनि कुमार की आज घर वापसी हुई।इस मौके पर शनि कुमार के माता-पिता ने आज घर पर स्वामी श्री सत्यनारायण जी की कथा एवं हवन का आयोजन किया।जिसमें गांव समाज के साथ उसके रिश्तेदार भी सम्मिलित हुए।बता दें कि जेठवारा थाना के अकरियापार गांव के सुभाष चंद्र कोरी का बेटा सनी कुमार की मुलाकात लोकापुर बाजार की चांद तारा मस्जिद के मौलाना शाहिद से हुई,तो मौलाना ने उसका धर्म परिवर्तन कराने की बदनियत से उसकी आर्थिक कमजोरी का फायदा उठाते हुए उसकी मदद करने लगा,धीरे-धीरे मौलाना ने उसके परिवार के सदस्यों को भी अपने झांसे मे ले लिया।मौलाना ने शनि को नमाज पढ़ना सिखाया।रोज अभ्यास करके शनि कलमा पढ़ना सीख लिया और मस्जिद जाकर नियमित नमाज पढ़ने लगा।साथ ही अपने भाई और दो बहनों को भी कलमा सिखाना शुरू कर दिया।एक दिन शनि की दोनों बहने जब बुर्का पहनकर बाहर निकलीं तो पड़ोसियों ने देख लिया और जेठवारा पुलिस को सूचना दे दिया।जांच के बाद धर्म परिवर्तन के मामले का खुलासा हो गया और मौलाना शाहिद पुलिस की गिरफ्त में आ गया।मौलाना शाहिद सनी को आर्थिक सहयोग एवं तंत्र-मंत्र सिखाने का लालच देकर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया।वह मौलाना के साथ चोरी छुपे मस्जिद में नमाज भी पढ़ने लगा!धर्म परिवर्तन के बाद मौलाना शाहिद सनी को ईद पर कपड़े के साथ खाने पीने की सामग्री भी देता था।

## एमआरएस पब्लिक स्कूल का मनाया वार्षिकोत्सव

**स्वतंत्र भारत संवाद बाबागंज प्रतापगढ़**।नगर पंचायत हीरागंज बाज़ार के चकरा लक्ष्मीगंज स्थित एमआरएस पब्लिक स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र बहादुर सिंह ने माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति से सभी मनमुग्ध हुए।प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## भ्रष्टाचार : लाखों से नव निर्मित सड़क में मानक दरकिनार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़**।कुंडा तहसील अन्तर्गत बिहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोर्राही द्वितीय मे एक माह पूर्व बरगद के पेड़ से सराय अंधराय गांव तक सड़क का नव निर्माण कार्य किया गया है। उक्त सड़क का नव निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 से होना बताया जा रहा है।उक्त नवनिर्मित सड़क की लम्बाई लगभग एक किलो मीटर और चौड़ाई पौने चार मीटर तथा लागत करीब 55 लाख रुपए से अधिक हो सकती है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण मे मानक दरकिनार कर कार्य किया गया है।नव निर्माण कार्य में जी 3 गिट्टियों की कुटाई मानक अनुसार नही किया गया है तो वहीं उसकी मोटाई में धांधली किया गया है।जी-3 गिट्टियों की कुटाई के बाद पत्थर चूर्ण आदि का कोट होना प्रतीत नही होता है, वहीं पीसी मोटाई कुटाई और सील कोट कार्य दोषपूर्ण दिखाई देते है।पीसी मोटाई एवं कुटाई मे जमकर धांधली किया गया है।नवनिर्मित सड़क मे ऊंच नीच की स्थिति बनी हुई है, लेवल का ध्यान रखे बिना ठेकेदार और जेई तथा मेट सड़क काली कर चलते बने।सड़क निर्माण उपरान्त यातायात सांकेतिक चिन्ह नही लगाया गया है और न ही प्रोजेक्ट बोर्ड लगा है। खराब सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों मे आक्रोश व्याप्त है।

## हेडमास्टर ने लापरवाह सहायक अध्यापकों की बीईओ से की शिकायत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़**।शिवगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अवधानपुर के प्रधानाध्यापक राम कृष्ण यादव ने खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि सहायक अध्यापक धर्मेन्द्र कुमार पटेल,दिलशाद खान कार्यों को करने के लिए कहा जाता है तो करने के बजाय टालते है।डीबीटी,यूडाईज, प्रेरणा पोर्टल आदि कार्य लम्बित रहते है।ये लोग मोबाईल पर बात करते हुए बाग मे टहलते रहते है।जिस कारण शैक्षणिक कार्य के साथ-साथ विद्यालय की साख धूमिल हो रही है,जिससे बच्चों की संख्या में लगातार कमी होती जा रही है।स्कूल मे पढ़ाई नही होने के कारण अभिभावक शिकायत करते रहते है।

## कांशीराम कालोनी मलिन बस्ती में नाली की सफाई

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़**।अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बेल्हा राकेश कुमार ने बताया है कि नगर पालिका परिषद बेल्हा द्वारा काशीराम कालोनी मलिन बस्ती में नाली की साफ-सफाई व एण्टी लार्वा एवं फागिंग का कार्य विगत चार दिनों से नियमित रूप से कराया जा रहा है एवं समस्त 25 वार्डो में संचारी रोग के दृष्टिगत विशेष अभियान चलाकर मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण एवं बचाव हेतु नाला गैंग के माध्यम से नालियों की साफ-सफाई कार्य कराते ।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल-लखनऊ।**
निकट–विकास भवन, सर्वोदय नगर, लखनऊ।
E_mail:- seredlucknow@gmail.com

पत्रांक :–187/ग्रा0अ0वि0/निविदा/लखनऊ/2025–26 दिनांक–19.04.2025

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0 प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में **ए, बी एवं सी श्रेणी** में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से **ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार** पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् है:–

| क0सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत (लाख रु0 में) (जी0एस0टी0 रहित) | बिड सिक्योरिटी (लाख रु0 में) | जी0एस0टी0 सहित बिड डाक्यूमेंट का मूल्य (रु0 में) | वर्षा ऋतु सहित कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | लखनऊ | लखनऊ अयोध्या राज मार्ग, तिवारीगंज, चिनहट के निकट इमली बॉधन बाबा रोड निकट आसाम प्लाई बुड फैक्ट्री स्थित शंभू सिटी में श्री धर्मेन्द्र कुमार के घर से पारा का पुरवा सड़क तक रोड व नाली निर्माण कार्य। | 42.54 | 0.85 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | लखनऊ | काजी खेड़ा (सैधरवा) से काजी खेड़ा का खेड़ा (मैकुवा खेड़ा) तक सड़क निर्माण कार्य। | 47.64 | 0.95 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | लखनऊ | शाहपुर से रघुनाथ पुर तक सड़क निर्माण कार्य। | 44.12 | 0.88 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | लखनऊ | गढ़ी संजर खांडामर रोड से (कमले"ा मौर्य के घर के पास से) लखनऊ हरदोई मार्ग तक सड़क नि0 कार्य। | 44.96 | 0.90 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | लखनऊ | हटौली से डीहा (हिम्मत खेड़ा) तक सड़क नि0 कार्य। | 34.19 | 0.68 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | लखनऊ | इन्दिरा प्रियदर्शनी वार्ड के अन्तर्गत चांदन गांव में मेन रोड से राजनारायण भदौरिया के मकान से होते हुए अवंतिका विहार मंदिर तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 37.49 | 0.75 | 5000.00 | 03 माह |
| 7 | लखनऊ | इन्दिरा प्रियदर्शनी वार्ड के अन्तर्गत सुग्गामऊ कृष्णा विहार से विकास सिंह के मकान के आगे तक सड़क का निर्माण कार्य। | 42.40 | 0.85 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | लखनऊ | इस्माइल गंज द्वितीय वार्ड में पंचवटी कालोनी मे विभिन्न गलियो में सड़क निर्माण कार्य। | 91.78 | 1.84 | 5000.00 | 04 माह |
| 9 | लखनऊ | विधान सभा पश्चिम, वार्ड न्यू हैदरगंज द्वितीय राधा विहार कालोनी मे नीतू जोशी के मकान से प्रवेश के मकान होते हुए महात्मा सार्वजनिक विद्यालय की ओर सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 65.80 | 1.32 | 5000.00 | 03 माह |
| 10 | लखनऊ | विधान सभा पश्चिम, वार्ड हैदर गंज तृतीय श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव के मकान से प्रदीप कुमार खन्ना के मकान तक निर्माण कार्य। | 38.05 | 0.76 | 5000.00 | 03 माह |
| 11 | लखनऊ | विधान सभा पश्चिम, वार्ड न्यू हैदरगंज द्वितीय योगी पुरम में अमर रावत के मकान से लिंक रोड निर्माण कार्य। | 64.71 | 1.29 | 5000.00 | 03 माह |
| 12 | लखनऊ | विधान सभा पश्चिम, वार्ड न्यू हैदरगंज द्वितीय, माया पुरम में प्राथमिक विद्यालय से डिप्टी खेड़ रोड की ओर रोड व नाली निर्माण कार्य। | 39.91 | 0.80 | 5000.00 | 03 माह |
| 13 | लखनऊ | फेजुल्लागंज तृतीय वार्ड सीतापुर रोड स्थित बैंक ऑफ बडौदा के बगल से सत्य लोक कालोनी में मुख्य मार्ग के लेपन कार्य। | 59.04 | 1.18 | 5000.00 | 03 माह |
| 14 | लखनऊ | जनकीपुरम द्वितीय वार्ड स्थित जानकीपुरम गार्डेन में श्री विवेक तिवारी एवं श्री मुकेश कनौजिया के घर के सामने वाली सड़क सी०सी० व नाली निर्माण कार्य। | 92.05 | 1.84 | 5000.00 | 04 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :– 01.05.25को दोपहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समय :– 01.05.25 को दोपहर 12.00 बजे से।
4. प्रि–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय:– 15.05.25 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय :– 01.05.25 .को अपरान्ह 12:30 बजे से।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय:– 21.05.25 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 21.05.25 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
9. निविदा आन–लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. निविदा आमंत्रण कर्ता को आईटीबी के क्लॉज–10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती हैकि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट https://etender.up.nic.inपर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भॉति पढ़ लें।

**अधीक्षण अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल–लखनऊ।**
**श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।**

उ0प्र0 233011 दिनांक- 26.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

## आतंकवाद की समाप्ति के लिए जीवन में आध्यात्म और सेवा का समावेश जरूरीः अमरनाथ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश की कार्यकर्ता बैठक 29 अप्रैल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिविल लाइंस स्थित आनंदा आश्रम कार्यालय में आहूत की गई। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश के संयोजक अमरनाथ जी भाईसाहब ने हाल में ही घटित हुई पहलगाम आतंकी घटना में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।वरिष्ठ प्रचारक अमरनाथ ने कहा कि आतंकवाद का एकमात्र इलाज है कि हम सब अपने जीवन में आध्यात्म और सेवा का समावेश करें और अपने जीवन में गीता के ज्ञान का उपयोग करते हुए समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति अपना कर्तव्य निर्वहन करें। बैठक में अभी हाल में ही संपनन हुए महाकुंभ वर्ष 2025 में सम्मिलित हुए सभी स्वयंसेवक बंधुओं के उत्साहवर्धन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य व हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक गुणवंत सिंह कोठारी जी के प्रयागराज में प्रवास संबंधी जानकारी को पदाधिकारी के समक्ष साझा किया गया।



## प्रयागराज मण्डल द्वारा गत वित्तीय वर्ष में चलाया गया सघन चेकिंग अभियान

**□ गंदगी फैलाने वाले 26253 यात्रियों से वसूला गया 31,23,925 रुपये जुर्माना**

**□ धूम्रपान करने वालों 711 यात्रियों से वसूला गया 1,39,125 रुपये जुर्माना**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** प्रयागराज मण्डल रेल यात्रियों को सुरक्षित, सुखद, आरामदायक यात्रा के साथ उत्कृष्ट सुविधाएँ प्रदान करने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में अनवरत अभियान चलाए जाते हैं । प्रयागराज मण्डल सभी यात्रियों को अच्छा भोजन, शुद्ध पेय जल, स्वच्छ शौचालयों की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ टिकट रहित और अनियमित यात्रा को रोकने और गाड़ियों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए निरंतर चेकिंग अभियान चलाता है । प्रयागराज मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गाड़ियों एवं स्टेशन परिसर में चलाये गए चेकिंग अभियानों में गंदगी फैलाने एवं धूम्रपान करने के




लिए कुल 26964 यात्रियों को प्रभारित कर 32,63,050 रुपये वसूले किया गया । इनमें से गंदगी फैलाने वाले 26253 यात्रियों से 31,23,925 रुपये जुर्माना वसूल किया गया एवं धूम्रपान करने वाले 711 यात्रियों से 1,39,125 रुपये जुर्माना वसूल किया गया ।

गाड़ियों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाना, धूम्रपान करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है । भारतीय रेलवे के नियम के अनुसार गंदगी फैलाने, धूम्रपान करते हुए पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जा सकता है या जेल हो सकती है या फिर दोनों हो सकते हैं। प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी सम्मानित रेल यात्रियों से अपील करता है कि असुविधा से बचने और सम्मान के साथ यात्रा करने के लिए गाड़ियों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी न फलाएं और न ही धूम्रपान करें ।

## इफको फूलपुर इकाई की टीम ने स्थानीय गाँव- चक मोहम्मद उर्फ़ पूरे का सूदी, में जाकर किसान चौपाल लगाया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।**आज इफको फूलपुर इकाई की टीम ने स्थानीय गाँव- चक मोहम्मद उर्फ़ पूरे का सूदी, में जाकर किसान चौपाल लगाया जिसमें किसानों को धान की फसल पर नैनो यूरिया प्लुस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग विधि के बारे में के बारे में बताया। टीम ने छिड़काव की विधि, इसकी मात्रा तथा इसके लाभ के बारे में बताया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि नैनो यूरिया प्लुस एवं नैनो डीएपी के उपयोग से ही कृषि का भविष्य सुरक्षित है। आगामी धान की फसल में कम से कम जमीन के एक हिस्से में खेती नैनो यूरिया प्लुस एवं नैनो डीएपी से ही करें तथा अंतर देखे। इस वर्ष इफको की तरफ से निःशुल्क ड्रोन उपलब्ध कराने की घोषणा की तथा कोर्डेट की टीम किसानो को ड्रोन विधि से छिडकाव का प्रशिक्षण देगी। चौपाल में किसानों ने नैनो यूरिया प्लुस एवं नैनो डीएपी के प्रति उत्साह दिखाया। इस दौरान कार्डेट के प्राचार्य डॉ हरिश्चंद्र,प्रबंधक प्रशिक्षण अनुराग तिवारी,जन सम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश, मुकेश तिवारी, ग्राम प्रधान- अमित यादव ,पूर्व प्रधान-प्रभुनाथ पाल, भोलानाथ, जीत लाल आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात चोरों ने जन सेवा केंद्र से दिनदहाड़े की चोरी लैपटाप सहित गल्ले से उड़ाए बीस हजार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र के बरहा कला (बहेलियापुर) में जन सेवा केंद्र में दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़ लैपटाप के अन्य सामान सहित बीस हजार नकदी उड़ाए । मामला तब सामने आया कि संचालक सुनील पटेल दोपहर अपने घर खाना खाने गए थे, वापस आए तो देखा तो सटर का ताला टूटा देखकर दंग रह गया। संचालक सुनील पटेल ने मांडा थाना में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरो ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने लैपटॉप और 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी करने की माग की

जब संचालक भोजन के बाद दुकान लौटे तो दुकान की स्थिति देखकर स्तब्ध रह गए। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दिघिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है चोरों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है

## आरपीएफ महिला आरक्षक को सराहनीय कार्य के लिए महानिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल ने किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** दिनांक 06.03.2025 को समय लगभग 08.00 बजे निरीक्षक कोसीकलां द्वारा ऑफ ड्यूटी रेखा, महिला कांस्टेबल, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोसीकलां को 05 मिनट में वर्दी लगाकर प्लेटफॉर्म संख्या 05 पर पहुंचने की सूचना मिली और बताया गया कि गाड़ी संख्या 11842 से यात्रारत एक गर्भवती महिला दर्द से कराह रही है।

महिला कांस्टेबल द्वारा अपने आवास से कपड़े आदि लेकर प्लेटफॉर्म संख्या 05 पर तुरन्त गर्भवती महिला के पास पहुंचने पर देखा गया कि उक्त महिला की डिलेवरी हो चुकी थी। कोई डाक्टर या नर्स मौके पर उपस्थित नहीं होने पर महिला कांस्टेबल द्वारा आरपीएफ स्टाफ को ब्लेड और कॉटन, पट्टी आदि लेने हेतु भेजा गया, ताकि डिलेवरी की आगे की प्रोसेस हो सके। इसके तुरन्त बाद नर्स को आरपीएफ स्टाफ द्वारा लाया गया। महिला कांस्टेबल रेखा एवं नर्स द्वारा उक्त महिला यात्री की नेचुरल डिलेवरी कराई गई तथा जच्चा-बच्चा को सुरक्षित सिविल अस्पताल कोसीकलां में भर्ती कराया गया। महिला आरक्षक रेखा द्वारा समय रहते अपनी सूझबुझ व अदम्य साहस का परिचय देते हुए महिला एवं उसके बच्चे की जान की सुरक्षा की। महानिरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज, अमिय नंदन सिन्हा द्वारा रेखा द्वारा किए गए उपरोक्त सराहनीय कार्य के लिये उन्हें रेलवे सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे द्वारा माह मार्च-2025 के लिए माह का सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी घोषित करते हुए पुरस्कृत किया गया है।



## नेहा सिंह राठौर के बयान पर कलाकार संघ का विरोध, देशद्रोह की कार्रवाई की मांग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। जाति, धर्म और राजनीति से ऊपर उठकर भारतवासी एकजुट होकर पाकिस्तान के खिलाफ खड़े हैं। देश का आम नागरिक ही नहीं, हर धर्म और वर्ग का व्यक्ति आतंकवाद के खिलाफ स्वर बुलंद कर रहा है।इसी बीच विवादों में रहने वाली कथित लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने पहलगाम हमले को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर देशभर में आक्रोश फैला दिया है। उनके बयान पर यमुनापार कलाकार संघ के अध्यक्ष प्रियांशु श्रीवास्तव ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रियांशु श्रीवास्तव ने कहा कि नेहा सिंह राठौर जैसे तथाकथित कलाकार, जो बार-बार सनातन संस्कृति और समाज पर आघात करते हैं, उन्हें देश में रहने का अधिकार नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग लोकगायन को बदनाम कर रहे हैं और समाज को भटकाने का काम कर रहे हैं।कलाकार संघ अध्यक्ष ने लखनऊ में दर्ज एफआईआर का हवाला देते हुए कहा कि नेहा को देशद्रोही घोषित कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने सभी कलाकारों से अपील की कि वे ऐसे लोगों का सामाजिक और सांस्कृतिक बहिष्कार करें। कार्यक्रम के दौरान संघ कार्यालय में शहीद सैलानियों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।



## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ ने प्रयागराज में लॉन्च किया अपना स्कॉलरशिप व एडमिशन पोर्टल

**□ छह मेन स्ट्रीम्स में 50 फ्यूचर ओरिएंटेड प्रोग्राम्स में मिलेगा एआई सपोर्टेड एजुकेशन, स्कॉलरशिप व प्लेसमेंट का लाभ**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।**प्रयागराज, 29 अप्रैल - भारत की नंबर वन प्राइवेट यूनिवर्सिटी का दर्जा रखने वाली चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लखनऊ में भारत के पहले एआई-सपोर्टेड निजी कैंपस की स्थापना की है। जहां छात्र-छात्राओं को छह मेन स्ट्रीम्स जिनमें इंजीनियरिंग, बिजनेस, हेल्थ और लाइफ साइंसेज, ह्यूमैनिटीज, लिबरल आर्ट्स समेत लीगल स्टडीज - में कुल 50 फ्यूचर-ओरिएंटेड, इंडस्ट्री कोलैबोरेटेड ग्रेजुएट व पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम्स का लाभ मिलेगा, जो सभी एआई सपोर्टेड होंगे। वहीं टॉप एआई कंपनी रैबिट एआई द्वारा 5 सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना होगी। रैबिट एआई द्वारा भारत में पहली बार किसी प्राइवेट यूनिवर्सिटी में सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना की जा रही है। यह जानकारी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चांसलर के सलाहकार प्रो. डॉ. मनोज जोशी ने प्रयागराज में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। डॉ जोशी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ की स्थापना को स्वीकृति दिए जाने के कुछ ही दिनों बाद यूनिवर्सिटी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से भी मान्यता प्राप्त हो गई है। यह एआई-सक्षम नया कैंपस शैक्षणिक सत्र 2025-26 से शुरू होगा। इस कैंपस में कुल 50 प्रोग्राम्स (34 ग्रेजुएट और 16 पोस्टग्रेजुएट) उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त, छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के साथ-साथ करोड़ों रुपये की स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी।चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के विजन पर प्रकाश डालते उन्होंने कहा की सीयू पहले से ही इंडस्ट्री को साथ लेकर चल रहा है,




जिससे यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को इंडस्ट्री के लिए पहले से ही तैयार किया जा सके। इंडस्ट्री के लीडर्स से सुझाव लेकर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने अपने पाठ्यक्रम को विशेष रूप से तैयार किया है । चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, लखनऊ भारत की पहली यूनिवर्सिटी बन गई है, जिसने यूपी में एक ही दिन में 23 ग्लोबल इंडस्ट्री जाइंट्स के साथ एमओयू किया है, जिनमें गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एसएएस, आईबीएम, रैबिट एआई, क्विक हील केपीएमजी, एनएसई, पीडब्ल्यूसी और ग्रांट थॉर्टन, समेत एसीजी वर्ल्डवाइड ग्रुप, आरआर केबल लिमिटेड, हीथकाट.कॉम, सुबेक्स सिस्टम्स लिमिटेड, एचजीएस - हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस, आर्टसन लिमिटेड, टाटा एंटरप्राइजेज, कॉगिन्जेंट टेकनेलॉजी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फर्स्टक्राई (ब्रेनबीज सॉल्यूशंस लिमिटेड), इंफ्रा मार्केट, डीबी रियल्टी लिमिटेड, जेबीएम ऑटो लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड (जॉकी इंडिया) आदि शामिल रहे। जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, फिनटेक और साइबर सिक्योरिटी के भविष्य और उभरते क्षेत्रों में इंडस्ट्री रेडी प्रोग्राम पेश किए जा सकें। उन्होंने बताया की इन एमओयू के अनुसार गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, एसएएस, आईबीएम, रैबिट एआई और क्विक हील सहित इंडस्ट्री की दिग्गज कंपनियां इंजीनियरिंग प्रोग्राम और केपीएमजी, एनएसई, पीडब्ल्यूसी और ग्रांट थॉर्टन बिजनेस और कॉमर्स प्रोग्राम पेश करेंगी। जिनमें कुल 15 कोर्सेज में से 8 यूजी प्रोग्राम- बीटेक सीएसई (एआई और एमएल), बीटेक सीएसई क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा साइंस, बीबीए (फिनटेक), बीबीए (फिनटेक) एसीसीए के साथ, बी कॉम एसीसीए के साथ, बीसीए (डीएस), बीटेक सिविल इंजीनियरिंग और बीटेक (साइबर सिक्योरिटी) कॉम टीआईए के साथ पेश किए जाएंगे।

## प्रयागराज में ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर की मौत

### परिजनों ने मामा भांजा चौराहे पर किया चक्का जाम, पुलिस ने समझाकर खुलवाया रास्ता

**कोरांव प्रयागराज।** के नैनी भंडरा के 28 वर्षीय गोरे लाल की मंगलवार तड़के मामा भांजा चौराहे पर ट्रैक्टर दुर्घटना में मौत हो गई। गोरे लाल भंडरा निवासी सावा का ट्रैक्टर चलाता था। गोरे लाल भंडरा के रहने वाले सावा का ट्रैक्टर चलाता था। मंगलवार को वह मेजा से इंटरलॉकिंग ईंट पहुंचाने के बाद वापस लौट रहा था। वापस लौटते समय सुबह 4 बजे उनका ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। दुर्घटना के बाद चालक की लाश सुबह 6 बजे तक सड़क पर पड़ी रही। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर मालिक ने घटना के बाद वाहन को हटवा दिया। गुस्साए परिजनों ने रीवा राज्य मार्ग पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। लोगों ने वाहनों में तोड़फोड़ भी की। नैनी औद्योगिक क्षेत्र और घूरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को समझा-बुझाकर शांत किया और जाम समाप्त करवाया। मार्ग पर यातायात फिर से शुरू हो गया। मृतक गोरे लाल पुत्र फूलचंद 28 वर्ष नैनी थाना क्षेत्र के भंडरा गांव का रहने वाला था। वह गांव के ही सावा नाम के व्यक्ति के इंटरलॉकिंग ईंट के भट्ठे पर ट्रैक्टर चालक था। मृतक की मां ननकई है। मृतक चार भाई है।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दोस्तों पर शक

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के कोहड़ार स्थित एक होटल में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र 25 वर्षीय अच्युत त्रिपाठी की सोमवार देर रात फंदे से लटकती लाश मिली। घरवालों ने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है।

पुलिस अधिकारियों के साथ ही फोरेंसिक टीम ने मामले की जांच पड़ताल की। मृतक के एक दोस्त को पकड़कर मेजा पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य की तलाश हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार फतेहपुर जनपद के खागा नगर के जीटी रोड निवासी स्व. लल्लन त्रिपाठी के पुत्र अच्युत त्रिपाठी इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे थे। अच्युत के बड़े भाई जर्नादन त्रिपाठी फतेहपुर में भाजपा के नगर महामंत्री हैं। अच्युत इविवि में पढ़ाई करते हुए कटरा स्थित नेतराम चौराहे के पास किराये पर रहते थे। सोमवार रात करीब नौ बजे वह अपने दो दोस्त के साथ कोहड़ार स्थित एक होटल में पहुंचे। एक कमरा लिया। देर रात करीब एक बजे शहर में रहने वाले अपने चाचा के पुत्र के मोबाइल पर मैसेज किया कि उसे लिवा ले चलो। उसने अपनी लोकेशन भी भेजी। चचेरा भाई जब होटल में पहुंचा तो अच्युत के साथ गए उसके दो दोस्त कमरे के बाहर बैठकर खाना खा रहे थे। दरवाजा पर ताला लगा था। उसने अच्युत त्रिपाठी के बारे में पूछा तो कहा गया कि वह कमरे में है। जिस पर ताला खोलने को कहा, लेकिन दोनों ने ताला नहीं खोला। यह देखकर उसने ताला तोड़ दिया। कमरे में चादर के सहारे अच्युत त्रिपाठी की लाश लटक रही थी। घुटना तख्त पर टिका था। उसने दोनों दोस्तों से पूछा तो वह गोलमोल जवाब देते हुए वहीं बगल के रहने वाले एक व्यक्ति की बोलेरो ली और अच्युत त्रिपाठी की सांस चलने की बात कहते हुए एसआरएन अस्पताल के लिए रवाना हो गए। अस्पताल पहुंचे तो यहां पहले से अच्युत के कई मित्र पहले से ही मौजूद थे। एक दोस्त को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा भाग निकला। मेजा पुलिस ने पकड़े गए युवक को हिरासत में ले लिया। एसीपी मेजा रवि गुप्ता ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। और होटल मालिक समेत मृतक के दोस्तों व चचेरे भाई से बातचीत की। मंगलवार सुबह मृतक के भाई जर्नादन त्रिपाठी, हरिकेश आदि मेजा पहुंचे। पुलिस को तहरीर देते हुए हत्या का आरोप लगाया। एसीपी मेजा रवि गुप्ता का कहना है कि हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ की जा रही है। सभी बिंदुओं को खंगाला जा रहा है।

## एनयूजे प्रयागराज ने कैंडल मार्च निकाल कर दी पहलगाम मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**आतंकवाद को जड़ से मिटाने का निर्णायक कार्यवाही करे भारत सरकार :एनयूजे प्रयागराज**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रयागराज नेतृत्व संगठन के पदाधिकारीयो सदस्यो तथा शहर के पत्रकारो समाजसेवी ने कशमीर पहलगाम मे आतंकवादी घटना मे मारे गए मृतकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । यह कैंडल मार्च शाम सात बजे पत्थर गिरजाघर से शुरू होकर सुभाष चौराहा पहुच कर नेता जी सुभाष चद्रं बोस के प्रतिमा पर सभा कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गया तथा भारत सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक अभियान चला कर देश से आतंकवाद नामक नासूर को जड समाप्त करने की मांग देश सरकार के आतंकवाद विरोधी अभियान के साथ खडा है । श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने की संचालन संगठन मंत्री अखिलेश शुक्ला ने की । श्रद्धांजलि सभा को प्रमुख रूप से सम्बोधित संरक्षक पवन दिवेदी संरक्षक परवेज आलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव प्रवक्ता मनीष द्विवेदी। संरक्षक पवन द्विवेदी ने श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहाँ कि आखिर कब तक अपनो की लाशे देखते रहेंगे तथा कब तक श्रद्धांजलि देते रहेगे अब आतंकवाद पर निर्णायक कार्यवाही होनी चाहिए।संरक्षक परवेज आलम ने कहाँ कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या का जबाब जरूरी है आतंकवाद के कमर तोड़ने मे सरकार जो भी निणय लेगी और जो भी आतंकवादियो के खिलाफ जो भी कठोर से कठोर कार्यवाही करे पूरा देश का समर्थन सरकार के साथ है । वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव ने कहाँ अब आतंकियो दूारा एक भी भारतीय की हत्या बर्दाश्त नही सरकार हर स्तर पर इनसे सख्ती से निबटे देश सरकार के साथ है । प्रवक्ता मनीष दिवेदी ने कहाँ पहलगाम मे पर्यटकों के हत्या के बाद से पूरा देश सड़क पर है देश भर से एक ही आवाज उठ रही है सरकार आतंकियो को सबक सिखाए देश सरकार के साथ खडा है । कोषाध्यक्ष असद कुरैशी ने कहाँ आतंकवादी ने पर्यटकों की हत्या कर देश की सीना छलनी की जो कदापि बर्दाश्त नही किया जाएगा सरकार इनको सबक सिखाए पूरा देश सरकार के आतंकवाद के विरुद्ध कार्यवाही मे साथ है श्रदाजँली सभा मे अध्यक्षीय सम्बोधन मे जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने कहाँ पहलगाम मे निर्दोष पर्यटकों के हत्या के बाद से आतंवाद तथा आतंकवादियो प्रति गहरा आक्रोश है । इस आतंकवादी घटना से देश के सभी धर्म के लोग चाहे हिन्दू हो मुसुमान हो सिक्ख हो या इसाई हो पत्रकार हो चिकित्सक हो ब्यापारी हो समाज सेवी हो राजनेता हो सता और विपक्ष हो आम जनमानस हो सभी सरकार के साथ खडे है कशमीर से कन्याकुमारी तक एक ही आवाज देश मे आतंक का अंत हो । आतंक का बिरोध कशमीर से कन्याकुमारी तक बिरोध ने दुनिया को यह भी संदेश दिया की भारत एक है जिस मकसद से आतंकवादियो ने धर्म पुछकर हत्या की थी इससे तो यही लग रहा था की देश की एकता को खडित करना मकसद था परन्तु हमारे देश के हिन्दू मुस्लमान सिक्ख इसाई एक स्वर मे इस घटना का बिरोध कर यह भी दुनिया को बता दिया हमारी एकता को तोडन की कोई भी साजिश सफल नही होगा। आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सरकार जो भी कदम उठाएगी पूरे देश का समर्थन सरकार के साथ है । कैंडिंल मार्च तथा श्रदाजँली सभा मे पवन दिवेदी परवेज आलम उमेश श्रीवास्तव कुन्दन श्रीवास्तव डॉ सुधाकर पान्डेय चित्रांशी यादव धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव जिया सिदीकी बृजेश कुमार केसरवानी वी के यादव अखिलेश शुक्ला मनीष दिवेदी असद कुरैशी मधुर दरबारी राम बाबू रंजीत निषाद इरफान खान शिव पान्डेय सौरभ कुमार आदर्श अनूप

**सरकार के साथ खड़ा पूरा हिंदुस्तान–एनयूजे प्रयागराज**



स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## उचित निर्देश

इसमें कोई शक नहीं कि पहलगाम नरसंहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इसकी हर तरह से निंदा की जानी चाहिए लेकिन हर विरोध की तरह इसमें भी शालीनता और संयम बरता जाना चाहिए। सभ्यता का व्यवहार यही होता है। विडंबना यह है कि ऐसी करुण घटना में भी कुछ राजनीतिक बयानवीरों के अपने लिए अवसर निकालकर ऐसे तीखी और जहरीली बातों का जहर उगलना शुरू कर दिया कि खुद उनकी पार्टियां ही इससे आजिज आ गई हैं। ऐसे बयानों पर वितंडा खड़ा होने पर इनकी रटी-रटाई बात होती है कि 'मीडिया ने मेरी बात को घुमा कर पेश किया' या 'मेरा यह मतलब नहीं था'। लोग ऐसी सफाई की असलियत अब अच्छी तरह से जानते हैं क्योंकि यह नाटक लंबे समय से चले आ रहे हैं। इस समय के बयान भी किसी हेट स्पीच के बराबर ही और लोगों को भड़काने के लिए काफी हैं। यह तो अच्छा है कि आम जनता अब पहले की तरह भावनात्मक झोंकों में नहीं बहती और हर बात को नाप तौल कर देखती है। पर सदभाव बनाए रखने के अपने उत्तरदायित्व के प्रति इस तरह की उपेक्षा बरतना वास्तव में आश्चर्यचकित करता है कि किसी पार्टी में होने का मतलब यह माना जाना लगा है कि अब हम किसी भी जिम्मेदाराना बर्ताव के उत्तरदायित्व से ऊपर हो गए हैं। यही कारण है कि भाजपा व कांग्रेस को इस तरह की उच्छृंखलता बरतने वाले अपने-अपने नेताओं विशेष रूप से एडवायजरी जारी करनी पड़ी है कि किसी भी भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल न करें और राष्ट्रीय एकजुटता का ध्यान रखें और पार्टी लाइन से हटकर बयानबाजी न करें। जाहिर है कि इन पार्टियों के बड़े और गंभीर व वरिष्ठ नेता ऐसी बातों की प्रतिक्रिया से अच्छी तरह से वाकिफ हैं क्योंकि इसी बात को लेकर एक-दूसरे की आलोचना भी जमकर करते हैं। जहां सुप्रीम कोर्ट इस तरह की जहरीली हेट स्पीच की गंभीरता से आलोचना कर चुका है, वहीं आम लोग भी इस तरह के भड़कावे में नहीं आते हैं। बल्कि इससे इन नेताओं का खोखलापन ही सामने आता है। धर्म और समुदाय के आधार पर जहर बोने वाली बातें गहरे तक असर भी डाल सकती हैं, इसलिए ऐसे बयानों से हर स्तर पर बचना जरूरी है। यह बात इन बयानवीरों को भी समझनी होगी।

## बदलती महिलाएं

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने हाल ही में एक आयोजन में वैवाहिक विवादों के बढ़ते मामलों को जिस तरह समाज के समयानुकूल न बदल पाने का नतीजा बताया है, उस पर ध्यान दिये जाने की जरूरत है. न्यायमूर्ति नागरत्ना बेंगलौर में सुप्रीम कोर्ट की फैमिली कोर्ट्स कमेटी द्वारा आयोजित साउदर्न जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रही थीं, जिसका विषय था, 'फैमिली ―द बेसिस ऑफ इंडियन सोसाइटी'. उनका कहना था कि देशभर में वैवाहिक विवादों के बढ़ते मामले न्यायालयों पर अत्यधिक बोझ डाल रहे हैं. वैवाहिक विवाद इस स्तर पर पहुंच जा रहे हैं कि पति-पत्नी के बीच समझौते की झीनी-सी संभावना भी खत्म हो जाती है. इसका कारण यह है कि एक ही मामले में घरेलू हिंसा, गुजारा भत्ता जैसी याचिकाओं का अंबार लगता जाता है. इसका नतीजा छोटे-छोटे बच्चे भुगतते हैं. अलबत्ता उनका कहना था कि तलाक और वैवाहिक विवादों के निरंतर बढ़ते जाने के लिए स्त्रियों की आर्थिक स्वतंत्रता कतई जिम्मेदार नहीं है. शिक्षा और रोजगार तक लड़कियों की तेज पहुंच, बढ़ते शहरीकरण, बढ़ती महत्वाकांक्षा और महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता में वृद्धि के कारण भारतीय परिवारों का पारंपरिक ढांचा बहुत तेजी से बदल रहा है. उनके मुताबिक, महिलाओं की यह सामाजिक-आर्थिक मुक्ति स्वागतयोग्य भी है और आवश्यक भी. महिलाओं के इस रूपांतरण को समाज द्वारा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, क्योंकि ये महिलाएं सिर्फ अपने परिवारों के लिए नहीं कमा रहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए भी योगदान कर रही हैं. लेकिन हमारा समाज इस बदलाव को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं है. हमारे दृष्टिकोण और व्यवहार समय के अनुरूप अद्यतन नहीं हो रहे हैं. ऐसे में, पारिवारिक विवाद बढ़ रहे हैं. इसका समाधान क्या है? उनके मुताबिक, भारतीय परिवारों तथा समाजों को अपना रवैया और व्यवहार बदलने की आवश्यकता है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**कई पाकिस्तानी चैनल बंद**
अभी तो शुरुआत है!

**लखनऊ विश्वविद्यालय की शिक्षिका देशद्रोह में नामजद**
अरे मैडम, अपना काम करतीं, खुराफात में काहे फंस गईं!

**तीन दिन तक यूक्रेन पर हमला नहीं करेगा रूस**
करने के बाद कहेगा कसम तो खाई नहीं थी!

**अमेरिकी शुल्क से निपटने में सक्षम : चीन**
ट्रंप को कहीं से तो बराबरी में जवाब मिला!

**भारत कभी भी कर सकता है हमला: ख्वाजा आसिफ**
देखते जाओ ख्वाजा, क्या-क्या हो सकता है!

**पति को ड्रम में जमाने की धमकी**
मुस्कान ने तो गजब का ट्रेंड चला दिया है!

♦♦♦

# समग्र नीति अपनाने से ही समस्या का समाधान

**मौसम के बदलाव के साथ देश की राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है, जिससे घुटन और संत्रास का माहौल बन जाता है। इसका एक कारण खेतों में गेहूं की कटाई के बाद बची पराली को जलाना है। इस प्रक्रिया में निकलने वाला धुआं और घुटन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। पंजाब और हरियाणा के विशेषज्ञों का कहना है कि फसलों के अवशेष जलाना केवल प्रदूषण का एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि बढ़ती हुई अराजक यांत्रिकता ने भी महानगरों का जीवन विषाक्त और घुटन भरा बना दिया है।**

– विजय गर्ग

मौसम के बदलाव के साथ देश की राजधानी में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है, जिससे घुटन और संत्रास का माहौल बन जाता है। इसका एक कारण खेतों में गेहूं की कटाई के बाद बची पराली को जलाना है। इस प्रक्रिया में निकलने वाला धुआं और घुटन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

पंजाब और हरियाणा के विशेषज्ञों का कहना है कि फसलों के अवशेष जलाना केवल प्रदूषण का एकमात्र कारण नहीं है, बल्कि बढ़ती हुई अराजक यांत्रिकता ने भी महानगरों का जीवन विषाक्त और घुटन भरा बना दिया है। इस यांत्रिकता से निपटने के लिए विस्तृत रणनीतियों की आवश्यकता है। असल में, पंजाब और हरियाणा के सीमांत किसान के पास फसल चक्र के चलते कृषि अवशेषों को नष्ट करने का समय नहीं होता। वे न तो निस्तारण के लिए मशीनें खरीदने के लिए तैयार होते हैं, न ही मशीनों को किराए पर लेने की उत्सुकता दिखाते हैं। किसान के लिए सबसे आसान तरीका यह होता है कि फसल के अवशेष जलाकर समय बचाया जाए। इन दिनों पंजाब-हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में अ?वशेष जलाने के दृश्य आम हैं। किसान इसे सुविधाजनक पाता है और अतिरिक्त खर्च से बचता है। अब सवाल यह है कि इस समस्या का स्थायी समाधान क्या होगा।

बैसाखी के बाद, जब गेहूं की फसल काटी जाती है, तो खेतों में बची नाड़ को निपटाने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस बार पंजाब सरकार ने फसलों के अवशेष जलाने पर पूरी तरह से अंकुश लगाने का संकल्प लिया है। इस उद्देश्य के लिए 500 करोड़ रुपये की कार्ययोजना तैयार की गई है, और पिछले साल से अधिक प्रभावी नाड़ जलाने पर नियंत्रण के अभियान चलाए जाएंगे। अब किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनें अधिक सब्सिडी पर उपलब्ध करवाई जाएंगी और फसल अवशेष प्रबंधन के उचित उपाय किए जाएंगे। इसके तहत सीमांत किसानों के लिए नाड़ प्रबंधन मशीनों को किराए पर उपलब्ध कराया जाएगा। जो किसान इन मशीनों को खरीदना चाहें, उन्हें भारी सब्सिडी दी जाएगी। व्यक्तिगत रूप से किसानों को इन मशीनों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, जबकि सहकारी समितियों और ग्राम पंचायतों को 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी।


यह पहल पंजाब सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण और कृषि क्षेत्र में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जिससे किसान भी अपनी समस्याओं का समाधान कर सकेंगे और पर्यावरण पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकेगा।

पंजाब के कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि पिछले साल फसल अवशेष प्रबंधन अभियान काफी सफल रहा, जिसमें 70 प्रतिशत सफलता हासिल की गई। हालांकि, यह सफलता पिछले वर्षों की तुलना में काफी बेहतर थी, लेकिन अवशेष जलाने को गंभीर अपराध न मानने के कारण इसे पूरी तरह से रोकने में सफलता नहीं मिली। कृषि विभाग का कहना है कि ?खेतों में अवशेष जलाने के मामलों में कड़ी कार्रवाई की जरूरत है, और हर मामले में दोषियों को दंड मिलना चाहिए, ताकि यह समस्या स्थायी रूप से सुलझ सके।

पिछले साल सरकार ने 17,600 मशीनों की उपलब्धता और 1331 कस्टम हायरिंग सेंटर्स की स्थापना की थी, जिससे किसानों को फसलों के अवशेष निपटाने के लिए आसानी से उपकरण मिल सकें। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह उपलब्धि पर्याप्त है? पंजाब और हरियाणा जैसे कृषि प्रधान राज्यों में मशीनों की सुलभता और कम किराए पर उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है, ताकि फसलों के अवशेष जलाने की समस्या को सुलझाया जा सके। इन दिनों वायु प्रदूषण बहुत हद तक पुराने वाहनों, कोयले के गलत उपयोग और यांत्रिकता के कारण उत्पन्न हो रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि इस स्थिति को एक व्यापक दृष्टिकोण से समझा जाए। किसानों को जागरूक करने की जरूरत है कि वे नाड़ को खेतों में दबाकर अपनी उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं। लेकिन वायु प्रदूषण और पर्यावरणीय संकट का समाधान केवल फसलों के अवशेष जलाने तक सीमित नहीं है। इसके लिए एक व्यापक और सशक्त तंत्र की आवश्यकता है। जो एक तरफ खेतों में फसलों के अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करे, वहीं दूसरी तरफ शहरी क्षेत्रों में बढ़ते यांत्रिक प्रदूषण और धुएं की कालिमा को भी नष्ट करे। कभी-कभी समस्या को आंशिक रूप से हल करने से उसका असर आधा-अधूरा होता है। इसलिए, जब फसलों के अवशेष जलते हैं तो सारा दोष किसान को ही दिया जाता है और शहरी प्रदूषण की उपेक्षा कर दी जाती है। इस बार यदि हम संतुलित नीति के साथ इस प्रदूषण और घुटन का मुकाबला करने में सफल होते हैं, तो हम इस प्रदूषण नियंत्रण अभियान को सार्थक मान सकते हैं।




## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

कई चिमटे रखे हुए थे। उसे खयाल आया, दादी के पास चिमटा नहीं है। तवे से रोटियां उतारती हैं, तो हाथ जल जाता है; अगर वह चिमटा ले जाकर दादी को दे दे, तो वह कितनी प्रसन होंगी? फिर उनकी उंगलियां कभी न जलेंगी। घर में एक काम की चीज हो जायेगी। खिलौने से क्या फायदा। व्यर्थ में पैसे खराब होते हैं। जरा देर ही तो खुशी होती है। फिर तो खिलौनों को कोई आंख उठाकर नहीं देखता। या तो घर पहुंचते-पहुंचते टूट-फूट बराबर हो जायेंगे, या छोटे बच्चे जो मेले में नहीं आये हैं, जिद करके ले लेंगे और तोड़ डालेंगे। चिमटा कितने काम की चीज है। रोटियां तवे से उतार लो, चूल्हे में सेंक लो। कोई आग मांगने आवे तो चटपट चूल्हे से आग निकालकर उसे दे दो। अम्मां बेचारी को कहां फुर्सत है कि बाजार आयें, और इतने पैसे ही कहां मिलते हैं। रोज हाथ जला लेती है। हामिद के साथी आगे बढ़ गये हैं। सबील पर सब-के-सब शर्वत पी रहे हैं। देखो, सब कितने लालची हैं। इतनी मिठाइयां लीं, मुझे किसी ने एक भी न दी। उस पर कहते हैं, मेरे साथ खेलो। मेरा यह काम करो। अब अगर किसी ने कोई काम करने को कहा, तो पूहूंगा। खायें मिठाइयां, आप मुंह सड़ेगा, फोड़े-फुन्सियां निकलेंगी, आप ही जबान चटोरी हो जायेगी। तब घर के पैसे चुरायेंगे और मार खायेंगे। किताब में झूठी बातें थोड़े ही लिखी हैं। मेरी जवान क्यों खराब होगी। अम्मां चिमटा देखते ही दौड़कर मेरे हाथ से ले लेंगी और कहेंगी- मेरा बच्चा अम्मां के लिए चिमटा लाया है। हजारों दुआएं देंगी। फिर पड़ोस की औरतों को दिखायेंगी। सारे गांव में चर्चा होने लगेगी, हामिद चिमटा लाया है। कितना अच्छा लड़का है। इन लोगों के खिलौनों पर कौन दुआएं देगा। बड़ों की दुआएं सीधे अल्लाह के दरबार में पहुंचती हैं, और तुरन्त सुनी जाती हैं। मेरे पास पैसे नहीं हैं।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्त्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।**

इस संसार में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए (ब्राह्मणों के सामने विनम्र)तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं (गर्वित रहते हैं), उनका कभी उद्धार नहीं होता।

♦♦♦

# जीवन को समृद्ध और सार्थक बनाने का पर्व है अक्षय तृतीया

– संदीप सृजन

वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि जिसे अक्षय तृतीया या आखा तीज कहा जाता है, भारतीय संस्कृति और हिन्दू धर्म में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र पर्व है। यह अक्षय तृतीया का नाम 'अक्षय' शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है 'जो कभी नष्ट न हो' या 'शाश्वत'। इस दिन किए गए शुभ कार्य, दान, पूजा-पाठ और अन्य धार्मिक कृत्यों को अक्षय फलदायी माना जाता है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक परम्पराओं में भी इसका विशेष स्थान है। भारत की विभिन्न धार्मिक और सामाजिक परम्पराओं में अक्षय तृतीया का बहुत महत्व है।

**हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया**

हिन्दू धर्म में अक्षय तृतीया का दिन कई पौराणिक और धार्मिक घटनाओं से जुड़ा हुआ है। इस दिन को सतयुग और त्रेतायुग के प्रारंभ का दिन भी माना जाता है। इसके अतिरिक्त, इस तिथि से जुड़े कई कथानक और मान्यताएँ इसे और भी पवित्र बनाती हैं। अक्षय तृतीया को भगवान विष्णु के छठे अवतार, परशुराम जी के जन्मदिवस के रूप में भी मनाया जाता है। परशुराम, जो अपने पराक्रम और धर्म की रक्षा के लिए जाने जाते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान विष्णु के नर-नारायण अवतार की तपस्या भी अक्षय तृतीया के दिन से जुड़ी है। इस दिन बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलते हैं, जो हिन्दुओं के चार धामों में से एक है। यह घटना इस पर्व को और भी महत्वपूर्ण बनाती है।

ऐसा माना जाता है कि महर्षि वेदव्यास ने महाभारत की रचना अक्षय तृतीया के दिन से शुरू की थी। इसके साथ ही, इस दिन गंगा नदी का पृथ्वी पर अवतरण भी हुआ था। इसलिए, इस दिन गंगा स्नान और दान का विशेष महत्व है। एक अन्य कथा के अनुसार, इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा का आतिथ्य स्वीकार किया था। सुदामा ने श्रीकृष्ण को साधारण चावल (अक्षत) भेंट किए, जिसे भगवान ने बड़े प्रेम से ग्रहण किया और सुदामा को अपार धन-समृद्धि प्रदान की। इस कथा के कारण, अक्षय तृतीया को दान और आतिथ्य का विशेष महत्व दिया जाता है।

**जैन धर्म में अक्षय तृतीया**

जैन धर्म में अक्षय तृतीया का दिन प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव से जुड़ा हुआ है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष तक कठोर तपस्या की और इस दिन हस्तिनापुर में राजा श्रेयांस ने उन्हें इक्षु रस (गन्ने का रस)





पिलाकर उनका पारणा (उपवास खोलना) कराया। यह घटना जैन समुदाय में 'वर्षी तप' के रूप में जानी जाती है। इस दिन जैन तीर्थ पालिताणा (गुजरात) और हस्तिनापुर (मेरठ) में विशेष आयोजन होते है। जैन धर्म के अनुयायी उपवास, दान, और पूजा करते हैं। कई जैन मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाते हैं, और भक्त इक्षु रस का दान करते हैं।

**सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व**

अक्षय तृतीया का दिन शुभ कार्यों के लिए अत्यंत मंगलकारी माना जाता है। इस दिन बिना किसी मुहूर्त के विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, नए व्यवसाय की शुरुआत, और अन्य महत्वपूर्ण कार्य किए जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन शुरू किए गए कार्यों का फल स्थायी और शुभ होता है। भारत के कई हिस्सों में, विशेषकर राजस्थान, गुजरात, और उत्तर प्रदेश में, अक्षय तृतीया को विवाह के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। इस दिन हजारों जोड़े विवाह बंधन में बंधते हैं। सामाजिक स्तर पर, यह दिन परिवारों और समुदायों को एकजुट करने का अवसर प्रदान करता है। व्यापारी वर्ग के लिए अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है। इस दिन नए व्यवसाय की शुरुआत, दुकान का उद्घाटन, और निवेश जैसे कार्य किए जाते हैं। सोने और चाँदी की खरीदारी भी इस दिन बहुत लोकप्रिय है, क्योंकि यह धन-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। अक्षय तृतीया को दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस दिन जल, अन्न, वस्त्र, और धन का दान करने की परम्परा है। सामाजिक दृष्टिकोण से, यह दिन समाज में समानता और सहायता की भावना को बढ़ावा देता है। गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएँ दान की जाती हैं।

**कृषि और ग्रामीण परम्पराएँ**

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में, अक्षय तृतीया का संबंध कृषि और प्रकृति से है। इस दिन किसान अपने खेतों में पूजा करते हैं और अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं। उत्तर भारत में, विशेषकर राजस्थान और मध्य प्रदेश में, इस दिन 'आखा तीज' के रूप में खेतों में सामूहिक उत्सव मनाए जाते हैं। किसान अपने बैलों और कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं, और सामुदायिक भोज का आयोजन करते हैं। अक्षय तृतीया सामाजिक एकता और उत्सव का प्रतीक भी है। इस दिन लोग अपने परिवार और मित्रों के साथ मिलकर उत्सव मनाते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में मेले और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उदाहरण के लिए, राजस्थान के कुछ हिस्सों में लोक नृत्य और गीतों के साथ उत्सव मनाया जाता है। भारत की विविध सांस्कृतिक और धार्मिक परम्पराओं के कारण, अक्षय तृतीया को अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। अक्षय तृतीया भारतीय संस्कृति का एक ऐसा पर्व है, जो धार्मिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह दिन न केवल भक्ति और पूजा का अवसर प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक एकता, परोपकार, और शुभ कार्यों की शुरुआत का प्रतीक भी है। हिन्दू, जैन, और अन्य समुदायों में इस पर्व का अलग-अलग रूपों में उत्सव मनाया जाता है, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। चाहे वह भगवान परशुराम की पूजा हो, सुदामा-कृष्ण की मित्रता का स्मरण हो, या जैन धर्म में वर्षी तप का आयोजन, अक्षय तृतीया हर रूप में अक्षय फलदायी है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि सच्चे मन से किए गए कार्य और दान कभी नष्ट नहीं होते, बल्कि वे हमारे जीवन को समृद्ध और सार्थक बनाते हैं।

## प्रेरक प्रसंग — दोगुना शुल्क

एक युवक जो कि संगीत में निपुणता प्राप्त करने की इच्छा रखता था अपने क्षेत्र के सबसे महान संगीताचार्य के पास पहुंचा और उनसे बोला, आप संगीत के महान आचार्य हैं और संगीत में निपुणता प्राप्त करने में मेरी गहरी रुचि है। इसलिए आप से निवेदन है कि आप मुझे संगीत की शिक्षा प्रदान करने की कृपा करें।

संगीताचार्य ने कहा कि जब तुम्हारी इतनी उत्कट इच्छा है मुझसे संगीत सीखने की तो आ जाओ, सिखा दूंगा। अब युवक ने आचार्य से पूछा कि इस कार्य के बदले उसे क्या सेवा करनी होगी। आचार्य ने कहा कि कोई ख़ास नहीं मात्र सौ स्वर्ण मुद्राएं मुझे देनी होंगी।

सौ स्वर्ण मुद्राएं हैं तो बहुत ज़्यादा और मुझे संगीत का थोड़ा बहुत ज्ञान भी है पर ठीक है मैं सौ स्वर्ण मुद्राएं आपकी सेवा में प्रस्तुत कर दूंगा, युवक ने कहा। इस पर संगीताचार्य ने कहा, यदि तुम्हें पहले से संगीत का थोड़ा-बहुत ज्ञान है तब तो तुम्हें दो सौ स्वर्ण मुद्राएं देनी होंगी।

युवक ने हैरानी से पूछा,

आचार्य ये बात तो गणितीय सिद्धांत के अनुकूल नहीं लगती और मेरी समझ से भी परे है। काम कम होने पर कीमत ज़्यादा?

आचार्य ने उत्तर दिया,

काम कम कहां है? पहले तुमने जो सीखा है उसे मिटाना, विस्मृत कराना होगा तब फिर नए सिरे से सिखाना प्रारंभ करना पड़ेगा।

वस्तुतः कुछ नया उपयोगी और महत्वपूर्ण सीखने के लिए सबसे पहले मस्तिष्क को खाली करना, उसे निर्मल करना ज़रूरी है अन्यथा नया ज्ञान उसमें नहीं समा पाएगा। सर्जनात्मकता के विकास और आत्मज्ञान के लिए तो यह अत्यंत अनिवार्य है क्योंकि पहले से भरे हुए पात्र में कुछ भी और डालना असंभव है।

## आपका पत्र मिला

### आतंकी घटना के बाद हजारों लोगों पर आफत के बादल

आतंकी घटना के बाद पैदा हुई परिस्थितियों से हर व्यक्ति वाकिब है। भारत और पाक के बीच उपजे तनावों का दर्द पाक प्रशिक्षित आतंकियों ने दिया है। यह जख्म कब भरेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता। भारत और पाकिस्तान के रिश्ते बिगड़ने के कारण ही आतंकवाद पसरा है, जिसका रोना दोनों देश रो रहे है। 11 वर्षिय मोहमद अलियान को अपनी माँ से मिलना है। माँ से नहीं मिलने के दुःख से आतंकियों मारने की गुहार लगा रहा है। पहलीबार सुसराल आई दुल्हनों को भारत छोड़ना पड़ा। दिल्ली में पांच हजार पाकिस्तानी हैं। सात दिन के अंदर सरकार के आदेश का पालन करना ही पड़ेगा। पाकिस्तान नहीं लौटे तो तीन वर्ष के कारावास का प्राविधान है। कहते हैं कि करता कोई है और भरना किसी को पड़ता है। आतंकियों ने हमला किया लेकिन नशे के बाद भूगर्भ में पहुंच कर जिन लोगो को मारा है उनका कोई ध्यान नहीं है। लेकिन उनकी करतूतों से दोनों देशों के सम्बंध खराब हो गए। जयपुर में एक डेढ़ वर्ष की बच्ची और उसकी माँ पर भी असर पड़ा है। उनको भारत छोड़कर पाकिस्तान जाना पड़ेगा। आतंकी घटना के बाद भारत मे ही देश विरोधी टिप्पणी करने वाले 25 लोग कानून के शिकंजे में फस गए हैं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया है। चीन और पाकिस्तान दोनों गहरे दोस्त है। निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया है जबकि कोई देश पाकिस्तान को समर्थन देने के लिए राजी नहीं है। पुलिस आतंकियों के घर ढहाने के लिए कार्रवाई कर रही है। भारत हर वार का जवाब देने के लिए तैयार है। पाकिस्तान की हेकड़ी को ठंडा करने का प्रयास किया जा रहा है। पाकिस्तान आतंकवादियों को पोषक होते हुए भारत पर इल्जाम लगाने से बाज नहीं आता है। उसकी रही सही हेकड़ी सिंधु के जलस्रोत को बंद किये जाने से लम्बे समय बाद होने वाले असर से देखने को मिलेगा। अब पाकिस्तान के साथ कभी भी स्थायी शान्ति की आशा ही मत रखना, क्योंकि वह जवाबदार नहीं है।

**कांतिलाल मांडोत**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# पहली बार स्कूल जा रहा है बच्चा, सिखाएं ये बातें



स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत हो रही है। नए सत्र में बच्चे पुरानी क्लास से नई क्लास में जाते हैं, तो वहीं कई नन्हे मुन्हे बच्चे पहली बार स्कूल में दाखिला लेते हैं। माता पिता के बिना घर से अकेले न निकलने वाले छोटे बच्चे जब पहली बार स्कूल जाते हैं तो जितना डर उनके मन में होता है, उसके कई ज्यादा नर्वस उनके माता पिता होते होंगे। बच्चे के जीवन का पहला स्कूल उसके माता पिता के लिए बहुत खास होता है। पहली बार स्कूल जाने वाला बच्चा नई दुनिया से मिलता है। यह बच्चे के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहला कदम होता है।



माता-पिता थोड़ी सी तैयारी करके बच्चे को पहली बार बेफिक्र होकर स्कूल भेज सकते हैं। अगर आपका बच्चा भी पहली बार स्कूल जा रहा है जो कुछ जरूरी बातें उसे स्कूल भेजने से पहले जरूर सिखाएं।

**खुद को संभालना**

अब तक आपकी गोद में घूमने वाले बच्चे को अपने सामान और जिम्मेदारी का भार उठाना सिखाएं। यानी उसे खुद बैग उठाना, बोतल पकड़ना और अपने छोटे-छोटे सामान की देखभाल करना सिखाएं। उसे बताएं कि वह अपनी चीजों का ध्यान कैसे रखे।

**शौचालय इस्तेमाल करना**

बच्चे को टॉयलेट संबंधी जानकारी दें। उसे सिखाएं कि जब उसे शौच के लिए जाना हो तो टीचर को सूचित करे। शौचालय का सही तरीके से इस्तेमाल कैसे करना है और शौच के बाद हाथ धोना जरूर सिखाएं। इससे स्कूल में उसे किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

**खाने-पीने की आदतें**

घर पर हमेशा परिवार के सदस्य बच्चे को खाना खिला देते हैं लेकिन स्कूल में उसे खुद से भोजन करना होगा। इसलिए बच्चे को समझाएं कि टिफिन कैसे खोलना है, खुद से खाना कैसे खाना है और पानी कैसे पीना है। उसे ये भी बताएं कि लंच से पहले हाथ साफ करने हैं और स्वच्छता का ध्यान देना है।

**अपनी बात कहना**

जब बच्चा पहली बार स्कूल जाता है तो वह अनजान लोगों के बीच होता है। कई बार बच्चे अपने माता-पिता के अलावा किसी से अपनी बात नहीं कह पाते हैं, जिसके कारण उन्हें स्कूल में समस्या हो सकती है। बच्चे को सिखाएं कि अगर उसे किसी चीज की जरूरत हो या कोई परेशानी हो, तो वह अपने शिक्षक या शिक्षिका से बिना झिझक बात करे।

**अच्छा व्यवहार**

बच्चे को नमस्ते करना, धन्यवाद कहना और मदद मांगना जैसे शिष्टाचार सिखाएं। यह उसे स्कूल में आसानी से घुलने-मिलने में मदद करेगा। बच्चा नए माहौल में डरे न, इसके लिए उसे स्कूल और पढ़ाई के बारे में सकारात्मक बातें बताएं ताकि वह उत्साह के साथ स्कूल जाए।

# ये भाषाएं विदेश में नौकरी पढ़ाई को बनाएंगी आसान




भारत से हर साल लाखों की संख्या में लोग विदेश में पढ़ने और नौकरी करने जाते हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में तो नौकरी और पढ़ाई आसान होती है, क्योंकि यहां अंग्रेजी बोली जाती है। हालांकि, जब यूरोप या फिर चीन-कोरिया जैसे देशों में पढ़ने या नौकरी करने जाने की बात हो तो यहां की भाषा सीखना जरूरी हो जाता है। आमतौर पर किसी भाषा को सीखने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, लेकिन कुछ ऐसी भाषाएं हैं, जिन्हें सीखने के लिए आपको पैसा नहीं खर्च करना पड़ेगा। साथ ही आप ये भाषा जल्दी सीख भी जाएंगे।

**मंदारिन**

मंदारिन को अक्सर दुनिया की सबसे मुश्किल भाषाओं में से एक माना जाता है। लेकिन ये सिर्फ एक मिथक है। इस भाषा में व्याकरण के नियम सीधे-सादे हैं। इसमें टेंस नहीं होते हैं। शब्दों का रूप नहीं बदलता, जैसे अंग्रेजी में क्रियाएं बदलती हैं। इसका मतलब है कि आपको व्याकरण सीखने में ज्यादा समय नहीं लगाना होगा। Duolingo, कोर्सएरा पर मौजूद पेकिंग यूनिवर्सिटी के Chinese for Beginners कोर्स और नेशनल ताइवान यूनिवर्सिटी के Learning Chinese : Start From Scratch के जरिए आप फ्री में मंदारिन सीख सकते हैं।

**स्पेनिश**

स्पेनिश अंग्रेजी बोलने वालों के लिए एक आसान भाषा है। दुनियाभर में 45 करोड़ लोग इस भाषा को बोलते हैं। यह प्यूर्टो रिको, अर्जेंटीना, बोलीविया, चिली, डोमिनिकन रिपब्लिक और कई अन्य देशों में आधिकारिक भाषा है। स्पेनिश में कई क्रिया काल (verb tenses) और व्याकरण के नियम हैं, जो थोड़े मुश्किल हो सकते हैं। लेकिन अच्छी बात यह है कि ये काल अंग्रेजी के समान हैं। Duolingo, Busuu और Memrise के जरिए फ्री में स्पेनिश सीखी जा सकती है।

**नॉर्वेजियन**

नॉर्वे में बोली जाने वाली नॉर्वेजियन, जर्मनिक भाषाओं के परिवार का हिस्सा है, जैसे कि अंग्रेजी। इसका मतलब है कि दोनों भाषाओं में कई शब्द एक जैसे हैं। जैसे कि "vinter" (विंटर) और "sommer" (समर)। नॉर्वेजियन भाषा का व्याकरण सीधा है। हर काल (tense) के लिए क्रिया (verb) का एक ही रूप होता है और शब्दों का क्रम भी अंग्रेजी जैसा ही होता है।

## अभ्यास

**1.हाल ही में किस राज्य सरकार ने महिला संवाद अभियान शुरू किया है ?**

(क)ओडिशा
(ख )हरियाणा
(ग)बिहार
(घ) इनमें से कोई नहीं
**(ग)बिहार**

**2.हाल ही में हिमांशु जाखड़ ने अंडर-18 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कौनसा पदक जीता है?**

(क) रजत
(ख ) स्वर्ण
(ग)कांस्य
(घ) इनमें से कोई नहीं
**(ख ) स्वर्ण**

**3.हाल ही में भारत और ईरान के बीच परमाणु वार्ता का दूसरा दौर कहाँ शुरू हुआ है ?**

(क) फ्रांस
(ख ) जापान
(ग) इटली
(घ) इनमें से कोई नहीं
**(ग) इटली**

**4.हाल ही में किस राज्य मंत्रिमंडल ने एससी उप-वर्गीकरण अध्यादेश के मसौदे को मंजूरी दी है ?**

(क) गुजरात
(ख) आंध्र प्रदेश
(ग) मध्य प्रदेश
(घ) इनमें से कोई नहीं
**(ख) आंध्र प्रदेश**

**5.हाल ही में 2024-25 में भारत का दवा निर्यात कितने प्रतिशत बढ़ा है ?**

क) 07%
ख) 03%
ग) 06%
घ) 09%
**घ) 09%**

# एजुकेशन लोन लेने वाले बच्चे पड़ते हैं ज्यादा बीमार, नहीं करते अपनी देखभाल



एक अध्ययन से पता चला है कि जिन छात्रों ने कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ऋण लिया, उनका समग्र स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य उन लोगों की तुलना में खराब था, जिन्होंने छात्र ऋण नहीं लिया था।इन निष्कर्षों की सूचना जर्नल ऑफ़ अमेरिकन कॉलेज हेल्थ में प्रकाशित एक लेख में दी है। निष्कर्ष बताते हैं कि ऋण लेने वाले छात्रों को खराब शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, अधिक चिकित्सा समस्याएं और चिकित्सा और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के कम उपयोग के रूप में कीमत चुकानी पड़ती है।

**छात्रों से पूछे गए कई सवाल**

यह निष्कर्ष अमेरिका के दो सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में 3,200 से अधिक कॉलेज छात्रों से 2017 में एकत्र किए गए सर्वेक्षणों पर आधारित हैं। छात्रों से अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को 4-बिंदु पैमाने पर रेट करने के लिए कहा - उत्कृष्ट, अच्छा, उचित और खराब। उनसे यह भी पूछा गया कि क्या उन्हें पिछले वर्ष में कोई बड़ी चिकित्सा समस्या का अनुभव हुआ था या क्या उन्होंने कॉलेज शुरू करने के बाद से अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए चिकित्सा, दंत चिकित्सा या मानसिक स्वास्थ्य देखभाल को कभी स्थगित किया था। जिन लोगों ने संकेत दिया कि वे अस्थमा या उच्च रक्तचाप जैसी शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए नियमित दवा ले रहे हैं, उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने पैसे बचाने के लिए कभी निर्धारित दवा से कम दवा ली है।

**खराब मानसिक स्वास्थ्य का करते हैं सामना**

जाति, उम्र और लिंग के साथ-साथ उनके माता-पिता के शिक्षा स्तर और वैवाहिक स्थिति के संदर्भ में उनके बीच अंतर को ध्यान में रखते हुए भी, ऋण वाले छात्रों ने बिना ऋण वाले छात्रों की तुलना में खराब परिणामों की सूचना दी। अपने खराब मानसिक स्वास्थ्य के बावजूद, ऋण वाले छात्रों को कॉलेज में मानसिक विकार के लिए एक नया मानसिक स्वास्थ्य निदान या उपचार प्राप्त होने की संभावना ऋण रहित छात्रों के समान ही थी। पिछले वर्ष में किसी मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सक के पास जाने या मानसिक स्वास्थ्य दवा का उपयोग करने की भी समान संभावना थी। लेकिन बिना कर्ज वाले लोगों की तुलना में उनमें मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में देरी करने की संभावना लगभग दोगुनी थी।

**यह क्यों मायने रखती है**

छात्र ऋण से तनाव कॉलेज में रहने के दौरान छात्रों को प्रभावित कर सकता है, जिससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों को नुकसान पहुंच सकता है। कॉलेज के छात्र अक्सर एक महत्वपूर्ण मोड़ पर होते हैं जब वे पहली बार अपने माता-पिता के घर से दूर रहते हैं और ऐसी आदतें - जैसे कि चिकित्सा और दंत चिकित्सा देखभाल से संबंधित - बना लेते हैं जो कॉलेज के बाद भी बनी रह सकती हैं। कर्ज में दबे होने के कारण चिकित्सा देखभाल लेने से इनकार करने के परिणामस्वरूप बदतर चिकित्सा समस्याएं हो सकती हैं, जिससे संभावित रूप से स्वास्थ्य में कमी आ सकती है और कॉलेज स्नातकों का जीवन छोटा हो सकता है। उच्च शिक्षा वित्त पोषण की वर्तमान प्रणाली में अधिकांश लोगों को कॉलेज की डिग्री प्राप्त करने के लिए ऋण लेने की आवश्यकता होती है; सबसे हालिया राष्ट्रीय डेटा इंगित करता है कि सार्वजनिक या निजी गैर-लाभकारी, चार-वर्षीय विश्वविद्यालयों के 2019 के स्नातकों में से 62% पर छात्र ऋण था।

## कॅरियर अलर्ट

### कांस्टेबल भर्ती 2025

राजस्थान पुलिस भर्ती का इंतजार कर रहे युवाओं के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। राजस्थान पुलिस की ओर से 9617 पदों पर विभिन्न जिला, यूनिट, एवं बटालियन में कांस्टेबल सामान्य, चालक, बैंड एवं पुलिस दूरसंचार में ऑपरेटर और चालक के लिए भर्ती प्रक्रिया चालू कर दी गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया आज 28 अप्रैल 2025 से शुरू हो गई है। उम्मीदवार 17 मई 2025 तक कांस्टेबल पदों पर भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### बिहार असिस्टेंट इंजीनियर भर्ती 2025

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से 1024 असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल) मैकेनिकाल/इलेक्ट्रिकल) पदों के लिए उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने के लिए इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट bpsc.bihar.gov.in पर जाना होगा। आवेदन फॉर्म भरने की प्रक्रिया 30 अप्रैल 2025 से शुरू की जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 मई 2025 निर्धारित की गाई है।

### बीटीएससी स्टाफ नर्स भर्ती 2025

बिहार तकनीकी सेवा आयोग ने स्टाफ नर्स के 11389 पदों पर भर्ती निकाली है। योग्य और इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट bstc.bihar.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 25 अप्रैल से शुरू हो गई है। अप्लाई करने की आखिरी तारीख 23 मई 2025 है। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी 23 मई है। रिक्तियों में 3134 पद अनारक्षित हैं। 784 ईडब्ल्यूएस, 2853 एससी, 121 एसटी, 3117 अत्यंत पिछड़ा वर्ग, 933 पिछड़ा वर्ग, 447 पिछड़ वर्ग की महिला वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

### छत्तीसगढ़ एडीईओ भर्ती 2025

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सहायक विकास विस्तार अधिकारी पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 7 अप्रैल 2025 से शुरू हो गई है। आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 2 मई 2025 शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुल 200 पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी।

# सिर्फ पढ़ाई का बोझ और खेल से दूरी बच्चों को बना रहा मानसिक रूप से कमजोर




आज के समय में बच्चों पर पढ़ाई का इतना बोझ है कि उनका बचपन जैसे कहीं खो गया है। स्कूल, ट्यूशन और होमवर्क की भाग-दौड़ में वे ना ठीक से खेल पाते हैं, ना ही मन से खुश रह पाते हैं। खेल-कूद से दूरी और हर वक्त अच्छे नंबर लाने का दबाव उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल रहा है। इसी वजह से छोटे-छोटे बच्चे भी अब तनाव, चिंता और अकेलेपन जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि इस समस्या की जड़ क्या है और इसे कैसे सुधारा जा सकता है।

**पढ़ाई का अत्यधिक दबाव**

अधिकांश अभिभावक अपने बच्चों को सुबह से शाम तक ट्यूशन, कोचिंग और स्कूल प्रोजेक्ट्स में व्यस्त रखते हैं। कई बार तो छोटे-छोटे बच्चों के लिए भी 5-6 घंटे का पढ़ाई का रूटीन बन जाता है। परीक्षा के डर, अच्छे ग्रेड की चिंता और लगातार तुलना की वजह से बच्चे भीतर ही भीतर घुटने लगते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिक पढ़ाई और अपेक्षा बच्चे के आत्मविश्वास को धीरे-धीरे खत्म कर देती है। अगर बच्चा हर बार अव्वल नहीं आ पाता, तो वह खुद को असफल मानने लगता है।

**खेल से दूरी का असर**

बचपन का सबसे अहम हिस्सा होता है खेल। लेकिन आज बच्चे मैदान की बजाय मोबाइल स्क्रीन से चिपके रहते हैं। स्कूलों में भी खेल को बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता, और घरों में खेल को समय की बर्बादी समझा जाता है। खेल न केवल शरीर को मजबूत बनाते हैं, बल्कि तनाव से राहत भी दिलाते हैं। खेलने से बच्चे टीम वर्क, अनुशासन, और हार-जीत को स्वीकारने की कला सीखते हैं। खेल से बच्चों का आत्मविश्वास और खुशी का स्तर भी बढ़ता है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर**

लगातार तनाव, नींद की कमी, अकेलापन, और सोशल मीडिया का असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। कई बच्चों में चिंता, अवसाद, और चिड़चिड़ापन देखा जा रहा है। छोटे बच्चों में भी नींद न आना, भूख का कम होना, बार-बार बीमार पड़ना और बात-बात पर रोना या गुस्सा करना मानसिक अस्वस्थता के संकेत हो सकते हैं। अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो ये समस्याएं भविष्य में और भी गंभीर रूप ले सकती हैं।

**पैरेंट्स और शिक्षकों की भूमिका**

माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर पढ़ाई का अनावश्यक दबाव न डालें। हर बच्चा अलग होता है — उसकी रुचियां, क्षमताएं और गति भी अलग होती है। पढ़ाई के साथ-साथ उसे खेलने, दोस्तों से मिलने और खुलकर बात करने का समय भी दें। शिक्षकों को भी बच्चों की मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। हर बच्चा केवल अंक नहीं, एक भावनात्मक इंसान भी है। ऐसे में केवल रिपोर्ट कार्ड पर फोकस करने की बजाय उनकी मानसिक संतुलन और रुचियों की पहचान करना भी ज़रूरी है।

**समाधान की दिशा में कुछ कदम**

**खेल को अनिवार्य बनाया जाए** – हर स्कूल में कम से कम एक घंटा शारीरिक गतिविधि अनिवार्य होनी चाहिए।

**पढ़ाई और आराम में संतुलन** – बच्चों को पर्याप्त नींद और मनोरंजन मिले, यह सुनिश्चत करें।

# पढ़ाई में नहीं लगता मन ? अपनाएं ये वास्तु उपाय



पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करना बहुत आवश्यक है क्योंकि इससे ही बच्चे का शैक्षिक विकास होता है। लेकिन जब बच्चा पढ़ाई में लगातार पिछड़ने लगे, तो इसका कारण वास्तु दोष भी हो सकता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में कुछ नियमों का पालन करने से नेगेटिविटी कम होती है और बच्चे का मन पढ़ाई में लगने लगता है।

**वास्तु शास्त्र और पढ़ाई का संबंध**

वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं, जो बच्चों के ध्यान को पढ़ाई की ओर केंद्रित करने में मदद करते हैं। पढ़ाई के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा और तनाव बच्चों को प्रभावित करते हैं। ऐसे में, बच्चों को शिक्षा में सफलता पाने के लिए वास्तु शास्त्र के उपाय अपनाए जा सकते हैं।

**क्यों नहीं लगता पढ़ाई में मन?**

वास्तु शास्त्र का पालन घर में सुख और समृद्धि लाता है, लेकिन अगर घर के कमरे वास्तु नियमों के अनुसार न हो, तो बच्चे का ध्यान पढ़ाई में नहीं लग पाता। विशेष रूप से, स्टडी रूम में वास्तु दोष बच्चों के मनोबल को प्रभावित करते हैं। इससे उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता और वे तनाव महसूस करते हैं।

**वास्तु के अनुसार दिशा का महत्व**

स्टडी रूम का स्थान- स्टडी रूम हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में होना चाहिए। अगर स्टडी रूम दक्षिण या पश्चिम दिशा में है, तो बच्चा पढ़ाई में मन नहीं लगा पाता है।

**बच्चे का मुख**-बच्चों को स्टडी करते समय दक्षिण दिशा की ओर मुख करके नहीं बैठना चाहिए। दक्षिण दिशा में अग्नि की प्रधानता होती है, जिससे बच्चे का मन विचलित हो सकता है और वे चिड़चिड़े हो सकते हैं। स्टडी रूम में विशेष सामान- स्टडी रूम में शिक्षा से जुड़ी चीजें जैसे एजुकेशन टावर, ग्लोब या पिरामिड रखें। इसके अलावा, स्फटिक गोले उत्तर दिशा में दीवार पर लगाए जा सकते हैं। माता सरस्वती, गणेश जी और हनुमान जी की तस्वीरें भी स्टडी रूम में रखें।

**अलमारी और अन्य सामान की व्यवस्था**

**अलमारी का स्थान**- स्टडी रूम में अलमारी हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा में रखें। इसके साथ-साथ, बच्चे को हमेशा पूर्व दिशा की ओर मुख करके पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

**अनावश्यक वस्तुएं न रखें**-स्टडी रूम में वीडियो गेम्स, सीडी प्लेयर, या अन्य व्यस्त करने वाली वस्तुएं न रखें। ये चीजें बच्चे का ध्यान भटकाती हैं और पढ़ाई में नकारात्मकता लाती हैं।

**स्टडी रूम में मोमबत्ती का उपयोग**-वास्तु के अनुसार, बच्चों के स्टडी रूम में मोमबत्ती जलाने से उनका ध्यान पढ़ाई में केंद्रित होता है। मोमबत्ती को उत्तर-पूर्व या दक्षिण-दिशा में जलाना अच्छा रहता है।

स्टडी टेबल का आकार और दिशा

**टेबल का आकार**- स्टडी टेबल का आकार हमेशा रेक्टेंगल (आयताकार) होना चाहिए। अनियमित आकार के टेबल बच्चों की पढ़ाई में विघ्न डाल सकते हैं।

**टेबल की दिशा**- स्टडी टेबल का मुख हमेशा पूर्व या उत्तर दिशा की ओर होना चाहिए।

**केसर का तिलक और अन्य उपाय**

**केसर का तिलक**- अगर बच्चे का ध्यान पढ़ाई में नहीं लगता है, तो उनकी जेब में फिटकरी का टुकड़ा रखें और हर दिन केसर का तिलक उनके माथे और नाभि पर लगाएं।

**दीवारों का रंग और स्टडी रूम का माहौल**

**दीवारों का रंग**- बच्चों के स्टडी रूम की दीवारें हमेशा हल्का रंग जैसे बादामी, आसमानी, सफेद या हल्का फिरोजी होनी चाहिए।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**बुधवार, 30 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते बसंत ऋतौ वैशाख मासोमते शुक्ल पक्षे तृतीया तिथौ बुध वासरे 14/13/ रोहिणी नक्षत्रे 16/18/ शोभन योग 12/02/ गर करणे 14/13/ मिथुन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** भद्रा प्रारंभ घं.24मि.48से। अक्षय तृतीया। त्रेतायुगादि। मातंगी जयंती। हिजरी जिल्काद 11वां माह शुरू। धर्म घट्ादि दान।

**मेष**-वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। सम्मपत्ति के मामले सुलझेंगे। गृह कलह से मन अशांत रहेगा। आलस्य प्रमाद त्यागें।

**वृष**- कारोबारी वातावरण अनुकूल रहेगा। सच्चरित्र का विकास होगा। कनिष्ठ जनों पर व्यय होगा। पूर्व संकल्पित कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन**-आज कुछ लोगों के लिए नयी प्रॉपर्टी खरीदने के आसार नजर आ रहे हैं। छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी जाती है।

**कर्क**-पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे।

**सिंह**-कुछ पारिवारिक समस्या व कुछ व्यावसायिक तनाव मिल सकते हैं। गुड़ चना बंदरों को खिलाएं यह आपके लिए हितकारी होगा।

**कन्या**- किसी उपलब्धि और परिणाम के संबंध में बेचैनी रहेगी। किसी के कारण विरोधियों से उलझन हो सकता है।

**तुला**- समय का सदुपयोग करें। राज्य अधिकारियों पर विजय प्राप्त होंगी। किसी पुराने काम को निपटा लें तो अच्छा होगा।

**वृश्चिक**- दांपत्य सुख का योग है। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु**-आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। निजी प्रेम में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन का लाभ होगा।

**मकर**- पारिवारिक जीवन सुख में होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।

**कुंभ**-निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी।

**मीन**- यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी।

# सफारी वाहन एवं मोटरसाइकिल की टक्कर, बाइक सवार की मौत




**स्वतन्त्र भारत सेवराई संवाददाता।** सेवराई तहसील क्षेत्र गहमर थाना अंतर्गत कामाख्या मंदिर के समीप तेज रफ्तार सफारी वाहन से मोटरसाइकिल की टक्कर हो जाने के कारण बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद लोगो की सूचना पर भाग रही सफारी वाहन को पुलिस ने पकड़ लिया है एवं मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। सोमवार की रात्रि करीब 8-30 बजे कामाख्या धाम के मुख्य गेट के समीप एक अनियंत्रित सफारी वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे आसपास मौजूद लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य भदौरा में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बिहार प्रांत के बक्सर ईशापुर निवासी कृष्णा यादव (30) पुत्र हृदय नारायण यादव के रूप में हुई। सेवराई चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक पुष्पेश चन्द्र दुबे ने हमराहियों के साथ सीएचसी पहुंच कर मृतक के परिजनों को सूचना देने के साथ ही अन्य कार्यवाई में जुट गए। वही पुलिस ने बताया कि घटना के बाद भाग रहे सफारी वाहन को पकड़ लिया गया है। इस सम्बंध में गहमर कोतवाल अशेष नाथ सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाई की जा रही है।

# मनाई गई भगवान परशुराम जयन्ती, पहलगाम हमले की ब्राह्मणों ने किया निन्दाघोष



**स्वतंत्र भारत मऊ।** ब्राह्मण कल्याण समिति मैऊ के तत्वावधान में 29 अप्रैल को अक्षय तृतीया को प्रत्येक वर्ष की भांति भगवान श्री परशुरामजी की जयन्ती अतुल तिवारी के सभागार में मनायी गई।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम जी के चित्र पर पुष्प माला पहना कर आरती वंदन के साथ कि गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता पण्डित उमाशंकर तिवारी ने की ब्राह्मण कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष पण्डित धनञ्जय मिश्र ने कहा कि शस्त्र व शास्त्र के महा पण्डित भगवान श्री परशुरामजी जी सदैव लोकहित में अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे वे केवल शस्त्र के ही नही बल्कि शास्त्रों के भी प्रकाण्ड विद्वान थे,उनका जीवन हम सबके लिए अनुकरणीय है हमे उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम में उपस्थित पण्डित विजय प्रकाश पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान परशुराम जी समाज मे एकता के भी प्रतीक है जब समाज मे अन्याय अनीति से समाज का क्षय हो रहा था तब भगवान परशुरामजी ने सबको एक साथ एकत्रित कर अनीति अनाचार का प्रतिकार किया ब्राह्मण सनातन से समाज का अगुवा रहा है ब्राह्मणों को एक बार फिर होने की आवश्यकता है जिससे पूरे समाज का भला हो सके।कार्यक्रम में अतुल तिवारी ने अपने संगठनात्मक उद्बोधन में कहा कि ब्राह्मण समाज को एक रहने की आवश्यकता है तथा संगठन को समाज के लिए अति हितकारी बताते हुए अतुल तिवारी ने पहलगाँव में हुए कायराना हमले की निंदा करते हुए मारे गए सैलानियों के आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखा तथा एक स्वर में वहाँ उपस्थित सभी ब्राह्मणो ने एक स्वर में निन्दाघोष किया तथा मारे गए सैलानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पण्डित उमाशंकर तिवारी पण्डितविजय प्रकाश पाण्डेय पण्डित धनञ्जय मिश्र पण्डित नमोनारायण त्रिपाठी पण्डित अतुल तिवारी पण्डित धर्मेंद्र पाण्डेय पण्डित चंद्रशेखर तिवारी पण्डित निशान्त पाण्डेय पण्डित देवेन्द्र पाण्डेय, पण्डित हरिशंकर पाण्डेय पण्डित निर्भय तिवारी पण्डित शुभम पाण्डेय पण्डित साक्ष्य मिश्र पण्डित अमित पाण्डेय पण्डित सुमित पाण्डेय पण्डित विभूति पाण्डेय पण्डित वायुनन्दन मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## हिट एंड रन मोटर दुर्घटना में मृत्यु पर दो लाख

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** गाजीपुर सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया है कि हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना में घायल या मृत व्यक्ति/मृत्यु की स्थिति में कानूनी उत्तराधिकारी को मृत्यु पर रू0 200000/-(दो लाख) एवं गम्भीर चोट पर रू0 50000/-(पचास हजार) की आर्थिक सहायता कैशलेस इलाज की सुविधा तय अस्पतालों में मिलती है। पिड़ित वेबसाईडhitandrunschemeclaims@gicouncil.in से फार्म-1 व फार्म-4 प्राप्त कर फार्म-1 व फार्म-4 को भरकर दावा जॉच अधिकारी को दे सकते है। अधिकारी जॉच कर फार्म-2 के साथ रिपोर्ट जमा करेंगा क्लेम सेटलमेंन्ट कमिश्नर द्वारा फार्म-3 से मंजूरी मिलती है। इसके बाद 15 से 45 दिनों में ई-पेमेन्ट के जरिए भुगतान किया जाता है। फार्म-4 के रूप में शपथ पत्र देना आवश्यक है। उन्होने जनसामान्य को अवगत कराया है कि भारत सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना में हिट एण्ड रन (अज्ञात वाहन से) दुर्घटना होने पर इस जन कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत जनपद गाजीपुर में तीन लाभार्थियों को मुआवजा /लाभ दिया गया है।

# वृद्ध का चारपाई पर मिला शव, हत्या की आशंका



**स्वतंत्र भारत सेवराई।** सेवराई तहसील क्षेत्र के दिलदारनगर थाना अंतर्गत सरैला गांव में 60 वर्षीय बुजुर्ग किसान हृदय नारायण यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रात में खाना खाने के बाद अपने पंपिंग सेट पर सोने गए थे, जो उनके घर से एक किलोमीटर दूर स्थित है। सुबह उनके परिजनों ने उन्हें चारपाई पर मृत अवस्था में पाया, जिसके शरीर पर कई चोट के निशान थे। परिजनों के अनुसार, हृदय नारायण ने अपनी जमीन का कुछ हिस्सा अपनी बेटी पुष्पा देवी को वसीयत में दे दिया था, जिससे उनके बेटे श्रवण यादव नाराज चल रहे थे। परिवार में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। स्थानीय पुलिस को सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक दिलदारनगर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि हत्या की आशंका जताई जा रही है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है। हृदय नारायण अकेले रहते थे और पंपिंग सेट पर ही अपना खाना बनाते थे। ऐसे में उनकी मौत की वजह और परिस्थितियां संदिग्ध लग रही हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

## खबर एक नज़र

### महिला ग्राम उद्योग सेवा समिति के तत्वाधान में

**स्वतंत्र भारत मऊ।** महिला ग्राम उद्योग सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को ब्लॉक के ग्राम मालव में ग्राम वासियों को एक संगोष्ठी के माध्यम से जलवायु परिवर्तन सोलर पैनल से संबंधित जानकारी पानी एवं विद्युत बचाने एवं ज्यादा से ज्यादा पौधों पर करने के बारे में जागरूक किया गया इस मौके पर समिति के सचिव संजय मिश्रा ने महिलाओं तथा पुरुषों को पौधारोपण करने पर्यावरण के प्रति सजग होकर उसकी देखरेख करने जाड़े से ज्यादा पौधे लगाने जिससे जलवायु में परिवर्तन यही पौधे बड़े होकर हमें शुद्ध हवा तथा ऑक्सीजन देंगे इसके बारे में जागरूक किया गया इस मौके पर मानव गांव समेत अन्य गांव के लोग इस संगोष्ठी में उपस्थित रहे ।

### बनवासी बस्ती के लोग अंधेरे में, उपजिलाधिकारी को दिया प्रार्थना पत्र

**स्वतन्त्र भारत जमानियां (गाजीपुर)।** बरुईन गांव के वनवासी बस्ती में आठ दिनों से अंधेरा रहने को लेकर मंगलवार भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य ईश्वरी प्रसाद तहसीलदार से मिलकर समस्या से अवगत कराया।इसके बाद एसडीएम ज्योति चौरसिया को प्रार्थना पत्र भी सौंपा।एसडीएम ने समस्या के निस्तारण के प्रति आस्वस्त किया। एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि बरुईन गांव के वनवासी बस्ती में आठ दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है।विधुत विभाग ने बस्ती में केबिल कर दिया लेकिन कही कनेक्शन नहीं जोड़ा जिससे बिजली नहीं है।इस गर्मी में बस्ती के लोग परेशान है।मांग किया कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाय।इस मौके पर विजयी वनवासी, प्रभादेवी,सुखिया,भुवनी,प्यारि, तेतरी,लक्ष्मीना आदि लोग रहे।

### पुलिस ने किशोरी के अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**जफराबाद जौनपुर।** क्षेत्र के कजगाव अंडरपास के समीप सोमवार की देर रात को पुलिस ने 14 वर्षीय किशोरी के अपहरणकर्ता को किशोरी के साथ गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के हौज शिवाला गांव निवासी बाबी उर्फ शनी पुत्र राजेंद्र राजभर पड़ोस के गांव हौज पोखरा निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी से बातचीत करता था।काफी दिनों तक बातचीत करने के बाद वह किशोरी को 23 अप्रैल को अपहरण कर भाग गया।परिजनों ने पहले खोजबीन किया।बाद में उन लोगों ने शनी राजभर के विरुध्द तहरीर दिया।पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया।थानाप्रभारी जयप्रकाश यादव ने बताया कि किशोरी के अपहरण के आरोपी बाबी उर्फ शनी राजभर पर धारा 87/137(2)बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।उसके बाद किशोरी को खोजने के लिए चौकी प्रभारी मनोज राय व एस आई सजंय कुमार के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।

### जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, मरीजों से किया संवाद

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा उमानाथ सिंह स्वायत्तशासी मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया गया। ओपीडी वार्ड के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा चिकित्सकों से मरीजो के इलाज तथा इस समय किस रोग के मरीज अधिक आ रहे है, इसके संबंध में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी के द्वारा मरीजों हेतु भर्ती वार्ड में सभी मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण कराने की तैयारी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए अवशेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी के द्वारा मरीजों से संवाद करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का फीड बैक प्राप्त किया गया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बाहर की दवाई नहीं लिखी जाए। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि गम्भीरता पूर्वक कार्य करते हुए मरीजों का इलाज किया जाए, जिससे मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर से निर्माण कार्य से सम्बन्धित जानकारी ली और निर्देशित किया कि अवशेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, प्राचार्य मेडिकल कालेज रुचिरा सेठी, सीएमएस जाफरी, डा0 विनोद, डा0 सरोज, डॉ0 कर्नल पटेल सहित अन्य उपस्थित रहें।

### पीयू परिसर की सेमेस्टर परीक्षा 2025 का मूल्यांकन शुरू

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बाबा साहब देवरस केंद्रीय मूल्यांकन भवन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 वंदना सिंह ने मंगलवार को विधिवत पूजन के उपरांत प्रारंभ कराया. उन्होंने डा. संजीव गंगवार, श्रीमती जया शुक्ला, डॉ. अजय मौर्या, डॉ. अनीष, डॉ. पंकज को मूल्यांकन हेतु उत्तर पुस्तिकाओं का आवंटन किया. उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का समय पर सुचितापूर्ण मूल्यांकन करें. परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर विनोद कुमार सिंह ने राजभवन एवं उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में समर्थ पोर्टल का उपयोग करते हुए यथाशीघ्र परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु समन्वयक मूल्यांकन डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह एवं मूल्यांकन समिति डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, डॉ0 प्रवीण कुमार सिंह, अशोक कुमार यादव एवं सत्यम उपाध्याय को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया. उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ है और मई के द्वितीय सप्ताह तक संचालित होनी है।

# तहसील में अधिवक्ताओं का उग्र आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

**स्वतंत्रभारत मऊ ।** तहसील में मंगलवार को तानाशाह एसडीएम और तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन दूसरे दिन भी तीव्र रूप में जारी रहा। तहसील परिसर में बड़ी तादाद में इकट्ठा वकीलों ने जमकर नारेबाज़ी करते हुए एसडीएम और तहसीलदार पर तानाशाही व्यवहार और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन कर रहे वकीलों का कहना है कि तहसील प्रशासन में निजी व्यक्तियों के माध्यम से अवैध धनउगाही कराई जा रही है। बिना साक्ष्य, सबूत और बहस हुए सैकड़ों फाइल तसीलदार शैलेंद्र सिंह ने आदेश में ले लिया। जो न्याय हित में कत्तई नहीं है। बार एसोसिएशन के महामंत्री राजेश सोनकर ने आरोप लगाया कि यहां सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का कोई असर नहीं दिख रहा है और प्रशासन बेलगाम होता जा रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पूर्व शासकीय अधिवक्ता दिनेश राय ने कहा कि बिना किसी साक्ष्य और बहस के, लगभग 100 में से 95 फाइलों में आदेश पारित कर दिए जा रहे हैं, जिससे न्याय प्रक्रिया का मज़ाक बन रहा है। मौजूद वकीलों ने चेतावनी दी है कि जब तक एसडीएम अभिषेक गोस्वामी और भ्रष्ट तहसीलदार शैलेंद्र चंद्र सिंह का तबादला नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा और ज़रूरत पड़ी तो और उग्र रूप लेगा। अधिवक्ता संघ ने उच्च अधिकारियों से मिलकर शिकायत भी दर्ज कर दी है। अब देखना दिलचस्ब होगा कि तानाशाह एसडीएम अभिषेक गोस्वामी और तहसीलदार शैलेंद्र चंद्र सिंह पर डीएम प्रवीण मिश्र क्या कार्रवाई करते हैं। इस दौरान तहसीलबार एसोसिएशन के महामंत्री राजेश सोनकर, पूर्व महामंत्री ब्रजेश पाण्डेय, पूर्व शासकीय अधिवक्ता दिनेश राय, वरिष्ठ अधिवक्ता कालिकादत्त पाण्डेय, ब्रह्मदेव उपाध्याय, सतीश पाण्डेय, उमाशंकर उपाध्याय, बृजेश राय, नदीम अख्तर, विपुल राय, जय प्रकाश यादव, बाबूलाल, अरविंद सिंह, ऋषिकेश सिंह समेत बड़ी तादाद में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## पकड़ी गई अवैध शराब

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना मऊ पुलिस अधीक्षक इलमारन जी के आदेश के क्रम में वंचित तथा संदिग्ध व्यक्तियों अपराधियों तथा चोरी लूट से संबंधित आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी शीतला प्रसाद पांडे प्रभारी निरीक्षक रविंद्र नाथ राय उप निरीक्षक सरफराज खान के नेतृत्व में पुलिसनेस मंगलवार प्रार्थना खिरिया मोड़ के पास से 24 सीसी देसी शराब 800 मिलीग्राम के साथ गोविंद राजभर पुत्र राम अवध राजभर निवासी खुशहालपुर थाना मोहम्मदाबाद गोहाना को गिरफ्तार कर ले चालान किया ।

# उद्यमियों के समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा निस्तारण : सीडीओ

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु एवं औद्योगिक इकाइयों की कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन ने पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। उद्यमी संजय वर्मा ने बताया कि विद्युत की अत्यधिक कटौती के कारण उद्योग चला पाना कठिन हो गया है, इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष उमाशंकर ओमर ने बताया कि मोहम्मदाबाद गोहना के वलीदपुर बाजार में किसी भी बैंक की शाखा न होने के कारण व्यापारियों, बुनकरों तथा किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। बैंक की सेवाएं लेने के लिए यहां के स्थानीय लोगों को 2 किलोमीटर दूर रामनगर मोड जाना पड़ता है। रामनगर मोड आने जाने में किसी भी समय किसी के साथ अपराधी घटना घटने का डर बना रहता है। व्यापार मंडल वलीदपुर बाजार में राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोले जाने की मांग की गई। कोपागंज बाजार की मुख्य सड़क पर बिजली के जर्जर तार लटके हुए हैं बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत के बावजूद भी कोई हल नहीं निकला, इसके अलावा जनपद मऊ की प्रसिद्ध वनदेवी धाम मंदिर पर मेन रोड से मंदिर तक जाने वाली लगभग 200 मीटर सड़क पूरी तरह से जर्जर होकर गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिसे ठीक किए जाने की भी मांग की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्युत विभाग एवं पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारियों को मौके का तत्काल निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी ने कहा की साड़ी की बिक्री बढ़ाए जाने के संबंध में बताया कि जनपद का मुख्य व्यवसाय साड़ी का है इसको बड़े पैमाने पर बिक्री के लिए एमाजोन, फ्लिपकार्ट सहित अन्य कंपनियों से समन्वय स्थापित करें, जिससे बिक्री को बढ़ावा मिल सके और उद्यमी के आय में भी वृद्धि हो सके। इसके अलावा जनपद में निवेश प्रस्ताव हेतु इंटेंट तथा इनके धरातल पर लाने के संबंध में, विभागीय योजनाओं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद वित्तपोषण मार्जिन मनी योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। औद्योगिक आस्थान सहादतपुरा के नाला एवं पानी की निकासी के संबंध में अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि नाला निर्माण का कार्य आरंभ है, बजट के अभाव में कार्य वर्तमान समय में बंद है।

## उत्कृष्ट उत्पादन तथा बिक्री करने वाली इकाइयां होंगी सम्मानित

**स्वतंत्र भारत मऊ।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तपोषित खादी ग्रामोद्योग सेक्टर के अच्छी एवं उत्कृष्ठ उत्पादन तथा बिक्री करने वाली इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार योजना वर्ष 2025-26 के अर्न्तगत जनपद से चार लाभार्थियों तथा मण्डल स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एवं राज्य स्तर पर भी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरुप धनराशि के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाना है। अतः जनपद के समस्त खादी तथा ग्रामोद्योग इकाईयों को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 03 मई 2025 तक उत्पादित माल बिक्री एवं रोजगार से सम्बन्धित सूचना इकाई के फोटो ग्राफ जिला ग्रामोद्योग कार्यालय संगीत पैलेश निजामुदीनपुरा मऊ में जमा करें।

# उत्कृष्ट अंक पाने वाले छात्राओं को विद्यालय परिवार ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन कस्बा पांती रोड स्थित हरिवंश मल्ल मेमोरियल इंटर कॉलेज में मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में एक सादे समारोह में स्कूल में उत्कृष्ट अंक से पास होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में सर्वश्रेष्ठ अंक पाने वाली सात-सात छात्राओं को विद्यालय परिवार ने मिठाई खिलाकर,मेडल व साल पहना कर उनका अभिनंदन किया। सम्मानित की जाने वाली छात्राओं में हाईस्कूल से खुशी श्रीवास्तव, गौरी वर्मा, संजना राजभर,कशिश जायसवाल, अनुराधा शर्मा, पायल मल्ल, प्राची मद्धेशिया तथा इंटरमीडिएट से चंदा वर्मा, विकास यादव, नेहा चौहान, मुस्कान गुप्ता, बबली मौर्या, अंशिका मल्ल, प्रयास मद्धेशिया आदि को सम्मानित किया गया। शिक्षकों के सही मार्गदर्शन में छात्र मेधावी बनते हैं और अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं। अभिभावकों का अगर पूरा सहयोग छात्र-छात्राओं को मिल जाए तो निश्चित तौर पर उन्हें सफलता प्राप्त हो सकती है। मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समारोह में प्रबंधक प्रविंद कुमार मल्ल ने उक्त बातें कही। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक अपने बच्चों की इस उपलब्धि पर गौरवान्वित दिखे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रवण कुमार, प्रिंसिपल राम शब्द यादव, अध्यापक अरविंद यादव, अजीत गुप्ता,सुनील कुमार, गोरख मौर्य, रमेश कुमार, अभिषेक यादव, अमेश मल्ल, भोला यादव, ऋषभ मल्ल आदि छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव की अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**स्वतंत्र भारत मऊ।** स्थानीय शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मालव में मंगलवार को शारदा संगोष्ठी, भव्य वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच पहलगांव अटैक की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सबकी आँखें नम कर दी। सबने मिलकर दो मिनट का मौन रखा व शहीद पर्यटकों की आत्मशांति हेतु प्रार्थना किया। इस दौरान जहां भूतपूर्व सैनिकों, सेवानिवृत्त शिक्षकों व रसोईयां मां लोंगों को सम्मानित किया गया, वहीं मेधावी व नवप्रवेशी बच्चों को पुरस्कृत कर उनकी हौसलाफजाई की गई। मुख्य अतिथि बीईओ श्वेता मौर्या ने अभिभावकों से इस विद्यालय में बढ़-चढ़कर प्रवेश दिलाने की अपील की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्वेता मौर्या द्वारा माँ वीणावादिनी की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन, तिलक-चंदन, माल्यार्पण-पुष्पार्चन, धूप-दीप-नैवेद्य सहित दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना वीणा के बजइया, स्वागत नृत्य स्वागतम-स्वागतम, साक्षी मौर्या व प्रधानाध्यापक धनंजय सिंह का स्वागत भाषण, भाव नृत्य तारे ज़मीं पर, समूह नृत्य मेरे घर राम आये हैं, अनेकता में एकता नृत्य, नाटक दानवीर कर्ण, स्कूल चलो नृत्य सुनो घंटी बजी स्कूल की, समूह नृत्य- नन्हा-मुन्ना राही हूं, राधा-कृष्ण नृत्य छलकत हमरी गगरिया हे रामा व पहलगांव हमले की देशभक्ति प्रस्तुति ने मौजूद लोंगो को भावविभोर कर दिया। इसके पहले प्रधानाध्यापक धनंजय सिंह व अर्चना सिंह ने पूरे स्टॉफ व बच्चों सहित मिलकर आगंतुकों का बैंड के साथ स्वागत क़िया। कार्यक्रम में भी अंगवस्त्र, माला, पुष्प गुच्छ व स्मृतिचिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि श्वेता मौर्या, विशिष्ट अतिथिगण एसआरजी संजय तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष शशिभूषण राय, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव, ओमप्रकाश ओझा, राजेश राम, ओमप्रकाश सिंह आदि ने पूर्व सैनिक धर्मदेव सिंह, रामकुमार, त्रिकोली सिंह, प्रेम मौर्य व सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रभूषण सिंह, बैजनाथ मौर्य, बिकानू राम, बुद्धू राम, रामबृक्ष मौर्य सहित पत्रकार कुँवर अजीत प्रताप सिंह को अंगवस्त्र व माल्यार्पण प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के बच्चों को गर्म व ताजा भोजन प्रदान करने वाली सभी रसोईयां माँ लोंगों को साड़ी व उपहार प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। इसके अलावा जहाँ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाणपत्र, माला-फूल व विविध पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया, वहीं नवप्रवेशी बच्चों को भी माल्यार्पण व शैक्षिक सामग्री प्रदान कर स्वागत किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्वेता मौर्या ने बच्चों के रंगारंग व भावपूर्ण कार्यक्रमों की प्रशंसा की। कहा कि कायाकल्प, डीबीटी, मध्याह्न भोजन, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, वाचनालय, छात्रवृत्ति, आरसीटी लैब, राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों द्वार परिषदीय विद्यालय आज निजी विद्यालयों से बेहतर है। मालव की शैक्षिक विरासत तो पहले से लेकर आज तक बेहतरीन है। इसलिए आप सभी यहां अधिकाधिक संख्या में बच्चों का प्रवेश करायें। कार्यक्रम को एसआरजी संजय तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष शशिभूषण राय व कुँवर अजीत प्रताप सिंह ने संबाधित किया। कहा कि बच्चे जहां मिट्टी के लोने हैं, वहीं शिक्षक कुम्हार। शिक्षक ही बच्चों के अंदर की प्रतिभा को खोजकर बाहर लाते हैं जिससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट और विकास भवन के समस्त कार्यालयों का स्थलीय निरीक्षण किया



**स्वतन्त्र भारत ग़ाज़ीपुर।** गाजीपुर जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय,परिसर एवं विकास भवन के समस्त कार्यालयो एवं पटलो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यलय मे साफ-सफाई एवं फाईलो को व्यवस्थित ढंग से रख रखाव का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आज जनता दर्शन के पश्चात जिला कलेक्ट्रेट एवं जिला सचिवालय का स्थलीय निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयो के पटलो का जायजा लिया। उन्होने पृथक-पृथक समस्त पटलो, फाईलो का रख-रखाव, साफ-सफाई, लाईट, इनवर्टर एवं जनरेटर, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, की व्यवस्था को देखा। तत्पश्चात विकास भवन पहुच वहां के समस्त कार्यालयो एवं पटलो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास भवन मे विद्युत वायरिंग बेतरतीव ढंग से होने के कारण उन्होने उसे सही कराने का निर्देश दिया। विकास भवन मे कार्यालय एवं परिसर मे साफ-सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रशन्नता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिकारी एवं पटल सहायक नियमित रूप से कार्यलय पहुचे एंव जनता की सुनवाई करें। पटलो पर फाईलो का निश्चित समयावधि में निस्तारण करा दिया जाय जिससे कोई भी व्यक्ति परेशान न हो सके। उन्होने कहा कि कलेक्ट्रें<हृश्च्ठ्ठद्ब>ट एंव विकास भवन मे विद्युत वायरिंग एवं बिल्डिंग मे कुछ कमियां पायी गयी है उसे उसे दुरूस्त कराने का भी निर्देश दिया गया है। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, डिप्टी कलेक्टर चन्द्रशेखर यादव, सालिक राम, जिला विकास अधिकारी सुबाष चन्द्र सरोज, परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला सूचना अधिकारी राकेश यादव एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## वाराणसी स्थित 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के बचाव

**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** आज वाराणसी स्थित 11 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के बचाव कार्मिकों ने मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा निर्देश में एक सघन लामबंदी ड्रिल का अभ्यास किया। इस अभ्यास में वाहिनी मुख्यालय की टीमों के साथ क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ, गोरखपुर तथा भोपाल की टीमों समेत कुल 18 टीमों ने पूरी तैयारी और दक्षता के साथ प्रतिभाग किया। इस वृहद अभ्यास में विभिन्न प्रकार के आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप तथा जैविक आपदाओं में राहत और बचाव कार्य में दक्ष टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने कहा की इस प्रकार के बड़े अभ्यास का उद्देश्य किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया की अपनी तैयारियों का मूल्यांकन करना और उनमें संभावित सुधार करने की कोशिश करके आपदा में बचाव की क्षमता में वृद्धि कर संकटग्रस्त जीवन की सुरक्षा तथा साथ ही भविष्य में बढ़ती हुई चुनौतियों से सभी बचाव कार्मिकों को परिचित करवाना है।

# 96.95 लाख से होगा मधुबन सीओ कार्यालय का निर्माण

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** मधुबन थाना सीओ कार्यालय के निर्माण कार्य का शिलान्यास भूमि पूजन के साथ मंगलवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने किया। यह निर्माण कार्य लगभग 96.95 लाख की लागत से होगा। थाना मधुबन सीओ कार्यालय के 96.95 लाख से बनने वाले नव निर्मित किए भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन व शिलान्यास पुलिस अधीक्षक इलामारन जी व सीओ अभय कुमार सिंह ने साथ में पूरे विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। वहीं भूमि पूजन का कार्य आचार्य पंडित आलोक पाण्डेय के द्वारा कराया गया। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने बताया कि यह सीओ कार्यालय बहुमंजिला होगा। जिसमें सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं क्षेत्राधिकारी को प्रदान की जाएंगी। क्षेत्राधिकारी कार्यालय का निर्माण हो जाने से मधुबन, रामपुर, हलधरपुर थाना के लिए जहां सहूलियत मिलेगी। वहीं आम जनता को जिला मुख्यालय की 35 किलोमीटर की दूरी तय के साथ-साथ महत्वपूर्ण समय की बचत होगी। कार्यालय बन जाने से फरियादियों की समस्याओं का तत्काल समाधान होगा। और त्वरित न्याय मिल सकेगा। इसके साथ ही विभिन्न कक्ष तैयार होंगे। सीओ अभय कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यालय के बनने से यहां के लोगों को राहत मिलेगी और आसपास के क्षेत्र में हो रहे अपराधों पर भी नियंत्रण किया जा सकेगा। इसका निर्माण 5 से 6 महीनों में पूरा किया जाना है। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस कर्मियों को बेहतर वातावरण मिल सके, इसके लिए आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में तहसीलदार डॉ धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय,मधुबन थाना प्रभारी संजय कुमार त्रिपाठी, रामपुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, हलधरपुर थानाध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा, क्राइम इंस्पेक्टर विजय प्रताप सिंह, सिपाह चौकी इंचार्ज अशोक तिवारी, दुबारी चौकी इंचार्ज राजेश सिंह, ढ़ढ़वल चौकी इंचार्ज मोहन प्रसाद, उपनिरीक्षक रमेश पाठक, नितेश मौर्य, कृष्ण कुमार सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता सतीश पाण्डेय, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि शंकर मद्धेशिया, पूर्व मनोनीत सभासद राहुल दीक्षित, डॉ नासिर अली, व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू ठठेरा, बलवंत चौधरी, समाजसेवी बबलू पाण्डेय, मयंकर चौहान, छोटेलाल चौहान, राज बब्बर चौहान,राकेश सिंह,अर्पित मौर्य सहित भारी संख्या में पुलिस बल व संभ्रांत जन उपस्थित रहे।

# हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन महंत प्रेमदास आज करेंगे रामलला का दर्शन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन की कई सौ वर्ष की परम्परा में यह पहला अवसर होगा जब कल अक्षय तृतीया पर महंत गद्दीनशीन प्रेमदास हनुमानजी के प्रतिनिधि के रूप में भगवान रामलला का दर्शन करने जायेंगे। अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने आज गद्दीनशीन महंत प्रेमदास से मुलाकात किया तथा तैयारियों का जायजा भी लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शोभायात्रा की परम्पराओं को नया आयाम देने वाला एक महान कदम है। कल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर यह शोभायात्रा पूरे अयोध्या में आस्था और उत्साह का संचार करेगी। उन्होंने बताया कि सरयू घाट से श्रीराम जन्मभूमि तक भव्य शोभायात्रा निकलेगी जिसमें पुष्प वर्षा और जनसमूह की सहभागिता ऐतिहासिक दृश्य प्रस्तुत करेगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन अयोध्या की धार्मिक परम्पराओं को नयी ऊंचाई देगा। परम्परा के अनुसार हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन बावन बीघा भूमि से बाहर नहीं जाते हैं

## • सरयू सलिल तट पर स्नान करने के बाद गाजे-बाजे के साथ निकलेगी शोभा यात्रा • नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने लिया जायजा



परन्तु परम्पराओं को तोड़ते हुए वह रामलला का दर्शन करेंगे। अयोध्या विधानसभा के विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत होगा। हेलीकाप्टर से भी पुष्प वर्षा की जायेगी। शोभायात्रा को लेकर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने गद्दीनशीन महंत प्रेमदास से मुलाकात किया तथा तैयारियों का जायजा भी लिया। उन्होंने बताया कि महंत गद्दीनशीन प्रेमदास हनुमानजी के प्रतिनिधि के रूप में भगवान रामलला का दर्शन करने जायेंगे। उनके साथ सम्पूर्ण हनुमानगढ़ी का प्रतिनिधित्व भी होगा। इसमें हनुमान जी का शाही निशान सहित सभी चार पट्टियों के महंत, सरपंच और अन्य संत-महंत शामिल होंगे। हनुमान गढ़ी की आचार संहिता में गद्दीनशीन के लिये इस पीठ के बावन बीघा परिसर से बाहर जाने पर रोक है और उसके मूल में यही भावना है कि वह हनुमानजी के मुख्य अनुचर व सेवक के रूप में सतत मौजूद रहेंगे। गद्दीनशीन महंत समेत संतों, महंतों का जुलूस शोभायात्रा के रूप में सबसे पहले कल सुबह मां सरयू के तट पर जायेगा। सरयू नदी में स्नान के बाद धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा क्षीरेश्वरनाथ मंदिर के सामने गेट नंबर तीन से राम मंदिर परिसर में दर्शन के लिये प्रवेश करेगी। इस दौरान मार्ग के दोनों ओर पुष्प वर्षा कर इस ऐतिहासिक यात्रा का स्वागत होगा। प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी एवं संकट मोचन सेना के अध्यक्ष महंत संजय दास ने बताया कि रामलला के दर्शन के दौरान गद्दीनशीन भगवान रामलला को छप्पन भोग भी लेकर जायेंगे। यह विशेष तौर पर शुद्ध देशी घी से बना रहेगा। पंचायत ने बैठक कर गद्दीनशीन को अनुमति प्रदान की है। हनुमानगढ़ी के गद्दीनशीन का हनुमानगढ़ी के शाही निशान के साथ रामलला को दर्शन करने जाने का विषय हनुमानगढ़ी की भावना व मर्यादा के अनुरूप है। इसके लिये कल अर्थात् अक्षय तृतीया यानी तीस अप्रैल की तारीख रखी गयी है।

# मां कामाख्या नगर पंचायत की बैठक में 6.5 करोड़ की विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** मां कामाख्या धाम नगर पंचायत में सोमवार को रुदौली विधायक राम चंद्र यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल और अधिशासी अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्र भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। विधायक का स्वागत नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल और ईओ निखिलेश मिश्रा ने पुष्प गुच्छ भेंटकर किया। बैठक से पहले विधायक ने नवनिर्मित मीटिंग हॉल का फीता काटकर उद्घाटन किया।बैठक में विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 6.50 करोड़ रुपये की निर्माण और आपूर्ति कार्यों की परियोजनाओं को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। विधायक ने वार्ड की समस्याओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बोर्ड बैठक में पुराने कार्य पूर्ण कराने को लेकर चर्चा की गई। ईओ निखिलेश मिश्र ने बताया कि नगर पंचायत की बैठक में कुल 6.50 करोड़ रुपये की लागत से सीसी रोड, वार्डो की नालियां, पार्क, चौराहों का सौन्दरीकरण, मार्ग प्रकाश, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण आदि के प्रस्ताव पारित किए गए है। बैठक में नगर पंचायत के सभी वार्डो के सभासद उपस्थित रहे। इनमें रामावती, सोहन लाल, जमुना प्रसाद, अजीत प्रताप सिंह, राम लगन, केदारनाथ, जितेश कुमार सिंह, तबरेज अहमद, सीतापति, राकेश कुमार, ललित, राजवती, गीता देवी, सफीना खातून और रेशमा यादव शामिल थे।

# कुलपति ने बैडमिंटन, वॉलीबॉल, खो-खो व बास्केटबॉल कोर्ट का किया उद्घाटन



**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 22वें अखिल भारतीय अंतर कृषि विवि राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतियोगिता के मद्देनजर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा परिसर में बास्केटबॉल के 2 कोर्ट, बैडमिंटन के 4, वॉलीबॉल के 4, कबड्डी के 3 और खो-खो के 2 कोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ-साथ खेल मैदान का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुलपति ने कहा कि विभिन्न खेलों कोर्ट बढ़ने से प्रतियोगिताएं सरलता के साथ संपन्न कराई जा सकेंगी साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अभ्यास करने का अधिक मौका मिल सकेगा। इन दिनों प्रतियोगिता में सर्वोच्च पदक हासिल करने लिए कृषि विश्वविद्यालय के खिलाड़ी सुबह और शाम के समय मैदान पर जमकर पशीना बहा रहे हैं। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए कोच लगाए गए हैं जो खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा. डी. नियोगी ने बताया कि खिलाड़ियों के चैन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शाम के समय खेल कराने के लिए तैयारी पूरी है। मैदान के चारों तरफ हाईमास्ट लाइट लगाए गए हैं। खेल ट्रैक को तैयार कर लिया गया है। इस राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धा में देशभर से 56 कृषि विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी प्रतिभाग करने वाले हैं। इस उद्घाटन के मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष, सदस्य और प्रतिभागी खिलाड़ी मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** रूदौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव मे अज्ञात कारणों से एक 38 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा है। जानकारी के अनुसार रूदौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत टांडा खुलासा निवासी विजय बहादुर उर्फ करिया जो मानसिक रोग से ग्रस्त था और बीमार चल रहा था जिसने बीती रात्रि घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना गांव में फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की सूचना रूदौली पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही रूदौली पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर फांसी के फंदे से लटक रहे शव को नीचे उतरवाकर शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है।

# महापौर व नगर आयुक्त ने किया जनसुनवाई समस्याओं का समाधान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए आयोजित संभव कार्यक्रम में मंगलवार को कुल 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 11 शिकायतों का तुरंत समाधान किया गया। इस मौके पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि जनशिकयतों का त्वरित समाधान हो, क्योंकि नगरवासी बड़ी उम्मीद लेकर नगर निगम कार्यालय आते हैं। त्वरित समाधान से ही नगर निगम टीम की विश्वसनीयता बढ़ेगी। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई की। इस बीच महापौर भी निगम कार्यालय पहुंचे और लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। नगर आयुक्त ने पेयजल संकट का समाधान करने, सफाई एवं एंटी लार्वा छिड़काव के लिए तत्काल कर्मचारियों को रवाना किया। जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र तुरंत जारी कराया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान सड़क एवं



नाली निर्माण की मांगें सामने आई। श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के पवन कुमार पांडेय ने कांतिनगर कालोनी में जलभराव की वजह से खंभे में करंट उतरने पर दो मवेशी के अकाल मौत की शिकायत दर्ज कराई और नाली एवं सड़क निर्माण की आवश्यकता जताई। प्रेमचंद्र, अर्जुन व अन्य ने मसिनिया टोनिया मार्ग के किनारे नाली निर्माण की मांग की। दीनदयाल वार्ड के राकेश शर्मा, उमाशंकर पांडेय आदि ने कैलाशनगर कालोनी में 14 कोसी परिक्रमा मार्ग से बृजेश जायसवाल के मकान तक सीसी सड़क निर्माण की आवश्यकता जताई। अवधेश कुमार, परदेशी यादव, शिवनंदन, रोहित आदि ने गद्दौपुर में इंटरलाकिंग के लिए सामूहिक रूप से मांग पत्र सौंपा। महापौर सभी मांगों को सूचीबद्ध कर स्टीमेट तैयार करने का निर्देश निर्माण खंड के सहायक अभियंता को दिया। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त शशिभूषण राय, बागीश कुमार शुक्ल, सुमित कुमार, मुख्य अभियंता पुनीत ओझा, सीटीएओ गजेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# प्रॉमिनेंट व मुस्कान के बच्चों ने मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल समिति द्वारा संचालित प्रॉमिनेंट पब्लिक स्कूल तथा मुस्कान पुनर्वास केंद्र के बच्चों ने सामूहिक रूप से 2 मिनट का मौन रखकर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किया। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर डॉ. रानी अवस्थी ने कहा कि इंसानियत के दुश्मनों ने हंसते खेलते परिवार की खुशियां छीन ली। किसी का पिता, तो किसी का पति, किसी की मां, तो किसी का बेटा छीन लिया। ऐसा करने वालों का धर्म से दूर-दूर तक वास्ता नहीं हो सकता। किसी की हत्या करना धर्म नहीं हो सकता। नहीं, हत्यारे किसी के सगे हो सकते हैं। वे ना ही अपने परिवार के सगे हैं ना समाज के और ना ही अपने देश के उनका काम केवल दहशत फैलाना है। अतः जब तक उन्हें सबक नहीं सिखाया जाएगा यह समझेंगे नहीं साथ ही जरूरी है कि हम युवाओं की मानसिकता को बदलें। कम से कम जो स्थानीय लोग हैं तथा आतंकियों की मदद कर रहे हैं ऐसे लोगों की मानसिकता को बदलना जरूरी है। स्कूलों में देशभक्ति पर प्रतिदिन एक पीरियड होना चाहिए, जिसमें टीचर अपनी भारतीय संस्कृति व महापुरुषों की प्रेरणादायक प्रसंग को बताएं। साथ ही प्रत्येक टूरिस्ट स्थल पर पूर्ण सुरक्षा होनी चाहिए। हमेशा एंबुलेंस और फर्स्ट एड की व्यवस्था तथा एक डॉक्टर रहे, पुलिस व आर्मी भी रहे। उक्त अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक, प्राचार्य एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोएल ने स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ पिंकी जोएल ने जिला अयोध्या में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। मिशन निदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूदौली अयोध्या का निरीक्षण किया वहां पर ओपीडी संचालन, औषधीय की उपलब्धता, आकस्मिक सेवा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति, अभिलेखों का रखरखाव, साथ ही चिकित्सालय में उपस्थित मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में जानकारी ली। इसके पश्चात् आयुष्मान आरोग्य मंदिर हाजीपुर बरसेंडी सोहावल का निरीक्षण किया, जिला महिला चिकित्सालय अयोध्या एवं आर डी सी पैथोलॉजी को देखा। उसके बाद जिला अधिकारी के कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक मिशन निदेशक की अध्यक्षता में की गई। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी के के सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग से अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ एवं कर्मचारियों उपस्थित थे। मिशन निदेशक, एवं मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा सेवाओं एवं सुविधाओं को और बेहतर एवं सुगम बनाने हेतु क्त आर कोड जनरेट किया गया जिससे लोग स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु अपने सुझाव दे सकें।

# गन्ना सर्वेक्षण पेराई सत्र का प्रशिक्षण सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत रुदौली (सं.)** आगामी 1 मई से 30 जून तक गन्ना विभाग द्वारा कराए जाने वाले गन्ना सर्वेक्षण का प्रशिक्षण आज रौजागांव चीनी मिल के सभागार में रौजागांव गन्ना परिषद के विभागीय व चीनी मिल स्टाफ तथा फैजाबाद समिति सभागार में मसौधा गन्ना परिषद संबंधित मिल, विभागीय व समिति कार्मिकों को प्रशिक्षण जिला गन्ना अधिकारी अधिकारी हुदा सिद्दीकी, महाप्रबंधक (गन्ना) मसौधा सुनील कुमार चौहान, मुख्य गन्ना प्रबंधक (गन्ना) दिनेश कुमार सिंह व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मसौधा तथा रौजागांव द्वारा दिया गया। गन्ना सर्वेक्षण में शुद्धता, पारदर्शिता हेतु सर्वेक्षण जी पी एस आधारित एंड्रॉयड एप्लीकेशन से किया जाएगा। सर्वेक्षण विभाग व चीनी मिल की संयुक्त टीम द्वारा किया जाएगा। सर्वेक्षण से 3 दिन पूर्व चीनी मिल द्वारा एसएमएस माध्यम से कृषकों को उनके ग्राम में सर्वे प्रारंभ होने की सूचना दी जाएगी। कृषक वेबसाइट पर अपने गन्ना क्षेत्रफल से संबंधित सूचना हेतु ऑनलाइन घोषणा पत्र भरेंगे। सर्वेक्षण के समय जांच दल घोषणापत्र में दर्ज शत प्रतिशत गन्ना प्लाटों का सत्यापन मौके पर करेगा। जनपाद अयोध्या के गन्ना सर्वेक्षण हेतु चीनी मिल रौजागांव के 35, मसौधा मिल के 37 तथा अकबरपुर चीनी मिल के 11 अस्थाई सर्किल बनाए गए है। सर्वेक्षण कार्य का उच्चाधिकारियों द्वारा समय समय पार औचक निरीक्षण किया जाएगा। गन्ना सर्वेक्षण के आधार पर ही आगामी पेराई सत्र में कृषकों को गन्ना आपूर्ति हेतु पर्ची जारी होगी। जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी ने इस संबंध में गन्ना कृषकों से अनुरोध किया है कि वह अपने ग्राम में सर्वेक्षण के समय उपस्थित रह अपने प्लाटों का सर्वे अपने सामने कराएं, जिससे गन्ना आपूर्ति में उन्हें असुविधा न हो। सर्वे संबंधी किसी भी शिकायत के लिए कृषक बन्धु जिला गन्ना अधिकारी के मोबाइल नंबर 7081202239 पर संपर्क कर सकते हैं।

# दुर्वासा आश्रम में मनाई गई भगवान परशुराम की जयंती



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** अयोध्या धाम के मौनी बाबा परिक्रमा मार्ग स्थित दुर्वासा आश्रम सपरशुराम शिव पंचायतन मंदिर में भगवान महाविष्णु के अवतार जमदग्निनंदन परशुराम का प्राकट्य उत्सव विधि-विधान से मनाया गया। इसमें विग्रह अर्चन के साथ-साथ गोदुग्ध से महाभिषेक, महाआरती एवं प्रसाद वितरण हुआ। जयंती महोत्सव को दुर्वासा आश्रम सपरशुराम शिव पंचायतन मंदिर के अधिष्ठाता आचार्य श्रवण कुमार मिश्रा ने अपना सानिध्य प्रदान किया। इस अवसर पर आचार्य श्रवण कुमार मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम को विष्णु भगवान का छठां अवतार माना जाता है। भगवान शिव के महान भक्त माने गए हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष परशुराम जयंती वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। उसी अनुसार इस बार भी भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। भगवान परशुराम का जन्म माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के घर प्रदोष काल में हुआ था और उन्हें चिरंजीवी भी माना जाता है। विद्वद् गोष्ठी में मंदिर के मुख्य अधिष्ठाता आचार्य श्रवण कुमार मिश्र ने बताया कि तीनों रामों में श्री परशुराम ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ है, दाशरथी राम मध्यम एवं वासुदेव राम कनिष्ठ हैं। ब्राह्मण धर्म अनुसार परशुराम ने वेद रक्षा, देव यज्ञ एवं पितृ यज्ञ आदि कर्मों का संपादन किया। इन्होंने धर्म की रक्षा के लिए उच्छास्त्रवर्ती एवं उद्दंड राजाओं का संहार करके शेष राजाओं को शास्त्र मर्यादा में रहने पर विवश कर दिया। युद्ध भूमि में परशुराम ने कहा था। पृथ्वी ही मेरा रथ है ,चारों वेद ही मेरे घोड़े हैं और वायु हमारे सारथी है। भ्रष्ट तंत्र को सुधारने के लिए ही उन्होंने फरसा और धनुष बाण धारण किया था। राष्ट्र हित के लिए श्रीराम को परशुराम अपना वैष्णव धनुष बाण एवं अपना तेज प्रदान कर महेंद्र पर्वत पर जाकर तप में स्थित हो गए। काम तंत्र, मद्यपान एवं भ्रष्टाचार जैसे कई विषयों पर चर्चा करते हुए आचार्य ने कहा कि लोक कल्याण एवं सुराष्ट्र की स्थापना के लिए संपूर्ण भारतवर्ष को परशुराम के आशीर्वाद की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डॉ कृष्ण कुमार पांडेय, प्राचार्य अनिल कुमार द्विवेदी, राम प्रकाश चौबे, सत्यम तिवारी, शिवानंद मिश्र, राम चरित्र तिवारी, हरिशंकर दुबे, सुभानंद मिश्र आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# रोजगार मेले में 42 बेरोजगारों का चयन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर अयोध्या परिसर में 29 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के एच0आर0 द्वारा 42 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसी क्रम में एक कैरियर काउन्सिलिंग कार्यशाला का आयोजन भी किया गया। रोजगार मेले में उपस्थित युवाओं को सहायक निदेशक देवव्रत कुमार द्वारा उनके सफल होने के कई गुण बताएं एवं अपने लक्ष्य के प्रति दृढ संकल्प व कठिन परिश्रम करने से ही लक्ष्य की प्राप्ति हो सकती है।


# राज्य महिला आयोग सदस्य का भ्रमण आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही का 30 अप्रैल को जनपद अयोध्या में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सदस्य 30 अप्रैल को प्रातः 11 से जनसुनवाई सर्किट हाउस में करेंगी। तत्पश्चात महिला बंदीगृहों, बालिका/महिला गृहों व आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया जाना है। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम सदस्य के निर्देशानुसार होंगे। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की समस्त महिलाओं/बालिकाओं से अपील किया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु किसी भी शिकायत, समस्या के समाधान हेतु 30 अप्रैल को 11 बजे सर्किट हाउस अयोध्या में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही के समक्ष अपनी शिकायत रखने का कष्ट करें, जिस पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए त्वरित समाधान किया जाएगा।

# दो मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) अयोध्या श्री निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 (पंचायत एवं नगरीय निकाय) लखनऊ के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2025 में नगर पंचायत-बीकापुर के वार्ड संख्या-03 तेन्दुआ माफी तृतीय एवं नगर पंचायत-खिरौनी (सुचित्तागंज) के वार्ड संख्या-01 बिसुहिया के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में मतदान 02 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

# राजगोपाल मंदिर में बह रही गीत-संगीत की वैतरणी



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनगरी के राजगोपाल मंदिर रामपथ मार्ग शास्त्रीनगर में मंगलवार को दो दिवसीय संगीत रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। जहां इस समय गीत-संगीत की वैतरणी बह रही है। अवसर है राजगोपाल मंदिर के पूर्वाचार्य महंत कौशलकिशोर शरण फलाहारी महाराज के द्वितीय पुण्यतिथि महोत्सव का। जो तीन दिवसीय मनाया जा रहा है। पुण्यतिथि महोत्सव को राजगोपाल मंदिर के वर्तमान पीठाधीश्वर महंत सीताराम शरण महाराज अपना संयोजन प्रदान कर रहे हैं। इस मौके पर राजगोपाल मंदिर के अधिकारी सर्वेश्वर दास शरद ने बताया कि मठ में गुरुदेव महंत कौशलकिशोर शरण फलाहारी महाराज का तीन दिवसीय पुण्यतिथि महोत्सव मनाया जा रहा है। यह महाराज श्री का द्वितीय पुण्यतिथि महोत्सव है, जिसके उपलक्ष्य में मंगलवार की सुबह 10 बजे से संगीतमय रामचरित मानस का पाठ का शुभारंभ हो गया है। पाठ का समापन बुधवार 30 अप्रैल को सायंकाल सात बजे होगा। उसके बाद अगले दिन 1 मई गुरुवार को आश्रम में गुरुदेव की पुण्यतिथि निष्ठापूर्वक मनाई जायेगी। संत-महंत उन्हें श्रद्धा से याद करेंगे। इस अवसर पर मध्यांह में संत-महंतों एवं भक्तजनों का विशाल भंडारा भी प्रस्तावित है। जिसमें संत-महंत, भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे। पुण्यतिथि पर रामनगरी के संत-महंतों व मंदिर से जुड़े हुए शिष्य, अनुयायी, परिकरों को आमंत्रित किया गया है। जो उपस्थित होकर महाराज श्री को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करेंगे। साथ ही उनके कृतित्व-व्यक्तित्व प्रकाश भी डालेंगे। श्रीदास ने कहा कि राजगोपाल मंदिर अयोध्या धाम की प्राचीनतम पीठ है, जिसकी गणना यहां के प्रमुख मठों में होती है। इस स्थान पर बहुत बड़े-बड़े सिद्ध तपस्वी संत हुए हैं। जिन्होंने आश्रम का कार्यभार संभाला और उसका सर्वांगीण विकास किया। इन्हीं में से एक थे गुरुदेव साकेतवासी महंत कौशलकिशोर शरण फलाहारी महाराज। जो साधुता की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने आश्रम का कुशल संचालन और विकास किया।

# अपर जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए बैंकर्स के साथ की बैठक

**बलिया।** बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया श्री अमित पाल सिंह के आदेशानुसार, श्री हरीश कुमार अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया की अध्यक्षता में आज दिनांक 29/04/2025 को ए0डी0आर0 भवन दीवानी न्यायालय, बलिया में जनपद के समस्त बैंक प्रबन्धकगण की बैठक, राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10.05.2025 को व्यापक रूप से सफल बनाने के उद्देश्य से की गयी। बैठक में दिनांक 10/05/2025 को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु विचार विमर्श किया गया तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के लिए चर्चा की गयी। अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, श्री हरीश कुमार द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त बैंक प्रबंधकगण को निर्देशित किया गया कि



वे आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में एन0पी0ए0 एकाउंटस से संबंधित नोटिसों को शीघ्र-अति-शीघ्र कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्रेषित करें, जिससे की प्राप्त नोटिसों को समय से तामिला कराया जा सके तथा यह भी निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्रान्तर्गत आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार, पम्पलेट, पोस्टर व बैनर आदि से, करना सुनिश्चित करें। बैठक में सेन्ट्रल बैंक के एल0डी0एम0/ प्रबंधक बलिया , पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्री राकेश कुमार, इण्डियन बैंक के शाखा प्रबंधक श्री विजेन्द्र कुमार, यूनियन बैंक के प्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार, सेन्ट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक बलिया, बैंक ऑफ बडौदा के प्रबंधक श्री मनीष कुमार गुप्ता, बड़ौदा यू0पी0 बैंक-। के मुख्य प्रबंधक श्री पियूष कुमार एवं बड़ौदा यू0पी0 बैंक-।। के प्रबंधक श्री विकास कुमार उपस्थित रहे।

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा पास किए टॉपर छात्र/ छात्राओं को किया सम्मानित

**(अतरौलिया) आजमगढ ।** क्षेत्र के नंदना बाजार स्थित श्री राम अवतार यादव इंटर कॉलेज गोइजी आजमगढ़ में मंगलवार को यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में विद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं का साइकिल व मेडल वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रबंधक सुधीर कुमार यादव व विद्यालय की प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलित कर किया तथा विद्यालय के छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुति की गई। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक डॉ संग्राम यादव व ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव रहे तथा विशिष्ट अतिथि देवनाथ यादव (प्रबंधक श्रीमती गुजराती देवी महाविद्यालय) रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा अतिथियों के स्वागत सम्मान में संस्कृतिक कार्यक्रम, ÷हम यूपी तक चलने वाले बच्चों तक हाथ मिला लेंगे, हम यूपी भी लाइट कर देंगे विद्यालय का नाम बढ़ा देंगे÷ की शानदार प्रस्तुति की गई। विद्यालय में हाई स्कूल परीक्षा में में टॉप करने वाली छात्रा रिया गौड़ 94त्न आज़मगढ़ में 10 वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को विधायक डॉ संग्राम यादव, ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर यादव व विद्यालय की प्रधानाचार्य द्वारा अंग वस्त्र, सील्ड, मेडल व साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्रिया प्रजापति 92.16त्न, आंचल गौड़ 91त्न अंशिका 90.16त्न अंशिका भारती 90त्न को भी मुख्य अतिथि द्वारा अंग वस्त्र शील्ड मेडल व साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही विद्यालय में 90त्न से कम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं में अंजलि राजभर 89.5त्नविक्रांत राजभर 87त्न प्रियांशु गौड़ 87त्न दीपक यादव 86.8त्न संरचना मिश्र 86.5त्न को भी अंग वस्त्र सील्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अभिभावकों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई और विद्यालय की शिक्षा पद्धति एवं उपलब्धियों की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉक्टर संग्राम यादव ने कहा कि जब से हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम आए हमें लगातार इस बात की खुशी है कि हमारी मेधावी छात्र व छात्राये बहनों ने प्रमुख स्थान



बनाया है। वही हमारे कुछ प्रतिभाशाली बच्चों ने प्रदेश में अपना स्थान व जनपद में टॉप 10 की जो सूची है उसमें भी हमारे विधानसभा के बच्चों ने अपना स्थान बनाया है और अधिकांश छात्र छात्राएं हमारे ही तहसील व विधानसभा की है मुझे इस बात की बहुत खुशी है और मुझे गौरव महसूस होता है। रिया गौड़ जिसने जनपद में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई यह उसका अभिनंदन है। हमें अत्यंत खुशी है कि हमारे प्रतिभाशाली बेटे व बेटियों के अभिनंदन में हमें आने का अवसर मिला जिससे हम अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं और उन बच्चों को शुभकामनाएं देते हैं कि वह हर मुश्किल परीक्षाओं को पास करते हुए हमेशा आगे बढ़े। ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर यादव ने कहा कि हम यहां पर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं और गांव जवार गरीब किसान के बच्चे जो गांव के अंदर शिक्षा ले रहे हैं उनके अंदर कभी भी यह हीनता की भावना नहीं आना चाहिए। ऐसा नहीं है कि बड़े-बड़े स्कूलों व महँगी फीस वाले बच्चे ही देश की प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा ले सकते हैं गांव गरीब किसान का बच्चा भी देश की प्रतियोगी परीक्षाओं में हिस्सा ले सकता है जिसका जीता जागता उदाहरण प्रयागराज की शक्ति डूबे हैं। जो यहां पर बच्चे टॉप किए हैं उस विद्यालय परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर करते हैं और सभी बच्चों के प्रति उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। जनपद में दसवां स्थान हासिल करने वाली विद्यालय की टॉपर छात्रा रिया गौड़ ने बताया कि इस सफलता का सारा योगदान मेरे माता-पिता और मेरे गुरुओं का है तथा विद्यालय के प्रबंधक जिन्होंने हमारा बहुत ही सहयोग किया। टॉप करने के लिए 6 से 7 घंटे की पढ़ाई जरूरी होती है जिसमें तनाव रहित होकर पढ़ाई करनी चाहिए।परिवार ने हमेशा मेरा साथ दिया और मुझे प्रोत्साहित किया कि आप पढ़ाई करें पढ़ने के लिए मुझे पूरी आजादी दी गई। आगे चलकर मैं एक डॉक्टर बनना चाहती हूं। विद्यालय प्रबन्धक सुधीर कुमार यादव ने आए हुए सभी अतिथियों तथा अभिभावकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भविष्य में छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु और भी प्रभावी कदम उठाने का संकल्प व्यक्त किया और बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### ऋण स्वीकृति और वितरण में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त : डॉ. दिनेश चंद्र

**जौनपुर।** शासन के निर्देश के क्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में जनपद में प्रगति लाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा लगातार विभिन्न बैंकों का निरीक्षण, उद्यमियों से वार्ता और इसके साथ ही उनके द्वारा आवेदकों से संवाद स्थापित करते हुए नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी का संकल्प है कि जनपद के युवाओं को उद्यमी बनाकर रोजगार सृजन के रूप में उन्हें आगे बढ़ाया जाए जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ ही साथ अन्य युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद का लक्ष्य 2200 रखा गया है, जिसके क्रम में मात्र 01 महीने में ही 1100 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 404 का ऋण स्वीकृत और 215 को ऋण वितरित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 215 लोगों को ऋण वितरित करने के साथ ही ऋण स्वीकृति और वितरण में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि जिन बैंकों के द्वारा लोन देने में लापरवाही बरती जा रही है, उन बैंकों को चिन्हित करते हुए औचक निरीक्षण किया जाएगा और लापरवाही बरतने वाले पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जनपद में ऋण वितरण करने में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिलाधिकारी के द्वारा बैंकर्स और उद्यमियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है है। उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी और महत्वपूर्ण योजना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। सभी बैंक अधिक से अधिक पात्र युवाओं को ऋण वितरित करें, जिससे जनपद के सीडी रेशियों में भी वृद्धि हो।

### न्याय और धर्म के प्रहरी थे भगवान परशुराम : ओमप्रकाश दुबे

**खेतासराय जौनपुर।** कस्बे के बभनौटी मोहल्ला स्थित रामलीला मैदान में मंगलवार को भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बदलापुर के पूर्व विधायक ओमप्रकाश दुबे (बाबा दुबे) और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक अनिल कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण से हुई। इस दौरान अतिथियों ने भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश दुबे ने कहा, हमने कभी किसी को तिरस्कृत नहीं किया। रैदास जी हों या श्रीरामचन्द्र जी, हमने सबको भगवान माना। परशुराम जी के कारण ही हमारी धरती और वंशजों की रक्षा हुई। जब उनके पिता की हत्या हुई, तब उनकी माता ने 21 बार विलाप किया और तब परशुराम जी ने संकल्प लिया कि हर्यक वंश के अत्याचारी क्षत्रियों का विनाश करेंगे, न कि पूरे क्षत्रिय समाज का। विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा, हमें गर्व है कि भगवान परशुराम ब्राह्मण कुल में जन्मे। जीवन के प्रत्येक संस्कार में ब्राह्मण की भूमिका महत्वपूर्ण होती है – नामकरण से लेकर अंत्येष्टि तक। एक व्यक्ति में दिनभर ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के गुण काम करते रहते हैं। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, डॉ. अशोक पाण्डेय, प्यारे मोहन श्रीवास्तव, डॉ. गजेन्द्र पाण्डेय और रविंद्र मिश्रा ने भी भगवान परशुराम के जीवन दर्शन पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय ने किया, जबकि अंत में आयोजक वीरेंद्र पाण्डेय ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर मंडल महामंत्री मनीष गुप्ता, शांतिभूषण मिश्रा, रामबाबू पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष उपेन्द्र मिश्रा, बागीश तिवारी,डा0 गजेंद्र पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय, सोनू अवस्थी, रविन्द्र पाण्डेय, वंश श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# क्षमता वृद्धि कार्यशाला का किया गया आयोजन



**बलिया।** बताया जाता है कि अपर पुलिस महानिदेशक के दिशा-निर्देशानुसार तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा की अध्यक्षता में ÷क्षमता वृद्धि कार्यशाला÷ का आयोजन पुलिस लाइन सभागार में किया गया।कार्यक्रम में यूनिसेफ के प्रतिनिधि के द्वारा किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 के धारा, परिणाम तथा दुष्परिणाम के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। अपर अधीक्षक के द्वारा किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 को अच्छे से लागू करने के लिए समस्त थाना के बाल संरक्षण अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर समस्त थाना के बाल संरक्षण अधिकारी, बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा पुलिस कार्मिक उपस्थित रहें।

# डीएम के निर्देशन में जिला आपदा प्राधिकरण सोसायटी व रेडक्रास सोसायटी ने आग से प्रभावित परिवारों को बांटी सामग्री



**बलिया।** बताया जाता है कि दिनांक 29/04/25 को जिलाधिकारी/ अध्यक्ष IRCS बलिया के निर्देशन में, मुख्य चिकित्साधिकारी/उपाध्यक्ष के आदेशानुसार सदर तहसील के ग्राम फेफना (राजभर बस्ती) में कतिपय कारणों से लगी लाग में प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री का वितरण जिला आपदा प्राधिकरण बलिया के सहयोग से रेड क्रॉस सोसायटी बलिया द्वारा किया गया। राहत सामग्री का वितरण अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अनिल कुमार द्वारा किया गया। अनिल कुमार ने कहा कि आपदा में जन मानस का सहयोग करना सबसे बड़ा पुनित कार्य है, मैं सौभाग्यशाली हूं कि ईश्वर ने हमें रेड क्रॉस के माध्यम से सेवा का अवसर प्रदान किया। उन्होंने रेड क्रॉस की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था आपदा में हमेशा सामाजिक कार्यों में तत्पर रहती है। इस अवसर पर रेड क्रॉस से जिला समन्वयक/ कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला आपदा विशेषज्ञ पीयूष सिंह, हेमंत कुमार, ग्राम प्रधान फेफना श्री केशव गुप्ता, नितेश पाठक, दीपक कुमार, इत्यादि सम्मानित पदाधिकारी/ सदस्य उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम की जयंती मनाई गयी

**(अतरौलिया) आजमगढ।** स्थानीय नगर पंचायत के पंजाब नेशनल बैंक के समीप भाजपा जिला मंत्री नीरज तिवारी की अगुवाई में परशुराम जी की जयंती हर्सोल्लास के साथ बनाई गई। बता दे कि अक्षय तृतीया पर प्रति वर्ष मनाई जाने वाली भगवान परशुराम की जयंती इस बार गर्मी के बाबजूद भी भारी उत्साह एवं श्रृद्धा के साथ नीरज तिवारी के नेतृत्व में मनाई गई। पंडित चंद्रेश दास जी महाराज द्वारा हवन पूजन के साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ जयकारे से वातावरण गूंज उठा। इसमें युवाओ ने श्री राम के नारे लगाते हुए नशा मुक्ति का संकल्प भी लिया। पंडित चंद्रेश दास जी महाराज ने कहा कि भगवान परशुराम के जन्म जयंती पर जन्मोत्सव मनाने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। भगवान परशुराम भगवान के अंसा अवतार थे तो उन्होंने अपने कर्मों के द्वारा धर्म की रक्षा के लिए जो किया है वह आज भी अनुकरणीय है। ब्राह्मण समाज से निवेदन है कि अपने अस्तित्व को बचाने के लिए एक होकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आना होगा। युवा




नशा व्यसन से दूर होकर अपने अंदर ब्राह्मणों को जगाने का काम करें। नीरज तिवारी ने कहा कि आज पूरे देशवासियों को परशुराम जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भगवान परशुराम के बताए मार्गो पर हम लोग चलने का काम करें जिससे देश का विकास हो समाज का विकास हो और पूरे जिले का विकास हो। हमारा ब्राह्मण समाज एक ब्राह्मण होने के वजह से गर्व करता था लेकिन ब्राह्मण समाज नशा मुक्ति का संकल्प लेकर आगे बढ़े। रविकांत तिवारी ने कहा कि हम लोग हर वर्ष भगवान परशुराम जयंती मनाते हैं। ब्राह्मण समाज से कहना चाहता हूं कि अपने अस्तित्व को बचाए रखने के लिए जो भी निरंतर कार्य करना पड़े आप लोग करिए ।सभी ब्राह्मण अभी से जाग जाएं और अपने एक विचार पर कार्य करें। समाज में गलत अफवाहों से बचे व अपने महत्व को बचाए रखने का काम करें। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# युवक ने की आत्महत्या क्षेत्र में फैली सनसनी

**(महराजगंज) आजमगढ।** सोमवार को देर शाम महराजगंज थाना क्षेत्र के मझौवा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव उसके घर के कमरे में छत के पंखे से लटका मिला 7 मृतक की पहचान 33 वर्षीय प्रदीप कुमार राजभर के रूप में हुई है7 घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है 7 मामले की जांच शुरू कर दी गई है7 मृतक अपने परिवार के साथ घर में ही रहता था7 मिली जानकारी के अनुसार सोमवार जब परिवार के सदस्य देर शाम कमरे में पहुंचे तो अंदर का मंजर देखकर सभी सन्न रह गए 7 प्रदीप पंखे से लटका हुआ था और पास में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला 7मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और जांच में जुट गई 7प्रदीप राजभर पुत्र इंद्रजीत राजभर जिसकी उम्र लगभग 33 वर्ष बताई जा रही हैं और उसका शव अपने मकान के प्रथम तल पर कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला 7 महाराजगंज पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी जाँच के लिए मौके पर बुलाया 7पूरे घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है प्रदीप राजभर शादी हो चुकी है अभी तक दोनो के बीच कोई संतान नहीं थी 7 दबे स्वर में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक शराब पिने का आदी था जिसको लेकर आये दिन परिवार के सदस्यों से गाली गलौज व मारपीट होती रहती थी 7 कल शाम को भी इसी घटना की पुनरावृत्ति हुई थी 7 सूचना पर जब पुलिस व पत्रकार मौके पर पहुंचें तो घर पर सिर्फ मृतक की माँ व पत्नी ही मौजूद थे जिनका रो रो कर बुरा हाल था 7 वैसे इस घटना में क्या सही है क्या झूठ यह तो पुलिस की जाँच के बाद ही स्पस्ट हो पायेगा।

# पूरे देश मे स्थापित होगी साम्राट पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति

**स्वतंत्र भारत मऊ।** घोसी विधानसभा के सोहिलपुर में साम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर ने बतौर मुख्य संबोधित करते हुए कहा कि देश विरोधी ताकते हमे जातियों में बाटने का काम कर रही है हमे अपने पूर्वजों को याद करते हुए उनके बताए हुए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए नही तो ऐसी ताकते लोग हमारे विरासतों का हरण कर लेंगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 70 साल पृथ्वीराज चौहान के भारत वर्ष को जाति के आधार पर बाटने का काम किया और बहुसंख्यक हिन्दू समाज को हासिये पर रखा जिस तरह से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिंदुओ का कत्लेआम हुआ है बहनों के सुहाग को धर्म के आधार पर विधवा बनाया गया बच्चों से उनके पिता का साया छीना गया देश के प्रधानमंत्री जी जल्दी ही पाकिस्तान को खंड खण्ड में तोड़ने का काम करेंगे और ऐसा सबक सिखाएंगे की पाकिस्तान का नामोनिशान मिट जाएगा और अखंड भारत की पतिकल्पना को साकार होते हुए हम सब देखेंगे इसकी ताकत आपने अपने बेटे नरेंद्र मोदी को दिया है जो देश का डंका विदेशों में बजा रहा है । श्री राजभर ने सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि 20 साल सपा का शासन प्रदेश में रहा लेकिन मुलायम सिंह यादव से लेकर अखिलेश यादव ने चौहान समाज के बेटों को कभी भी आगे बढ़ने नही दिया हमेशा अपने परिवार और एक धर्म विशेष के लोगो को आगे बढ़ा कर हिंदुत्ववादी विचारधारा के विमुख कार्य किया आने वाले 25 साल तक सपा को कोई पूछने वाला नही मिलेगा ।राजभर ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने देश की रक्षा के लिए अपने दुश्मन को मार कर अपना बलिदान देश को समर्पित कर दिया । चौहान कभी चुकता नही है और घोसी का चौहान अब जग चुका है और ऐसे सभी समाजद्रोहियो को सबक सिखाने

# पहलगाम में मारे गए पर्यटकों के लिए छात्रों ने निकाला शांति मार्च

**माहुल (आजमगढ़)।** क्षेत्र के रघुवंश ज्ञानोदय प्राथमिक जूनियर हाई स्कूल परगासपुर के द्वारा अपने देश भारत के सिरमौर कहे जाने वाले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले में शाहिद पर्यटकों को अश्रुपूरित विनम्र श्रद्धांजलि में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मंगलवार को सुबह 8 बजे शांति मार्च निकालकर दिया गया। श्रद्धांजलि यह शांति मार्च विद्यालय से निकलकर पकड़ी चौराहे से होते हुए मतलूपुर व अहरौला बाजार होते हुए परगासपुर विद्यालय पर श्रद्धांजलि सभा के रूप में संपन्न हुई। जिस पर विद्यालय के प्रबन्ध राहुल रघुवंशी ने बताया कि इसका उद्देश्य अपने देश पर पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों द्वारा जो भारत की अखंडता और शांति को भंग करने और देश में जाति-मजहब के आधार पर अशांति फैलाने की नीयत से हिंदू धर्म को टारगेट कर यह कायराना हरकत की गई इसके लिए बच्चों द्वारा समाज में संदेश देने का प्रयास किया गया कि भारत में सभी धर्म व मजहब के लोग सुरक्षित हैं व शांतिपूर्वक हैं। इन आतंकवादियों के उकसावे में आने वाले नहीं हैं। भारतवर्ष




की संस्कृति और सभ्यता सदैव वसुधैव कुटुंबकम की रही है। लेकिन जब-जब इस पर विदेशियों द्वारा गलत नीयत से देखा गया तो इतिहास गवाह है कि भारतवर्ष ने जाति मजहब, पंथ, पक्ष-विपक्ष सब कुछ भूल कर सबने एकजुट होकर मुंह तोड़ जवाब दिया है। हम सभी सबसे पहले हिंदुस्तानी हैं। आज हमारा देश पूरे विश्व में उभरती हुई शक्तिशाली अर्थव्यवस्था, सैन्यबल इत्यादि हर क्षेत्र में नये कीर्तिमान बना रहा है। इस समय देश की बागडोर एक सशक्त प्रधानमंत्री के हाथों में है। अतः हमें अपने देश की सरकार शासन सत्ता व विपक्ष के सभी राजनीतिक दलों पर पूरा भरोसा है कि हम सभी आपसी मतभेद भुलाकर ऐसा करारा जवाब देंगे कि भारत तो दूर पूरे विश्व में पुनः ऐसी कायरता पूर्ण हरकत करने की इन आतंकवादियों की हिम्मत नहीं होगी। और पूरी दुनिया में आतंकवाद के खिलाफ भारत देश का निर्णय सदियों तक एक उदाहरण बनकर रहेगा। शांति मार्च का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार, संचालिका (सेक्रेटरी) वंदना सिंह जिला पंचायत सदस्य विजय बहादुर सिंह, विद्यालय के टीचर्स रहमान, सत्य प्रकाश, ऋतिक, रोहित, हवलदार, जयराम पाण्डेय, अजीत, चाहत, आर्यन रघुवंशी, अन्विता, प्रीति सिंह, प्रीति यादव, संध्या, अंशिका, अंजलि, विजिता, बिंदु, खुशबू, गरिमा, सलोनी, श्रेया, रूपाली, सुभाष, सना, साविरा, रुखसाना, अर्चना, अमीषा, गुन्जा, मनीषा, हर्षाली, अस्मिता, आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों का कुशल मार्गदर्शन व संचालन किया।।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, मौत

**(फरिहा) आजमगढ़ ।** जानकारी के मुताबिक पटेल ढाबा के पास कुछ यात्री सवारी का इंतजार कर रहे थे तभी एक अनियंत्रित ट्रैक्टर की



चपेट में आगये है जिससे कि थाना निजामाबाद के असिलपुर गांव के हरिजन बस्ती की निवासी एक महिला अशरफी देवी 55 पत्नी अर्जुन की मौके पर मौत हो गई और दो घायल लक्ष्मीना देवी 35 पत्नी हरीश चंद ,किशन 22 पुत्र अर्जुन हो गए , मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई और ट्रैक्टर को हिरासत में ले लिया ट्रैक्टर चालक फरार। ट्रैक्टर पर नंबर प्लेट नही है अभी नई है। जानकारी के मुताबिक मृतक घायल महिला की सास थी और दूसरा देवर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, और घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया । इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष बसंत लाल से बात करने पर उन्होंने बताया कि जांच कर कार्रवाई होगी वही ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और ड्राइवर फरार है तलाश जारी है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव में होगी करोड़ों की बचत : अनुराग सिंह




**चुनार (मिर्जापुर)।** नारायनपुर ब्लॉक सभागार में मंगलवार को एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अनुराग सिंह ने कहा कि अलग-अलग चुनावों से विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है।उन्होंने बताया कि एक प्रदेश में चुनाव कराने में 300-400 करोड़ रुपये का खर्च आता है। एक साथ चुनाव कराने से यह खर्च बच सकता है। साथ ही लेखपाल और शिक्षकों की बार-बार ड्यूटी लगने से शिक्षण कार्य प्रभावित होता है।विधायक ने कहा कि देश में 9 -10 लाख पोलिंग बूथ बनाए जाते हैं। एक करोड़ लोगों को लाने ले जाने का खर्च भी चुनाव पर पड़ता है। एक साथ चुनाव कराने से 19 हजार करोड़ में सभी चुनाव संपन्न हो सकते हैं। एक ही निर्वाचन सूची बनेगी और वोटर लिस्ट भी एक बार ही बनेगी।

उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के खर्च का मुद्दा भी उठाया। कहां की कारपोरेट जगत से मिलने वाले चांदी के बदले उनकी मांगों को भी पूरा करना पड़ता है। हर 5 साल में एक साथ चुनाव कराने से यह समस्या भी कम होगी। इस दौरान उपस्थित मेजर कृपा शंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख शिखर सत्येंद्र बहादुर सिंह, अखिलेश पांडे, मुन्नू प्रसाद गुप्ता एडवोकेट,गजेंद्र नारायण सिंह एडवोकेट, जय कुमार गुप्ता एडवोकेट अजय कुमार पांडे, रामजी मिश्रा, बचाऊ लाल सेठ, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यासीन, विजय बहादुर सिंह, राईन ,चंद्रहास गुप्ता, निर्मला सिंह आनंद, संजय साहू ,सुनील गुप्ता ,नंदलाल केसरी विवेक दुबे, सभासद गोस्वामी जायसवाल, मनीष राय, विकास कश्यप, नंदलाल केसरी आलोक श्रीवास्तव, संजय सोनकर संचालन रविंद्र नारायण सिंह ने किया।

# सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा कोटवां कम्हारी



**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मझवां विधानसभा क्षेत्र के पड़री थानान्तर्गत कोटवां कम्हारी गाँव पहुंचा। शोक संतृप्त परिवार को शोक संवेदना जताया। जहाँ 26 वर्षीय प्रमोद गुप्ता पुत्र तौलन गुप्ता की हत्या कर शव को बहुती जंगल में फेक दिया गया था। शव का कंकाल पुलिस ने बरामद कर सील कर थाने में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस घटना में शामिल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने पुलिस अधीक्षक से कहा है कि परिजनों का डीएनए अभी तक नही लिया गया है। जिससे शव का अंतिम संस्कार नही हो पाया है। पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि तौलन गुप्ता के परिजनों को सुरक्षा दी जाय। कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को घटना के बारे में अवगत करा दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी, दामोदर प्रसाद मौर्य, रोहित शुक्ला 'लल्लू', झल्लू यादव, जितेन्द्र गुप्ता, सन्तोष गोयल, दिलीप यादव 'पिन्टू यादव', कन्हैया यादव, अरशद अली आदि शामिल थे।

# जमीन आवंटित होने के बाद भी नहीं बना अग्निशमन केंद्र

## जिपं सदस्य प्रतिनिधि ने राज्यसभा सदस्य को निर्माण के लिए सौंपा पत्रक

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हलिया में अग्नि शमन केंद्र के निर्माण कार्य के लिए पांच बीघा जमीन अग्नि शमन केंद्र के लिए आवंटित होने के बाद भी बजट के अभाव में अग्नि शमन केंद्र का निर्माण कार्य अटक गया है। अग्नि शमन केंद्र नहीं होने से गर्मी के दिनों में आगजनी कि घटना क्षेत्र में होने से लोगो के करोड़ो रूपये का नुकसान का सामना करना पड़ता है। आगजनी कि घटना होने पर जब तक फायर बिग्रेड कि गाड़ी जिला मुख्यालय या तहसील मुख्यालय से आगजनी स्थल पर पहुँचती है। तब तक आगजनी कि घटना से लोगो कि फसल, घर आदि जलकर राख हो जाता है जिससे लोगो को आगजनी कि घटना से करोड़ो रूपये का नुकसान उठाना पड़ता है। जिला मुख्यालय से हलिया ब्लॉक कि दुरी 60 किलोमीटर होने से समय से कभी भी फायर बिग्रेड कि वाहन आगजनी के घटना स्थल पर नहीं पहुंच पाती है। अगर हलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत हलिया में अग्नि शमन केंद्र का निर्माण कार्य हो जाता है तो लोगो को आगजनी कि घटना से होने वाले नुकसान को रोका जा सकता है।

# डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार की मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव निवासी बाइक सवार युवक की मध्य प्रदेश के हनुमना में डिवाइडर से टकराने के बाद मौत हो गई। युवक का शव घर पहुंचने पर कोहराम मच गया। मड़वा धनावल निवासी प्रदीप उर्फ लल्लन केशरी (22) अपने साथी पड़ोसी विद्या निवास मौर्य को नागपुर जाने के लिए बस पर बैठाने के लिए रविवार शाम बाइक से हनुमना गए थे। साथी को बस पर बैठाने के बाद प्रदीप बाइक से घर लौट रहा था।यूपी-एमपी की सीमा से आधा किमी पहले बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची मध्यप्रदेश पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए हनुमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराकर परिजनों को सूचना दी। प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए सीएचसी के चिकित्सक ने रीवा के लिए रेफर कर दिया। यहां चिकित्सकों ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता गंगा प्रसाद केशरी की पांच वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतक मुंबई रहकर किसी कंपनी में काम करता था। दो माह पहले घर आया था। सोमवार दोपहर बेटे का शव घर पहुंचने पर मां सोना देवी बदहवास होकर रोने बिलखने लगी। मां सोना देवी ने बताया कि पुत्र की हादसे में मौत हो गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत परसौनी बुजुर्ग, वि.ख. सेवरही, कुशीनगर

पत्रांक- मेमो/निविदा दि./2025-26 दिनांक- 29/04/2025

**पूर्णकालिक निविदा/ सामग्री आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत **परसौनी बुजुर्ग** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन वि.ख. सेवरही महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग / केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रा.प. में अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग इंट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पौबीसी पाइप, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचालय सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 06-05-2025 तक अपराह्न 3.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत **परसौनी बुजुर्ग** के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी धरोहर की धनराशि रु.5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तेः-** 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है 3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। 8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा 13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **परसौनी बुजुर्ग** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **परसौनी बुजुर्ग** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 (पांच सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत **परसौनी बुजुर्ग** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. ईंट व ईंट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं 18 बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टरलाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा हाई मास्क लाइट आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, हाइड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**ग्राम प्रधान** — ग्राम पंचायत- परसौनी बुजुर्ग, वि.खं.- सेवरही, जिला-कुशीनगर

**सचिव** — ग्राम पंचायत- परसौनी बुजुर्ग, वि.खं.- सेवरही, जिला-कुशीनगर



**हेतु सदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**अपर पारिवारिक न्यायाधीश**
**क. सं. 4 इलाहाबाद**

**वैवाहिक वाद स.366 सन 2024**

**मोहम्मद जामिन खां उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र श्री मो. ज़िन्नू रैन खां निवासनी- छतनाग रोड झूसी जनपद -प्रयागराज ........... वादी**

**बनाम**

शगुफ्ता नाज उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्री हाफिज उद्दीन सिद्दीकी निवासिनी ग्राम कृपालपुर थाना सोरांव जनपद प्रयागराज..................विपक्षी

अंतर्गत धारा घोषणात्मक वाद

चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के05 के21 दिवस को 10 बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया

**नियत तिथि-21.05.2025**

**न्यायाधीश**

सी.आर.-192/**D-CN**



## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **05.06.2025** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 28–04–2025 | | |
| 2 | निविदा संख्या | 01-DyCE-GSU-LKO-2025-26 | | |
| 3 | कार्य का नामः गति शक्ति इकाई, उत्तर रेलवे, लखनऊ की परियोजनाओं के लिये सामान्य परामर्शदाता (GC) की नियुक्ति। | | | |
| 4 | अनुमानित लागत | रू0 3,75,16,227.66 | 5 धरोहर राशि | रू0 3,37,600.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 22.05.2025 | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 05.06.2025 11:30 बजे | | |
| 9 | बेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1260/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## कार्यालय ग्राम पंचायत कोइन्दी बरियापुर वि.ख. सेवरही, कुशीनगर

पत्रांक- मेमो/निविदा दि./2025-26 दिनांक- 29/04/2025

**पूर्णकालिक निविदा/ सामग्री आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत **कोइन्दी बरियापुर** वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन वि.ख. सेवरही महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / पंचम राज्य वित्त आयोग / केंद्रीय वित्त आयोग / स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्रा.प. में अन्य योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराए जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग इंट, ह्यूम पाइप, लोकल बालू, सीमेंट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेंट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर शाइन बोर्ड, लोहा शाइन बोर्ड, पौबीसी पाइप, इंडिया मार्का हैंड पंप 2, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, हाई मैक्स लाइट, सफाई किट, शौचालय सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 02-05-2025 तक अपराह्न 3.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत **कोइन्दी बरियापुर** के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी धरोहर की धनराशि रु.5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्तेः-** 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है 3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7. सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई बढ़ाई जा सकती है। 8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगा। 9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा 13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **कोइन्दी बरियापुर** के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **कोइन्दी बरियापुर** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 (पांच सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत **कोइन्दी बरियापुर** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 17. ईंट व ईंट गिट्टी के लिए केवल भट्ठा स्वामी ही निविदा दे सकते हैं 18 बरातघर, अंत्योष्टि स्थल, स्ट्रीट लाइट, पंचायत भवन, इन्टरलाकिंग, सीमेन्ट सीसी खड़ंजा हाई मास्क लाइट आरो प्लांट, ओपन जिम, खेल मैदान, हाइड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**ग्राम प्रधान** — ग्राम पंचायत- कोइन्दी बरियापुर, वि.खं.- सेवरही, जिला-कुशीनगर

**सचिव** — ग्राम पंचायत- कोइन्दी बरियापुर, वि.खं.- सेवरही, जिला-कुशीनगर



## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

**ई-निविदा सूचना सं.:-इलेक्ट-पीएस-20581** **दिनांकः- 23.04.2025**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/(पीएस)/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **विवरणः कार्य का नामः** 132/6.6 केवी सबस्टेशन एफडब्ल्यूपी/एमसीएफ/आरबीएल मॉडर्न कोच फैक्ट्री लालगंज/रायबरेली पर एसईएमसी के माध्यम से यूपीएसएलडीसी को रियल टाइम टेलीमेट्री के लिए ईएमएस (उर्जा प्रबंधन सर्वर) का प्रावधान, **कार्य स्थलः** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, जिला-रायबरेली, **अनुमानित लागतः** ₹ 9,80,324.58 (₹ नौ लाख अस्सी हजार तीन सौ चौबीस रूपये और अट्ठावन पैसे मात्र), **अमानत राशिः** ₹ 19,600.00, (₹ उन्नीस हजार छ सौ मात्र), **कार्य समाप्ति की अवधिः** 03 (तीन) माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 19.05.2025, 11:30 बजे, **अन्य शर्तेः** अन्य विवरण एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक-।।, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (**निविदा सं.-एमसीएफ-एमटीएल-डब्लूसी-आईएनएसपी-25, दिनांक 25/04/2025**) दो पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खुली-ई निविदा आमंत्रित की जाती हैः- **कार्य का नामः** गुणवत्ता विभाग की सामग्री परीक्षण प्रयोगशाला में सामग्री निरीक्षण (आयामी और प्रयोगशाला निरीक्षण) के कार्य की आउटसोर्सिंग का दायरा, **कार्य की अनुमानित लागत (₹ ):** ₹ 67,25,684.32, **धरोहर राशि (₹):** ₹ 1,34,600.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** ₹ 2,000.00, **कार्य की मात्रा-** 1 कार्य (ई-निविदा दस्तावेज के अनुसार), **कार्य समापन की अवधिः** 600 कार्य दिवस। • ई-निविदा दिनांक 19/05/2025 को 15:15 बजे तक ऑन-लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • ई-निविदा दिनांक- 19/05/2025 को 15:30 बजे ऑन-लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। • ई-निविदा सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य गुणवत्ता प्रबंधक-।।**

**ई-एडवरर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 04/ईटी/2025-26** **दिनांकः 25.04.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11241407 | सेट ऑफ कारलाईन असेम्बली फॉर एलएचबी पावर कार | 52 सेट | 23.05.2025 |
| 02 | 05251034 | वाल्व रेगुलेटेड एलईडी एसिड बैट्री | 36 सेट | 16.05.2025 |
| 03 | 12251063 | सप्लाई ऑफ स्टेन्लेश स्टील टूब विद स्टेन्लेश स्टील डबल फेरूल फिटिंग फॉर एलडब्लूएस कोचेज | 121 सेट | 20.05.2025 |
| | | सप्लाई ऑफ स्टेन्लेश स्टील टूब विद स्टेन्लेश स्टील डबल फेरूल फिटिंग फॉर एलडब्लूएससीजेड एन्ड एलडब्लूएससीजेडएसी कोचेज | 102 सेट | |
| | | सप्लाई ऑफ स्टेन्लेश स्टील टूब विद स्टेन्लेश स्टील डबल फेरूल फिटिंग फॉर वीपी/पार्सल वैन/एलएचबी | 38 सेट | |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी

ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ



**अदालती नोटिस**
**न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन), गोरखपुर**
**द्वारा निकाली गई उद्घोषणा**
**उत्तराधिकार वाद सं0- 96/2025**

1. अनिल प्रताप मल्ल पुत्र भगवती मल्ल उम्र 62 वर्ष लगभग निवासी म0न0-525, राप्तीनगर फेज-4, पोस्ट-चरगांवा, तहसील-सदर, थाना- चिलुआताल, जनपद-गोरखपुर-273013, 2. अभय प्रताप मल्ल पुत्र भगवती मल्ल उम्र 61 वर्ष लगभग निवासी म0न0-525, राप्तीनगर फेज 4, पो0-चरगांवा, तहसील सदर, थाना- चिलुआताल, जनपद-गोरखपुर-273013, 3. प्रवीना सिंह पत्नी राकेश कुमार सिंह निवासी ई-501, अक्षत एकॉन, खा रोड सरगासन चौक के पास, सरगासन, गांधीनगर, गुजरात 382421 (विवाहित)

आवेदकगण

मृतक का नाम व पूरा पता- भगवती मल्ल पुत्र स्व0 रामधनी मल्ल निवासी म0न0-525. राप्तीनगर फेज-4 पो0-चरगांवा तहसील सदर थाना चिलुआताल. जनपद-गोरखपुर 273013

मृतक के मृत्यु की तारीख- 05.11.2021

मृतक के मृत्यु के समय का स्थान म0न0-525 राप्तीनगर फेज-04 पो0-चरगांवा तहसील सदर थाना- चिलुआताल, जनपद-गोरखपुर रहा है।

3. दो नजदीकी रिश्तेदारों का नाम व पता

1. उदयराज सिंह द्वारा त्रियोगी नारायण सिंह ग्राम व पोस्ट-दुघरा, उरूवा बाजार, गोरखपुर पिन 273407 (उ0प्र0)

2. शैलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 कपिल देव सिंह, ग्राम-डुमरी, रामपुर खास, देवरिया, उत्तर प्रदेश- 274405

चूंकि सायल ने प्रमाण-पत्र की अभिप्राप्ति के लिये आवेदन किया है और सन् 2025 में माह मई का दिवस 1 को आवेदन की सुनवाई के लिए नियत हुआ है। अतः यह उद्घोषणा की जाती है कि जिस किसी को आवेदन के सम्बन्ध में आपत्ति हो वह स्वयं या अधिवक्ता द्वारा 10 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) गोरखपुर में नियत दिनांक पर उपसंजात होकर अपनी आपत्ति पेश करे। उक्त दिनांक अवशासन पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी नायेगी, और आवेदन के सम्बन्ध में यथोचित आदेश पारित होगा।

आदेश पेशी 01.05.2025

**बी0 ओ0 मुन्सरिम**

सी.आर.-194/**D-CN**



## स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपना नाम SHANU से बदलकर SHANU MALIK रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/o-MUBARAK HUSAIN S-4 PUSHPAK APARTMENT, ALGIN ROAD, CIVIL LINES, DIST-PRAYAGRAJ-211001

सी.आर.-191/**L-25**

### सूचना

मैने अपना नाम RIZWAN AHMAD से बदलकर RIZWAN AHMAD KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। C/o-SHAM SHER ALI 56 GANDHINAGAR UTRAULA PO-UTRAULA DIST-BALRAMPUR-271604 (U.P)

सी.आर.-191/**L-25**

### सूचना

मेरा मार्कशीट में नाम वैभव कुमार और एफडी संख्या 07020300001759 बैंक आफबड़ौदा शाखा खुदागंज में है। जिसमें मेरा नाम ईशेन्द्र सिंह लिखा हैं, जोकि दोनों नाम मेरे ही हैं। दोनों नामों से मुझे जाना जाए। वैभव कुमार पुत्र गिरेन्द्र सिंह नि.ग्रा. हरिहरपुर सिमरा थाना खुदागंज-शाहजहांपुर।

सी.आर.-193/**D-40**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SONIA था जो अब बदलकर SONIA CHAWLA हो गया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचान जाए। SONIA CHAWLA W/O-Vishal, Chawla , 11 Church Lane, Prayagraj UP.

सी.आर.-187/**D-28 (FMG)**

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र गुड्डू खां, पुत्रवधु शबाना को दुर्व्यहार के कारण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। मुन्ने खां पुत्र महमूद खां नि. ग्रा. मिल्कीपुर पो. खैरपुर थाना कटरा- शाहजहांपुर।

सी.आर.-193/**D-25**



## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1; ई–प्रापण निविदा संख्याः** उप मु०इं० नि०–छपरा–03–2025 दिनांक 28.04.2025 **कार्य का नामः** वाराणसी मंडल के छपरा–औंडिहार खंड में मांझी–बकुलाहा स्टेशनों के बीच स्थित घाघरा नदी के ब्रिज संख्या–16 के दोनों सिरों पर 30.5 मीटर अतिरिक्त शोर स्पैन के फाउंडेशन तथा सब–स्ट्रक्चर का निर्माण।; **अनुमानित निविदा मूल्य(₹):** ₹31,39,86,155.93; **बयाना राशि (₹):** ₹17,19,900/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य; **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 09 (नौ) माह। • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि– 08.05.2025 • उपरोक्त ई–निविदा सबमिशन की अंतिम तिथि– दिनांक 22.05.2025 को 15:00 बजे तक • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि– दिनांक 22.05.2025 को 15:00 बजे के उपरांत • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे। **श्री एस. के. सिंह– कार्यपालक इन्जी०/नि०/गोरखपुर; मो० नं०: 9794845260**

उप मुख्य इंजीनियर/नि० छपरा

मुजाधि/डब्ल्यू–41

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



## पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना संख्या: SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T02, Dt-28.04.2025

**"खुली निविदा"**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है।

**क्र.सं 1:– कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में छपरा ग्रामीण स्टेशन पर एस.ओ.डी के infringement को हटाने के प्रावधान के संबंध मे 25 KV OHE संशोधन कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: SrDEE-TRD-BSB-2025-26-T02, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में: ₹ 43319697.88, धरोहर राशि रूपया में: ₹ 366600.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में: शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः 20.05.2025 up to 14:45 Hrs, कार्य पूरा करने की अवधि 09 माह।

खुली ई–निविदा दिनांक 20.05.2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in. पर देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी वाराणसी

मुजाधि/विद्युत–13

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



## नगर निगम, प्रयागराज

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम प्रयागराज सीमान्तर्गत विद्युतीकरण के अनुरक्षण हेतु सहायक विद्युत सामग्रीयों की यूनिट दरें प्राप्त किये जाने हेतु डुअल बिड ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, विस्तृत विवरण निविदा प्रपत्र वेबसाइट में उपलब्ध रहेगा। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट पूजः//ूाह्रीे.ल्ज.हम्.ग्ह से प्राप्त एवं देखे जा सकते हैं। निविदा के साथ मांग की गयी जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0/ आर0टी0जी0एस0 रसीद की स्कैन कॉपी के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो मुख्य अभियन्ता (वि/या), नगर निगम, प्रयागराज के नाम प्लेज्ड होगा। बिना जमानत की धनराशि के निविदा अवैध मानी जायेगी। निविदा प्रकाशन के निर्धारित तिथि तक निविदा शुल्क की धनराशि नगर निगम, प्रयागराज के इण्डस्इण्ड बैंक, सिविल लाइन्स, प्रयागराज शाखा में टेन्डर कॉस्ट खाता संख्या-100116210130 व घ्इएण्दा-घ्ँ0000124 में जमा करना होगा। जिसकी रसीद तथा जमानत धनराशि के एफ0डी0आर0 / आर0टी0जी0एस0 रसीद की स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। उक्त की अनुपस्थिति में निविदा अवैध मानी जायेगी। किसी भी समय निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय को सुरक्षित होगा। निविदा खोले जाने की तिथि को किसी कारणवश अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य-दिवस मानी जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि | 30.04.2025 | अपरान्ह 02.00 बजे से |
| निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र वेबसाइट अपलोड करने की अंतिम तिथि | 20.05.2025 | अपरान्ह 02-00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 20.05.2025 | सांयकाल 04.00 बजे तक |

| क्र.सं. | कार्य/वाहन का विवरण | निविदा फार्म का मूल्य | धरोहर की धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender for Supply of Various Type of Electrical Items (Branded Items) | 5000/-+18% GST = 5,900/- | 50,000.00 |
| 2 | Tender for Supply of Various Type of Electrical Items (Unbranded Items) | 5000/-+18% GST = 5,900/- | 50,000.00 |

**नोटः-** नियम व शर्तों का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

**मुख्य अभियन्ता (वि/या)**
**नगर निगम प्रयागराज**

पत्रांकः- 3461/PRO/2025 दिनांकः 29.4.2025



## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं0 | 106-Sig-Tender-01-2025-26 |
| कार्य का नाम | "सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रेक्ट इन थे सेक्शन ऑफ़ ऐ.डी.एस.टी.ई./बी.एस.बी. ऑफ़ लखनऊ डिवीज़न ऑफ़ नॉर्थेर्न रेलवेज।" |
| अनुमानित लागत | रु0 71,40,986.78 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु0 142800.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.05.2025 15.30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू0सं0–106–सिग–टेन्डर–01–2025–26 दिनांक 28.04.2025 1254/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु **ई–निविदायें** (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-03-2025-26 | | | | |
| कार्य का नाम | "सेक्शनल सिग्नल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट इन थे सेक्शन ऑफ ऐ.डी.एस.टी.ई./एल.के.ओ. ऑफ लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थेर्न रेलवेज।" | | | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 66,64,139.68 | निविदा प्रपत्र की कीमत | निल | धरोहर राशि | ₹ 133300.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 365 दिन | | | | |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.05.2025 15.30 बजे तक | | | | |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं. रे. प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | | | | |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। •समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। •मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। •निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराषि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू.सं. 106–सिग–टेन्डर–03-2025-26 दिनांकः 28.04.2025 1252/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

## कनाडा : चुनाव में मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी जीती



**टोरंटो।** कनाडा आम चुनाव में पीएम मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी जीत हो गई है। नतीजों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और टैरिफ वार का असर साफ नजर आ रहा है। लिबरल पार्टी की जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन के मुताबिक लिबरल पार्टी ने संसद की 343 सीटों में से कंजरवेटिव्स से ज्यादा सीटें जीती हैं। शुरुआती मतगणना में लिबरल ने 23 सीटें जीती ली थीं और 85 अन्य पर आगे चल रही थी। इससे पहले जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा की अर्थव्यवस्था पर हमला करना शुरू किया था तो लिबरल्स हार रहे थे। ट्रंप के कार्यों ने कनाडाई लोगों को क्रोधित कर दिया और राष्ट्रवाद में उछाल ला दिया। इसके बाद लिबरल्स की चुनावी कहानी को पलट गई और पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई। विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे

### ट्रंप फैक्टर का दिखा असर

### कहा ट्रंप हमें तोड़ना चाहते हैं

पॉइलिवर को उम्मीद थी कि यह चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के लिए एक जनमत संग्रह होगा। ट्रूडो की लोकप्रियता उनके एक दशक के कार्यकाल के अंत में खाद्यान्न और आवास की कीमतों में वृद्धि के कारण घट गई थी। ट्रंप ने हमला किया, ट्रूडो ने इस्तीफा दे दिया और दो बार केंद्रीय बैंकर रहे कार्नी लिबरल पार्टी के नेता और प्रधानमंत्री बन गए।

### खालिस्तान समर्थक नेता जगमीत सिंह की करारी हार

कनाडा आम चुनाव में जनता ने खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह को आइना दिखा दिया है। चुनाव में उनकी पार्टी की करारी हार हुई है। 12 सीटें न मिलने पर न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने पार्टी का दर्जा भी खो दिया है। खास बात यह है कि पार्टी के प्रमुख जगमीत सिंह भी अपनी ही सीट से चुनाव हार गए हैं।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा के संसदीय चुनाव में लिबरल पार्टी की जीत और मार्क कार्नी को देश का नया प्रधानमंत्री चुने जाने पर उन्हें बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में आपके चुने जाने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं।

## हज के लिए बिना अनुमति मक्का पहुंचे तो कड़ा ऐक्शन

**रियाद।** सऊदी अरब के गृह मंत्रालय ने ऐलान किया है कि बिना परमिशन के हज यात्रा पर आने वाले लोगों को कड़ी सजा मिलेगी। ऐसे लोगों को पकड़े जाने पर 20 हजार रियाल यानी

### सऊदी अरब का सख्त फैसला

5 हजार अमेरिकी डॉलर का फाइन देना होगा। इसके अलावा ऐसे लोगों को सऊदी अरब में घुसने में मदद करने वालों पर भी कड़े ऐक्शन का ऐलान हुआ है। यह पाबंदी मंगलवार से 10 जून तक लागू रहेगी। यही नहीं ऐसे वीजाधारकों पर भी फाइन लगेगा, जो किसी और काम से सऊदी अरब आए थे और बिना अनुमति के ही मक्का पहुंच गए। सऊदी अरब प्रशासन का साफ कहना है कि मक्का में उन लोगों को ही एंट्री मिलेगी, जिनके वीजा में हज यात्रा की परमिशन शामिल होगी। यदि नियम का उल्लंघन करने वाले कई लोग होंगे तो सभी पर इतना ही फाइन लगेगा। इसके अलावा मक्का सिटी तक बिना परमिशन वाले लोगों को अपने साधन से लेकर आने वालों पर भी फाइन लगाया जाएगा। होटल, अपार्टमेंट, प्राइवेट हाउसिंग जैसी व्यवस्था करने पर भी फाइन देना होगा। सऊदी अरब प्रशासन का साफ कहना है कि बिना हज की अनुमति वाले लोग मक्का न आएं। इसके अलावा ऐसे लोगों को किसी तरह की रहने, खाने-पीने और परिवहन की व्यवस्था करने वालों को भी दंडित किया जाएगा।

## कश्मीर में जिपलाइन ऑपरेटर को एनआईए ने किया तलब

**श्रीनगर।** पहलगाम में एक पर्यटक द्वारा शूट किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के क्षण को कैद किया गया है। इस वीडियो में व्यक्ति खुद को ज़िपलाइनिंग करते हुए और ज़िपलाइन ऑपरेटर को तीन बार अल्लाहु अकबर कहते हुए दिखाया गया है। ज़िपलाइन ऑपरेटर को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया है। सूत्रों ने बताया कि हमले के बाद, घटनास्थल पर मौजूद सभी लोगों को जांच एजेंसियों ने पूछताछ के लिए बुलाया था। ज़िपलाइन ऑपरेटर को अब फिर से बुलाया गया है और एजेंसियों द्वारा उससे पूछताछ की जाएगी।

भारत-पाकिस्तान से संयुक्त राष्ट्र की अपील

## आतंकी हमले के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित हो



**संयुक्त राष्ट्र।** पहलगाम हमले के बाद भारत पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने दोनों देशों से अपील की है। एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि दोनों देश आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि वे तनाव कम करने और बातचीत फिर से शुरू करने के लिए दोनों पक्षों को स्वीकार्य किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। गुटेरेस के कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि महासचिव भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति को लेकर बहुत चिंतित हैं। उन्होंने दोनों सरकारों से अधिकतम संयम बरतने और किसी भी तरह की तनातनी से बचने का आग्रह किया है। गुटेरेस ने कहा है कि मुद्दों को भी सार्थक और रचनात्मक बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण तरीके से हल किया जा सकता है। गुटेरेस ने कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर बहुत बारीकी से और चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। उन्होंने दोनों सरकारों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि आगे मामला न बिगड़े। गुटेरेस ने आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त की और जवाबदेही और न्याय के महत्व को रेखांकित किया।

## सीरिया में भड़की हिंसा, चार की मौत

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क के एक उपनगर जरामाना में मंगलवार को ड्रूज समुदाय के

### पैगंबर मोहम्मद पर विवादित ऑडियो वायरल होने के बाद हुई झड़पें

स्थानीय बंदूकधारियों और सरकार समर्थक लड़ाकों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए। यह झड़प एक सोशल मीडिया ऑडियो क्लिप के चलते शुरू हुई, जिसमें एक व्यक्ति ने इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद को लेकर बयानबाजी की गई। इस ऑडियो को एक ड्रूज़ मौलवी से जोड़ा गया, लेकिन मौलवी ने इस आरोप से इंकार किया। बढ़ते विवाद को देख ड्रूज़ मौलवी मारवान किवान ने एक वीडियो जारी कर अपना स्पष्टीकरण दिया। किवान ने कहा कि वह उस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा और जिसने भी यह ऑडियो बनाया है, वह सीरियाई समाज में संघर्ष को भड़काना चाहता है। हालांकि सीरियाई आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और बयान जारी कर बताया कि शुरुआती जांच में यह पाया गया कि मौलवी इस ऑडियो के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। साथ ही मंत्रालय ने लोगों से कानून का पालन करने और सुरक्षा को खतरे में डालने वाले किसी भी कृत्य से बचने की अपील की।

## एक नज़र

### झारखंड में पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के दुमका जिले में पांच साइबर अपराधियों को लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपियों के पास से 14 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया गया है। दुमका के पुलिस अधीक्षक (एसपी) पीतांबर सिंह खेरवार ने कहा, 'आरोपियों में से एक करीब 10 साल से साइबर अपराध में लिप्त है।' उन्होंने कहा कि वे बैंक अधिकारी बनकर या फर्जी लिंक भेजकर लोगों से धोखाधड़ी करते थे।

### कनाडा में चार दिन से लापता भारतीय छात्रा का शव मिला

**ओटावा।** कनाडा में बीते चार दिनों से लापता भारतीय छात्रा वंशिका का शव बरामद हुआ है। कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग ने भी वंशिका की मौत की पुष्टि की है। वंशिका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ है, ऐसे में हत्या की आशंका जताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वंशिका, आम आदमी पार्टी के नेता देविंदर सैनी की बेटी है, जो आप विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के करीबी माने जाते हैं। वंशिका पंजाब के डेरा बस्सी की निवासी थी और करीब ढाई साल पहले पढ़ाई के लिए कनाडा गई थी। वंशिका 25 अप्रैल को कमरा देखने के लिए शाम में अपने घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में समुद्र तट पर मिला है।

### चीन के रेस्टोरेंट में भीषण आग, 22 मरे

**बीजिंग।** चीन में लियाओनिंग प्रांत के एक रेस्तरां में मंगलवार को भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आने से 22 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हैं। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि आग दोपहर 12-25 बजे लगी। इस बारे में और ज्यादा जानकारी इकट्ठा की जा रही है। लियाओनिंग एक ऐतिहासिक शहर है, जो शेनयांग से एक घंटे की दूरी पर स्थित है। यह क्षेत्र अपने औद्योगिक और सांस्कृतिक महत्व के लिए जाना जाता है। आग लगने की इस घटना ने स्थानीय समुदाय को झकझोर दिया है और प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने सुरक्षा नियमों का उल्लंघन होने की संभावना जताई है, क्योंकि चीन में पहले भी ऐसी घटनाएं लापरवाही के कारण हुई हैं।

### कश्मीरियों में पाक के लिए कोई हमदर्दी नहीं : गुलाम नबी

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले पर डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पहले लोग सिर्फ़ तभी सड़कों पर उतरते थे जब विरोध प्रदर्शन नेताओं द्वारा प्रायोजित होते थे। मैंने पहली बार लोगों को पहल करते और सड़कों पर उतरते देखा। उन्होंने कहा कि लोगों ने धार्मिक स्थलों पर हुए आतंकी हमले की निंदा की। मैंने पहली बार कश्मीर में मुसलमानों के बीच इतना आतंकवाद विरोधी माहौल देखा है। अगर मीडिया ने विरोध प्रदर्शनों को ठीक से कवर किया होता तो पाकिस्तान को अच्छा जवाब मिलता। आज़ाद ने कहा कि कश्मीरियों के दिलों में पाकिस्तान के लिए कोई हमदर्दी नहीं है। इससे पहले गुलाम नबी आजाद ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने कहा कि पहले लोग ऐसी घटनाओं की निंदा कम ही करते थे। शायद इसलिए क्योंकि उन्हें डर था कि अगर वे आतंकवादियों के खिलाफ बोलेंगे तो उनकी जान को खतरा हो सकता है।

### पहलगाम के पीड़ितों को 50-50 लाख रुपये, सरकारी नौकरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के लिए बड़ी मदद राशि का ऐलान किया है। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मारे गए लोगों के परिवारों को 50-50 लाख रुपये की मदद राशि दी जाएगी। इसके अलावा पीड़ित परिवारों के बच्चों सरकार की तरफ से फ्री पढ़ाई और फिर सरकारी नौकरी दी जाएगी। वहीं राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने पहलगाम आतंकी हमले पर विवादास्पद टिप्पणियां करने को लेकर कांग्रेस सहित विपक्षी नेताओं की मंगलवार को आलोचना की और कहा कि कुछ पार्टियां एवं उनके पदाधिकारी स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाना चाहते हैं। राज्यपाल ने कहा, 22 अप्रैल के आतंकी हमले के मद्देनजर पाकिस्तान की आलोचना की और कहा कि पड़ोसी देश भारत में अशांति पैदा करना चाहता है इसलिए इससे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। राधाकृष्णन ने कहा, 'बात बहुत स्पष्ट है... वे देश के भीतर अशांति पैदा करना चाहते हैं। पाकिस्तान लगातार ऐसा कर रहा है... पाकिस्तान ने अपने गठन के बाद से कोई सबक नहीं सीखा है, यहां तक कि 1971 के बांग्लादेश युद्ध के बाद भी नहीं। पाकिस्तान से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।'

## इजरायल की घरेलू खुफिया सेवा के प्रमुख का इस्तीफा



**यरुशलम।** इजरायल की घरेलू खुफिया सेवा शिन बेट के प्रमुख रोनेन बार ने इस्तीफा देने की घोषणा की है। वह 15 जून को पद छोड़ देंगे। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पूर्व में उन्हें हटाने की कोशिश की थी। शिन बेट नेतन्याहू की दक्षिणपंथी गठबंधन सरकार के विरुद्ध बढ़ते राजनीतिक संघर्ष के केंद्र में रही है। नेतन्याहू ने 16 मार्च को कहा था कि वह काफी पहले रोनेन बार पर भरोसा खो चुके हैं। लेकिन बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोनेन बार को बर्खास्त करने के सरकार के प्रयास पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी। रोनेन ने दावा किया था कि नेतन्याहू उन्हें इसलिए बर्खास्त करना चाहते थे क्योंकि उन्होंने इजरायली प्रदर्शनकारियों की जासूसी करने और भ्रष्टाचार के मुकदमे को बाधित करने समेत विभिन्न आग्रहों को मानने से इनकार कर दिया था। इन आरोपों के जवाब में नेतन्याहू ने रोनेन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया था।

## अमेजन ने लॉन्च किया अपना पहला इंटरनेट सैटेलाइट



**वॉशिंगटन।** दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने भी अब इंटरनेट सैटेलाइट के सेक्टर में उतर गई है। कंपनी ने अपना पहला इंटरनेट सैटेलाइट

### एलन मस्क की स्टारलिंक को टक्कर देने की तैयारी

सोमवार को लॉन्च किया। तारामंडल के बाजार में एलन मस्क की स्टारलिंक के बाद यह नई एंट्री है। फिलहाल इस क्षेत्र में स्टारलिंक का दबदबा है। यूनाइटेड लॉन्च अलायंस के एटलस वी रॉकेट से अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर के 27 सैटेलाइट लेकर उड़ान भरी और इन्हें ऑर्बिट में छोड़ा। सैटेलाइट करीब 630 किलोमीटर की ऊंचाई पर पहुंचेंगे। इससे पहले अमेजन ने साल 2023 में परीक्षण के लिए दो सैटेलाइट लॉन्च किए थे। प्रोजेक्ट के अधिकारियों का कहना है कि परीक्षण के बाद सैटेलाइट्स में बड़े बदलाव किए गए हैं और उनका एक तरह से नया संस्करण तैयार किया है। नई सैटेलाइट को मिरर फिल्म से कवर किया गया है ताकि उनकी वजह से अंतरिक्षयात्रियों को कोई परेशानी न हो। वहीं कई वैज्ञानिकों ने तारामंडल में छिड़ी इंटरनेट सैटेलाइट की रेस पर चिंता जाहिर की है और कहा है कि इससे पृथ्वी की निचली कक्षा में सैटेलाइट्स की भरमार हो जाएगी। इससे सैटेलाइट्स के टकराने का भी खतरा है। जेफ बेजोस की एक रॉकेट कंपनी ब्लू ओरिजिन भी है। अमेजन का 3200 से ज्यादा इंटरनेट सैटेलाइट लॉन्च करने का इरादा है ताकि दुनिया के हर कोने में तेज गति वाला इंटरनेट मुहैया कराया जा सके।

## नाइजीरिया में दो वाहनों में विस्फोट, 26 की मौत

**नाइजर।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर क्षेत्र में दो वाहनों में हुए एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह त्रासदी बोर्नो राज्य में हुई - एक ऐसा क्षेत्र जो लंबे समय से चरमपंथी हिंसा से ग्रस्त है, जहाँ बोको हराम जैसे समूह वर्षों से अपना दबदबा बनाए हुए हैं। ये दुर्भाग्यपूर्ण वाहन रान और गम्बोरू नगाला को जोड़ने वाली सड़क पर यात्रा कर रहे थे, तभी उनमें छिपे हुए विस्फोटक में विस्फोट हो गया। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि घायलों को तत्काल चिकित्सा उपचार के लिए निकटतम अस्पताल ले जाया गया।

## पाक को हथियार देने से पलटा तुर्की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का दावा था कि तुर्की के चार 130 सी हरक्युलस कराची और इस्लामाबाद में उतरे हैं। ये खबर जैसे ही पूरी दुनिया में फैली, वैसे ही तुर्की जवाब के लिए सामने आ गया। तुर्की ने साफ किया कि पाकिस्तान झूठ बोल रहा है। पाकिस्तान के झूठ की पोल खुद उसके दोस्त तुर्की ने खोल दी। तुर्की ने साफ किया कि पाकिस्तान में उसका कोई भी सी 130 हरक्युलस हथियारों के साथ नहीं उतरा है। बल्कि एक सी 130 हरक्युलस पाकिस्तान पहुंचा भी लेकिन वो सिर्फ उसके फाइटर जेट्स में तेल भरने के लिए। यानी पाकिस्तान तेल की कमी से जूझ रहा है। ये साफ हो गया और साथ ही ये भी साफ हो गया कि तुर्की के नाम पर पाकिस्तान कैसे झूठ बोल रहा है।

## ईरान का पहले यूरोपीय देशों से बात करने का प्रस्ताव

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच

### शनिवार से यूएस के साथ होनी है नये दौर की वार्ता

बहुप्रतीक्षित परमाणु वार्ता एक बार फिर चर्चा में है। ताजा घटनाक्रम में ईरान ने कहा कि 2015 के परमाणु समझौते पर यदि अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू होती है तो वह इस समझौते के यूरोपीय पक्षों से शुक्रवार को रोम में मुलाकात करना चाहेगा। ईरान के चार राजनयिकों ने यह भी कहा कि इस विचार पर यूरोपीय देशों की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह घटनाक्रम इसलिए भी खास है क्योंकि ईरान ने अमेरिका से पहले यूरोपीय देशों से बात करने पर जोर दिया है। ईरान अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता को आगे बढ़ाना चाहता है। पिछले सप्ताह रूस और चीन के साथ वार्ता के बाद ईरान-अमेरिका वार्ता शनिवार को ओमान में फिर से शुरू हुई। ओमानी अधिकारियों ने कहा है कि यूरोप में 3 मई को अमेरिका-ईरान वार्ता का नया दौर आयोजित किया जा सकता है। हालांकि इस बारे में कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया गया है। ई3 के नाम से जाने जाने वाले ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के साथ ईरान ने संपर्क किया है जिससे पता चलता है कि तेहरान अपने विकल्प खुले रख रहा है, लेकिन वह यह भी आकलन करना चाहता है कि अक्तूबर से पहले संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को फिर से लागू करने के मामले में यूरोपीय देशों का क्या रुख है।

## पाक के हमदर्द विधायक समेत 27 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत में रहकर पाकिस्तान का बचाव करने के आरोप में राज्य में अब तक कम से कम 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारियों की यह संख्या सोमवार रात तक की है। गिरफ्तार किए गए लोगों में विपक्षी दल ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) विधायक अमीन-उल-इस्लाम भी शामिल हैं, जिन पर पहलगाम हमले में पाकिस्तान और उसकी संलिप्तता का कथित रूप से बचाव करने के लिए राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। शनिवार को शर्मा ने कहा था कि यदि आवश्यक हुआ तो गिरफ्तार लोगों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के प्रावधान भी लगाए जाएंगे।

पाकिस्तान के पत्रकार का दावा

## लाखों रिटायर सैनिक भारत से लड़ने को तैयार

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए हमले के बाद पाकिस्तान के मीडिया में एक अजीबोगरीब कहानी चल रही है। ये कहानी वरिष्ठ पत्रकार जावेद चौधरी के दावे के बाद चर्चा में है। चौधरी ने घोषणा की है कि पाकिस्तान ने तुरंत 40 लाख सेवानिवृत्त सैन्यकर्मियों को तैनात कर दिया है, जो अपनी वर्दी पहनकर देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। चौधरी के अनुसार, इन दिग्गजों को निर्देश दिया गया है कि वे कार्रवाई के लिए तैयार रहें। रातों-रात इतने बड़े पैमाने पर लामबंदी का समन्वय करने की विशुद्ध रसद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के योग्य उपलब्धि होगी।

पाकिस्तान ने राष्ट्रीय मनोबल को बढ़ाने और संभावित खतरों को रोकने के लिए इस तरह की रणनीति अपनाई है। वर्तमान बयानबाजी देश की तैयारियों के बारे में घरेलू दर्शकों को आश्वस्त करने के लिए डिज़ाइन की गई लगती है, भले ही व्यावहारिकता संदिग्ध बनी रहे। इस दावे पर भारतीय रक्षा विशेषज्ञों की ओर से त्वरित और स्पष्ट प्रतिक्रियाएँ आईं, जिन्होंने इसे दिखावा करार दिया। उन्होंने टिप्पणी की कि पाकिस्तान के विपरीत, भारत को सेवानिवृत्त कर्मियों को बुलाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसके स्थायी सशस्त्र बल किसी भी सैन्य टकराव से निपटने में सक्षम हैं।

## प्रिया ठाकुर बनीं शेफ़, बनाई गरमागरम रोटियां!



टीवी सेट पर ऐसा रोज़ नहीं होता कि शो की लीड एक्ट्रेस खुद किचन संभाल ले, लेकिन ज़ी टीवी के शो 'वसुधा' की प्रिया ठाकुर ने हाल ही में ऐसा कुछ कर दिखाया। लंच ब्रेक के दौरान प्रिया ने प्यार भरा एक खास सरप्राइज़ दिया। उन्होंने अपने हाथों से 100 से ज्यादा गरमागरम रोटियां बनाईं और सेट पर ही लाइव रोटी काउंटर लगा दिया, जो पूरे कास्ट, क्रू और प्रोडक्शन टीम के लिए किसी तोहफ़े से कम नहीं था। स्क्रीन पर वसुधा जितनी मिलनसार और मजबूत नज़र आती है, प्रिया ठाकुर असल ज़िंदगी में भी वैसी ही हैं। टीम के लिए अपनेपन और सम्मान के भाव से उन्होंने खुद तवा संभाला और हर किसी के लिए ताज़ा गरम रोटियां बनाईं। जैसे ही रोटियों की ख़ुशबू फैली, सेट का माहौल ही जश्न जैसा हो गया। उनके को-स्टार्स और क्रू मेंबर्स ने उनकी कुकिंग की दिल खोलकर तारीफ़ की। प्रिया ठाकुर ने कहा, ''वसुधा के सेट पर हम सब एक परिवार जैसे हैं। हर दिन सब इतनी एनर्जी और दिल से काम करते हैं, तो मैंने सोचा क्यों न कुछ अलग और मज़ेदार किया जाए। तवे से उतरी हुई गरमा-गरम रोटियां प्यार जताने का सबसे अच्छा ज़रिया होती हैं। टीम की मदद से 100 से भी ज़्यादा रोटियां बन गईं और मज़े की बात ये रही कि पता ही नहीं चला कब बन गईं, क्योंकि वक्त बहुत प्यारा बीत रहा था। ये बस एक छोटा-सा प्यार भरा इशारा था, लेकिन इसने हम सबका दिन बना दिया।'' मालूम हो कि वसुधा रोज रात सवा दस बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## कॉमेडी मेरे लिये सांस लेने की तरह-विपिन हीरो



मॉडर्न कॉलोनी की गलियों में एक बार फिर रौनक लौट आई है और इसकी वजह है एण्डटीवी के लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' के सबसे पसंदीदा किरदारों में से एक मलखान सिंह की पर्दे पर वापसी। इस प्रतिष्ठित किरदार को विपिन हीरो निभायेंगे और निश्चित रूप से शो में हंसी-मजाक और पुरानी यादों के साथ एक नई ताजगी लेकर आयेंगे। एक खास बातचीत में विपिन हीरों नक कहा कि, ''भाबीजी घर पर हैं' का हिस्सा बनना सपने के जैसा लग रहा है। मलखान का किरदार निभाना, जोकि दर्शकों के दिलों के बेहद करीब है, एक बड़े सम्मान की बात है। विपिन हीरों ने खास बातचीत में कहा कि ''मेरे लिए कॉमेडी सांस लेने की तरह है। यह वो जगह है जहां मुझे सबसे ज्यादा जीने का एहसास होता है और लोगों से जुड़ा हुआ महसूस होता है। किसी को हंसाना एक तोहफा है, और इससे मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है। खासकर 'भाबीजी घर पर हैं' जैसे शो के जरिए, जो हर घर में खुशियाँ फैलाता है, यह बेहद संतोषजनक लगता है। मलखान का किरदार निभाने से मुझे वो खूबसूरत मौका मिलता है, जो मैं सबसे ज्यादा पसंद है और वो है लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाना।'' उन्होंने कहा कि ''मलखान कोई आम किरदार नहीं है; वह एक विरासत लेकर आता है। लेकिन इस सफर को आसान बनाने में मेरी को-एक्टर्स का बहुत बड़ा हाथ है। सभी ने मुझे इतना प्यार और धैर्य दिखाया, जिससे मुझे किरदार के हर पहलू को समझने में मदद मिली, चाहे वो उसके पंचलाइन बोलने का तरीका हो या उसकी शरारत भरी बॉडी लैंग्वेज।मलखान सिंह का किरदार निभाना मेरे लिए सिर्फ एक मौका नहीं, बल्कि एक खास एहसास है। सेट पर मैंने देखा कि वैभव माथुर (टीका), सलीम जैदी (टीलू), रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी) और सोमा राठौड़ जी (अम्मा जी) ने कुछ पल के लिए मुझे देखा, और उनकी आंखों में गहरी भावना थी।''

बाजार दर्पण

AWPL

परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें

सुख और समृद्धि दोनो पायें

आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें



जय किशन यादव

फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट

पता– 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज

मो. 9935657889



उत्सव लॉन्स

गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089